आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 232, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com




अभिषेक के शतक से जीता भारत 13
अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज 14









**जगन्नाथ रथ यात्रा**

पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हो गई है। जगन्नाथ मंदिर में तीन घंटे के पहांडी अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा रथों पर सवार किया गया। इस दौरान भगवान के रथ को खींचने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## पुरी रथ यात्रा : भगदड़ में एक की मौत 5 लोग घायल, 300 अस्पताल में भर्ती

पुरी, एजेंसी

- अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में एक की हालत गंभीर

ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी में रविवार को श्रीजगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा की वार्षिक रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर है।

हादसा उस समय हुआ जब भगवान बलभद्र के तालध्वज के रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मच गई। सूत्रों ने बताया कि भगदड़ हिंदी स्कूल के पास हुई, जहां एक 60 वर्षीय व्यक्ति बेहोश हो गया। उसे जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। भगदड़ में घायल पांच अन्य श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा रथ यात्रा का तीन किलोमीटर लंबा बड़ाडांडा मार्ग (जो असल में जन सैलाब में बदल गया था) की उच्च आर्द्रता की स्थिति के कारण निर्जलीकरण और दम घुटने के कारण 300 से अधिक भक्तों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला प्रशासन की मुस्तैदी के कारण भगदड़ में जनहानि नाम मात्र की हुई। प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में मौत होने की घटना के बाद कुछ अधिक ही एहतियाती उपाय किए थे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस के फुलराई मुगलगढ़ी गांव में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी।

## गड़बड़ी पर दोबारा होगी सीयूईटी-यूजी

- 15 से 19 जुलाई तक होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सीयूईटी-यूजी परीक्षा के आयोजन को लेकर उम्मीदवारों की ओर से किसी भी शिकायत के सही पाए जाने पर 15 से 19 जुलाई तक उनके लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एनटीए ने स्नातक प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी भी जारी कर दी है जिससे नतीजों की घोषणा का रास्ता साफ हो गया है। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवार नौ जुलाई को शाम छह बजे तक उत्तर कुंजी के लिए अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

### एक नजर

#### एनसीडब्ल्यू प्रमुख पर टिप्पणी, महुआ पर केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो पर टिप्पणी की, जिसमें शर्मा को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ वाली जगह पर पहुंचते हुए दिखाया गया था। मोइत्रा ने बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया था। मूल पोस्ट में एक व्यक्ति को छाता पकड़ कर राष्ट्रीय महिला आयोग प्रमुख के पीछे चलते हुए दिखाया गया था।

#### नगर निकाय उप चुनाव के लिए मतदान आज

**लखनऊ।** प्रदेश में नगर निकायों के सदस्यों के रिक्त पड़ी सीटों पर चुनाव के लिए मतदान 8 जुलाई को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 29 जिलों में नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में सदस्यों के रिक्त पदों पर चुनाव होना हैं। इसमें देवरिया, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, फतेहपुर, प्रतापगढ़, गोरखपुर आदि के जिलों के नगर निकाय शामिल हैं। मतगणना 10 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

# नेपाल से छोड़ा पानी, 13 गांव खाली कराए

## श्रावस्ती में बाढ़ में फंसे 11 और कुशीनगर जनपद में 76 लोगों को किया गया रेस्क्यू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती के 18 गांव के करीब 400 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया
- मुख्यमंत्री के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मुस्तैदी बढ़ाने के आदेश के बाद शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

**अमृत विचार :** नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद शनिवार रात अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 87 लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया है। पानी छोड़े जाने की सूचना रात्रि 8 बजे राज्य सरकार को मिली इसके बाद बचाव कार्यों की तैयारी हुई और आधी रात से 3 बजे तक आपरेशन चला। 13 गांव खाली कराए गए। इस दौरान कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 20 मवेशियों को भी बचाया गया। रविवार को भी बाढ़ प्रभावित 18 गांव के लगभग चार सौ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि शनिवार रात लगभग आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को श्रावस्ती के तहसील जमुनहा की ग्राम पंचायत गजोभरी के ग्राम मोहनपुर भरथा एवं केवटन पुरवा में नेपाल से अचानक छोड़े गए पानी में 11 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, जिसमें तीन बच्चे, पांच महिलाएं और 3 पुरुष थे। तत्काल श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को जानकारी दी गई। वे अपनी टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंचे।

जिला प्रशासन एवं फ्लड पीएसी की टीमों ने ज्वॉइंट रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और लगभग सात-आठ घंटे में सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद राप्ती बैराज स्थित गेस्ट हाउस पहुंचाया गया। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने बताया कि सभी पीड़ितों का प्राथमिक उपचार और खाना खिलाने के बाद उन्हे उनके गांव में सुरक्षित भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल से छोड़े गए पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के जिलाधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट शासन को देने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजा देने के भी आदेश हैं।



श्रावस्ती के रेहरा गांव में राहत व बचाव कार्य में लगे एनडीआरएफ के जवान।

### नेपाल ने 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा

राहत आयुक्त ने बताया कि शनिवार रात नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद देवघाट बैराज से 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस पर कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को बड़ी गंडक में बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना पर तहसील खड्डा के गांवों के प्रभावित होने की जानकारी दी। इसके बाद कुशीनगर जिलाधिकारी ने ही अपनी टीम के साथ तहसील खड्डा के प्रभावित 13 गांवों का निरीक्षण किया। साथ ही गांववासियों से गांव को खाली करने की अपील की।

### राप्ती खतरे के निशान से ऊपर, दो की मौत

बलरामपुर संवाददाता के अनुसार नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में हो रही भारी बारिश के चलते रविवार को जिले में राप्ती नदी ने लाल निशान पार कर लिया है। नदी का जलस्तर दो सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। राप्ती नदी में आई बाढ़ के चलते करीब 50 गांव में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। निचले इलाकों में पानी भरने से कई मार्गों पर आवागमन ठप है। सरयू नहर में डूबकर कलवारी गांव निवासी राजकिशोर और तालाब में डूबकर लौकहवा बालापुर निवासी मनीराम की मौत हो गई है।

### टापू पर फंसे 76 लोगों को सुरक्षित निकाला

राहत आयुक्त के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान तहसील खड्डा के नारायणपुर के एक टापू पर कुछ लोगों के साथ मवेशियों के फंसे होने की जानकारी मिली, जिसके बाद एनडीआरएफ और पीएसी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद 76 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। इस दौरान टीम ने 20 मवेशियों को भी सुरक्षित बचाया। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पौष्टिक और गरम खाने के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मवेशियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## सत्संग में कुछ लोगों ने खोले थे जहरीले पदार्थ के डिब्बे

नई दिल्ली, एजेंसी

**हाथरस हादसा**

- भोले बाबा के अधिवक्ता का दावा इसी वजह से मची थी भगदड़

हाथरस हादसे के आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह ने रविवार को दावा किया कि दो जुलाई को हाथरस में हुए सत्संग के दौरान भीड़ में कुछ लोगों ने जहरीले पदार्थ से भरे डिब्बे खोले थे, जिससे भगदड़ मच गई।

नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में अधिवक्ता ने भगदड़ के पीछे साजिश का आरोप लगाया। कहा कि यह साजिश भोले बाबा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए रची गई। अधिवक्ता ने दावा किया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने उनसे संपर्क किया और बताया कि वहां 15-16 लोग जहरीले पदार्थ के डिब्बे लेकर आए थे और भीड़ में खोल दिया। अधिवक्ता ने कहा कि मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उनकी मौत चोट के कारण नहीं, दम घुटने से हुई है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर लोगों को भागने में मदद करने के लिए वाहन खड़े थे। उनके पास सबूत हैं।

### राहुल की योगी को चिट्ठी

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने मुआवजा राशि बढ़ाने व समय पर उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में राहुल गांधी ने हाथरस हादसा स्थल पर स्वयं के पहुंचने व यथास्थिति की जानकारी साझा की है।

### न्यायिक आयोग ने की स्थानीय लोगों से पूछताछ

**लखनऊ।** हादसे की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने रविवार को घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अलावा अधिकारियों से पूछताछ की। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में पूछताछ के दौरान हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल भी मौजूद थे।

## बीएमडब्ल्यू ने टक्कर मारी, महिला की मौत

मुंबई, एजेंसी

- मुंबई में पुणे जैसा हादसा, शिवसेना नेता की बताई जा रही बीएमडब्ल्यू

मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह बीएमडब्ल्यू कार ने एक दुपहिया वाहन को टक्कर मारी दी जिससे एक महिला की मौत हो गई। कार चालक राजेश शाह और सवार राजश्री राजेंद्रसिंह बिदावत पर मामला दर्ज कर कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। वर्ली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कावेरी नखवा (45) सुबह करीब साढ़े पांच बजे एनी बेसेंट रोड पर पति प्रदीप के साथ बाइक से जा रही थीं तभी बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने टक्कर मार दी जिससे कावेरी सड़क पर गिर गईं। कावेरी को सरकारी नायर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

यह पूछने पर कि क्या इस दुर्घटना में शामिल व्यक्ति शिवसेना के एक नेता का बेटा है, इस पर मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और सरकार हर मामले को एक ही नजरिए से देखती है। दो महीने से भी कम समय पहले 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में पोर्श कार दुर्घटना हुई थी जिसमें नशे में गाड़ी चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिसमें दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

## तालाब में डूबकर दो बहनों की मौत

संवाददाता, तिलहर (शाहजहांपुर)



ज्योति



आरती

- बरेली के बिहारीपुर भमौरा की रहने वाली थीं दोनों बहनें
- तिलहर के राजनपुर में मामा के घर तीन साल से रह रही थीं
- गुड़गांव स्थित फैक्ट्री में काम करते हैं मां-पिता

**अमृत विचार :** तालाब में नहाने गईं दो बहनों की डूबकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के शवों को दफना दिया। लेखपाल ने गांव पहुंचकर मामले की जांच के बाद रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी है।

बरेली के बिहारीपुर भमौरा निवासी अच्छू की दो बेटियों ज्योति (14) और आरती (16) तिलहर क्षेत्र के गांव राजनपुर में मामा विजय कुमार के घर तीन साल से रह रही थीं। पिता अच्छू और मां प्रेमशीला गुड़गांव में फैक्ट्री में काम करते हैं। उनके साथ बेटा यश (14) रहता है। मां प्रेमशीला एक सप्ताह पहले पेट दर्द से परेशान होने की वजह से इलाज के लिए भाई विजय के घर आई थी।

शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे ज्योति और आरती गांव में घर से थोड़ी दूरी पर तालाब में नहाने चली गईं। तालाब के पास उन्होंने अपने पालतू कुत्ते को नल में जंजीर से बांध दिया। शाम चार बजे तक दोनों बहनें घर नहीं पहुंचीं तो तलाश शुरू हुई। तालाब के पास कुत्ता बंधा मिला, तालाब में ज्योति के बाल दिख रहे थे, इससे अंदाजा लग गया कि दोनों बहने डूब गई हैं। ज्योति का गांव के लोगों ने शव निकाल लिया, लेकिन आरती का शव नहीं मिल रहा था।

लोगों ने कुत्ते को खोला तो वह तालाब में उसी जगह पर कूदा, जहां पर आरती का शव नीचे था। जब गोताखोरों ने उस जगह पर तलाश किया तो आरती का शव मिल गया। दोनों बहनों से एक और बड़ी बहन पूजा है, जिसकी शादी हो गई है।

## तालाब में 7 बच्चे डूबे, 4 की मौत

संवाददाता, आगरा

- पुलिस ने एक महिला व तीन बच्चों को बचाया
- तंबू लगाकर रह रहे थे कानपुर औरेया के लोग
- खंदौली में यमुना एक्सप्रेस वे के निकट हादसा

**अमृत विचार :** खंदौली थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास बने तालाब (गड्ढे) में रविवार सुबह नहाने गए सात बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे। बच्चों को डूबते देख एक महिला भी तालाब में कूदी तो वह भी डूबने लगी। पता चलने पर पास ही खेल रहे कुछ युवक तत्काल तालाब पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों की मदद से पहले तीन बच्चों तथा एक महिला को बाहर निकाला गया। ये चारों गंभीर हालत में थे।

पुलिस ने इनको तत्काल एसएन अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही अन्य चार बच्चों की तालाब में तलाश जारी रही। कई घंटे की मशक्कत के बाद इन चारों बच्चों को भी बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सीडीओ प्रतिभा सिंह तथा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने एसएन अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती महिला और तीनों बच्चों को उच्च स्तरीय इलाज सुनिश्चित कराया। ये बच्चे कानपुर और औरेया के रहने वाले थे। इनके परिजन एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज के पास तंबू लगाकर रहते हैं।

मरने वालों में सभी बच्चियां हैं, जिनके नाम अनुराधा (9) व नेहा (11), पुत्री अजय व खुशी (10), पुत्री हरदौल निवासी मंगलपुर, जिला कानपुर देहात तथा चांदनी (14), पुत्री हरनाम निवासी नारायणपुर जिला औरैया हैं।



तालाब में बच्चों की तलाश करते गोताखोर।

## राजौरी में सैन्य शिविर पर आतंकियों ने किया हमला, एक जवान घायल

- मंजाकोट इलाके में गोलीबारी का जवानों ने दिया करारा जवाब

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक जवान घायल हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने मंजाकोट इलाके में गलुथी गांव में सेना की चौकी पर रविवार तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली तथा गोलीबारी का करारा जवाब दिया। करीब आधा घंटे तक हुई गोलीबारी के दौरान एक जवान गोली लगने से घायल हो गया, उसे तुरंत वहां से निकाल लिया गया। जवानों के मोर्चा संभालने पर आतंकी निकट के जंगल में भाग गए। सेना ने पुलिस के साथ मिलकर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया है।

### कुलगाम में दो और आतंकवादियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में कुल छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से चार शव बरामद किए गए थे। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई थी। जिसमें एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं। स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी।

## भारी बारिश व भूस्खलन से मैदान से पहाड़ का संपर्क टूटा

- 13 स्टेट हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध

संवाददाता, हल्द्वानी

**चकलुवा में पुलिया बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद, मलबा आने से हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे ठप**

**अमृत विचार :** तीन दिन से लगातार हो रही बारिश व भूस्खलन के चलते कुमाऊं में मैदान का पहाड़ से संपर्क पूरी तरह कट गया है। नैनीताल व चंपावत जिले से पहाड़ को जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध हैं। शनिवार रात को निहाल नदी में पानी के तेज बहाव से चकलुवा में पुलिया के नीचे की जमीन बह जाने से हल्द्वानी-कालाढूंगी-देहरादून मार्ग बंद हो गया। मलबा आने से बंद टनकपुर-तवाघाट हाईवे को रविवार देरशाम 24 घंटे बाद खोल दिया गया।

कुमाऊं में शुक्रवार रात से लगातार हो रही बारिश से रफ्तार थम गई है। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे पर दोपाटी व क्वारब के पास भूस्खलन होने से आवाजाही ठप हो गई है। इस स्थान पर शनिवार रात भारी मात्रा में मलबा आने से हाईवे पर आवाजाही रविवार को ठप रही। धानाचूली-खुटानी मार्ग भी मलबा आने से बंद हो गया है। वाया रामगढ़ अल्मोड़ा जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की वजह से बंद है।

रामनगर-रानीखेत मार्ग शनिवार को मोहान के पास एक पुल ध्वस्त हो जाने से बंद हो गया था। इधर, शनिवार रात निहाल नदी में तेज बहाव की वजह से चकलुवा के पास स्थित पुलिया के नीचे का हिस्सा बह गया। जिससे हल्द्वानी से कालाढूंगी होकर देहरादून जाने वाला स्टेट हाईवे बंद हो गया। इस मार्ग के बंद होने से हल्द्वानी से रामनगर, देहरादून अब वाया रुद्रपुर आवाजाही हो रही है।



चकलुवा में पुलिया के नीचे का हिस्सा बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद हो गया।

### अब रेड की जगह बारिश का येलो अलर्ट

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल में तीन दिनों में मूसलाधार बारिश हुई। सोमवार को भी बारिश होने के आसार हैं लेकिन रेड की जगह अब येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार सोमवार को नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं भारी तो कहीं अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। देहरादून, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में भी बारिश हो सकती है। रविवार को गदरपुर में 104 मिमी, नैनीताल में 87 मिमी, हल्द्वानी में 118 मिमी, लोहाघाट में 82 .5 मिमी बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 32 .4 डिग्री रहा यहां केवल दो मिमी बारिश दर्ज की गई।

## बीएसए ने बीईओ को दिए मदरसों की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश, बिना मान्यता के संस्थानों में पढ़ रहे हैं 1663 बच्चे

# सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे बिना मान्यता प्राप्त 26 मदरसों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जनपद में बिना मान्यता प्राप्त 26 मदरसे संचालित किए जा रहे हैं। इन मदरसों में अध्ययनरत गैर मुस्लिम बच्चों को चिन्हित कर औपचारिक शिक्षा दिलाने के लिए परिषदीय और सहायता प्राप्त स्कूलों में उनका नामांकन कराया जाएगा। इस संबंध में बीएसए दिव्या गुप्ता ने खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को निर्देश जारी कर दिए हैं। गैर मान्यता प्राप्त सभी 26 मदरसों में लगभग 1663 बच्चे अध्ययनरत हैं।

डीएम के निर्देश पर बीएसए दिव्या गुप्ता ने खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया है कि वह अपने क्षेत्र के मदरसों की जांच कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि जांच रिपोर्ट के आधार पर आख्या शासन को भेजी जा सके। बीएसए ने डीएम के हवाले से कहा है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा सरकारी वित्त पोषित मदरसों में प्रवेशित गैर मुस्लिम बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलवाया जाए। साथ ही अनमैप्ड मदरसों की मैपिंग करवाकर उनमें भी प्रवेशित बच्चों को औपचारिक शिक्षा उपलब्ध कराने से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बीईओ को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने विकास क्षेत्र में गैर मुस्लिम बच्चों को दाखिला

- **मदरसों की मैपिंग भी कराई जाएगी**
- **गैर मुस्लिम बच्चों का होगा भौतिक सत्यापन**

देने वाले सभी सरकारी वित्त पोषित/ मान्यता प्राप्त मदरसों की विस्तृत जांच करें। जांच में ऐसे मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का भौतिक सत्यापन भी किया जाए। इसके अतिरिक्त जनपद में संचालित गैर मान्यता प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत सभी छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। दिव्या गुप्ता ने बताया कि जनपद में 26 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित मिले हैं, इनके अलावा भी कोई ऐसे मदरसे पाए जाते हैं तो उनकी सूचना भी एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराई जाए।

### सर्वाधिक 13 सदर में और सबसे कम दो मदरसे जलालाबाद में संचालित

जिले में संचालित बिना मान्यता प्राप्त मदरसों में सर्वाधिक 13 मदरसे तहसील सदर में और सबसे कम दो मदरसे तहसील जलालाबाद में हैं। इनके अतिरिक्त तिलहर में आठ और पुवायां में तीन मदरसे बिना मान्यता के संचालित हैं। गैर मान्यता के संचालित मदरसों में तहसील सदर में दारूल उलूम गरीब नवाज कांट, मदरसा फैजाने मदीना जियाउल किरआत कटिया कम्मू, मदरसा अरबिया अनवारूल उलूम हयातपुरा, मदरसा गुलजारे मदीना नुसरतपुर उर्फ बाडीगांव, मदरसा अलजानियातुल इस्लामिया जियाखेल, मदरसा जामिया हफसा लिल बनात, मदरसा खादिमुल इस्लाम नुसरतपुर बाडीगांव, मदरसा फैजुल उलूम रावतपुर मोड़ कांट, मदरसा दारुल कुरान रहमानिया दलेलगंज, मदरसा दारुल उलूम हुसैनिया अहमदपुर, मदरसा कादरिया उवैसिया लिलकरात ईदगाह, मदरसा कासिम उल उलूम बाडूजई, मदरसा दारुल उलूम रजा-ए-मुस्तफा ककराकलां शामिल हैं। इनके अतिरिक्त तिलहर तहसील में मदरसा गुलशने कादरिया, मदरसा अलजामीतुल गौसिया निगोही, मदरसा जमीयतुज्जहरा खैरपुर, मदरसा बरकते रजा फैजुल कुरान मंसूरपुर, मदरसा गुलशने रजा गरीब नवाज उम्मरपुर, मदरसा जामिया रजविया अमीन उल उलूम खैरपुर, मदरसा अलजामियातुल चश्तिया अरबी फारसी कालेज कटरा और मदरसा सिराजउल उलूम डभौरा, पुवायां में मदरसा अहलेसुन्नत फैजुल उलूम नूरी बड़ागांव, मदरसा तहरीने मिल्लत जादौंपुर कलां, मदरसा फैजाने गौसुल आजम जादौंपुर कला खुटार तथा जलालाबाद में मदरसा दारूल उलूम गुलशने तहहसीनिया और मदरसा जामिया मोहम्मदिया फैजुल उलूम मालूपुर शामिल हैं।

### मंदिर के ऊपर झूलते तारों से खतरा



**रौसर कोठी।** नरायन ठाकुरद्वारा मंदिर की दूर-दूर तक मान्यता है। विशेष अवसरों पर पूजन के लिए आसपास के गावों के सैकड़ों श्रद्धालु उमड़ते हैं, लेकिन मंदिर के ठीक ऊपर बिजली के तारों का जाल बिछा है, जिससे बारिश में कभी भी कोई घटना हो सकती है। क्षेत्र वासियों ने बताया कि बिजली विभाग को कई बार सूचित किया गया, लेकिन समस्या हल नहीं हो सकी। क्षेत्र वासियों का कहना है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी धरने पर बैठेंगे।

### अभाविप के प्रांत सह संयोजक बने अनुज



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग अलीगढ़ में हुआ। जिसमें पूरे प्रांत से छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने भाग लिया। इसमें शाहजहांपुर से कुल बीस लोगों ने भाग लिया। जिसमें अभ्यास वर्ग के आखिरी दिन नवीन दायित्वों की घोषणा की गई, जिसमें जनपद से अनुज जौहरी को प्रांत सह संयोजक एसएफएस बनाया गया। बता दें कि अनुज पूर्व में अभावीप के महानगर सहमंत्री, महानगर मंत्री, विभाग सह संयोजक रह चुके हैं। उनको नवीन दायित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। जिसमें महानगर सह मंत्री वैभव सक्सेना आयुष श्रीवास्तव, नमन, आलोक, विपुल आदि कार्यकर्ता रहे।

### एक नजर

#### आज से दो दिन बंद रहेंगे आठवीं तक के स्कूल

**शाहजहांपुर।** जिले में लगातार हो रही बरसात और अगले दो दिन में बरसात के अलर्ट को देखते हुए कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को दो दिन स्कूल नहीं जाना पड़ेगा। बीएसए दिव्या गुप्ता ने डीएम के निर्देशों का हवाला देते हुए बताया कि जिले में संचालित सभी बोर्डों के स्कूलों में आठ और नौ जुलाई का अवकाश घोषित किया गया है।

#### लापता दो किशोरी बरामद

**कलान।** क्षेत्र की एक किशोरी कथा वाचक के साथ एक सप्ताह पूर्व गायब हो गई थी, जिसकी तलाश में पुलिस ने कई जगह दबिश दी लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं नगर की एक किशोरी का दिनदहाड़े अपहरण होने का मुकदमा तीन लोगों पर दर्ज होने के बाद पुलिस की सक्रियता और बढ़ गई थी। कलान थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने टीमें गठित कर उनकी तलाश में कई जगह दबिश दी लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी लेकिन शनिवार को पुलिस ने उक्त दोनों किशोरियों को दूसरे जनपद से बरामद कर लिया। जिन्हें न्यायालय में पेश कर बयान दर्ज कराए जाएंगे।

# 10092 परीक्षार्थियों ने दी सीटीईटी परीक्षा, 1996 ने छोड़ी

## 19 केंद्रों पर शांतिपूर्वक निपटी परीक्षा, 12088 परीक्षार्थी थे आवंटित, सभी केंद्रों पर रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रविवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) जिले में 19 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 12088 परीक्षार्थी आवंटित किए गए थे। परीक्षा में 10092 परीक्षार्थी शामिल हुए और 1996 अनुपस्थित हो गए। सुरक्षा के लिहाज से सभी केंद्रों पर पुलिसबल तैनात किया गया था। परीक्षार्थियों की गहन तलाशी के बाद परीक्षा कक्ष जाने दिया गया।

नोडल अधिकारी राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि प्रथम पाली के लिए जूनियर वर्ग की परीक्षा हुई, जिसके लिए 8499 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली की परीक्षा में 7140 परीक्षार्थी शामिल हुए और 1359 अनुपस्थित हो गए। इसी तरह द्वितीय पाली में प्राथमिक वर्ग की परीक्षा में 3589 परीक्षार्थी आवंटित थे, जिसके सापेक्ष 2952 परीक्षा में शामिल हुए और 637 गैरहाजिर हो गए। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हालांकि बरसात का मौसम होने के कारण बड़ी संख्या में महिला-पुरुष परीक्षार्थी अपने केंद्रों पर समय से काफी पहले ही जुटने शुरू हो गए थे। बरसात में भीगने के डर से परीक्षार्थियों ने समय से पहले ही पहुंचना मुनासिब समझा। द्वितीय पाली में पेपर छूटने पर बारिश शुरू भी हो चुकी थी, तमाम परीक्षार्थी भीगते हुए ही केंद्रों से बाहर निकले। यह पहला अवसर था कि किसी परीक्षा में सरकारी शिक्षण संस्थाओं के बजाय सीबीएसई बोर्ड से संचालित स्कूलों को ही केंद्र बनाया गया था।



डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



तक्षशिला पब्लिक स्कूल केंद्र पर सीटिंग प्लान देखते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

#### दन केंद्रों पर हुआ आयोजन

सीटेट परीक्षा के लिए लिटिल फ्लावर कांवेंट स्कूल पुवायां, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ, कर्नल एकेडमी ग्लोबल, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली, फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल पिपरोला, केंद्रीय विद्यालय एक और दो, रॉयन इंटरनेशनल स्कूल, सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, डॉ. जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल, गुरु तेगबहादुर एजूकेशनल एकेडमी बंडा, दून इंटरनेशनल स्कूल, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, मारवाह माडर्न स्कूल पुवायां, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, द मंसूरी इंटरनेशनल स्कूल और रोजी पब्लिक स्कूल जलालाबाद को केंद्र बनाया गया था।



द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल के बाहर बरसात के चलते दुकानों पर बैठे परीक्षार्थी।

## सभासद उपचुनाव के लिए आज होगा मतदान

**तिलहर, अमृत विचार:** तहसीलदार ने आज होने वाले नगर पालिका परिषद सभासद उपचुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया। रविवार को हुए प्रशिक्षण के बाद उन्हें मतदान केंद्र के लिए रवाना किया।

नगर पालिका के वार्ड संख्या 13 में 8 जुलाई को मतदान होगा। मतदान को लेकर नगर पालिका बोर्ड हाल में तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने पोलिंग पार्टी के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। पुलिस कर्मियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि कोई भी मतदाता मतदान बूथ के अंदर मोबाइल नहीं लेकर आने दिया जाएगा और बूथ एजेंट को भी मोबाइल लाने पर पाबंदी लगाई गई है। तहसीलदार ने बताया कि चुनाव काकड़ मोहल्ला स्थित नवीला मांटेसरी स्कूल में दो बूथों पर सुबह सात बजे से होगा। चुनाव में कुल मतदाता 1882 है। मतदान करने के लिए दो पोलिंग पार्टियों के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया और एक एक्स्ट्रा पार्टी रखी गई है।

# वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में सफर करने पर हो सकती है जेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ट्रेन में स्लीपर कोच के वेटिंग टिकट पर अब स्लीपर कोच में यात्रा नहीं कर सकते है। यदि वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में सफर करते पकड़े गए तो रेलवे एक्ट के तहत जेल जाना पड़ेगा। वेटिंग टिकट पर जनरल कोच में ही सफर कर पाएंगे। स्लीपर कोच में वेटिंग टिकट पर प्रतिबंध जग जाने से अब जनरल कोच में पैर रखने की जगह तक नहीं होती है। इधर स्लीपर कोच में सफर आरामदायक हो गया है।

प्रायः देखा जाता था कि स्लीपर कोच में टिकट कंफर्म न होने से वेटिंग में रिजर्वेशन करा लेता था। ट्रेन के समय तक कंफर्म न होने पर यात्री वेटिंग टिकट लेकर सफर कर लेता था। कोच में टीटीई वेटिंग टिकट देखकर चला जाता था। जबकि नियम पहले से था कि वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में यात्रा नहीं कर सकते है क्योंकि स्लीपर कोच में आए दिन कंफर्म टिकट वाले यात्रियों की वेटिंग टिकट वाले यात्रियों से बर्थ पर बैठने को लेकर विवाद होता था। यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे बोर्ड को थी। रेल प्रशासन ने वेटिंग वेटिंग टिकट को लेकर सख्ती अपनाई है। अब वेटिंग टिकट से ट्रेन के स्लीपर कोच में सफर नहीं कर सकते है। सफर करते समय बिना टिकट माने जाएंगे। स्लीपर कोच में पकड़े जाने पर रेलवे एक्ट 155 के तहत जेल जाना पड़ सकता है। स्लीपर कोच के वेटिंग टिकट पर 60 रुपये तथा कंफर्म टिकट पर 120 रुपये कटते है। मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों ने सभी सीआइटी को निर्देश दिए है कि वेटिंग टिकट का यात्री स्लीपर कोच में सफर न करें। एक जुलाई से सख्ती हो जाने से स्लीपर कोच का सफर तो आसान हो गया लेकिन वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में प्रतिबंध लग जाने से जनरल कोच में भीड़ बढ़ गई है और पैर रखने की जगह नहीं है।



ट्रेन के जनरल कोच में यात्रियों की भीड़।

- **रेल प्रशासन ने शुरू की सख्ती जनरल कोच में बढ़ी भीड़**

> वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में सफर नहीं कर सकते है। ट्रेनों में कड़ाई से पालन किया जा रहा है।
> **- एके ठाकुर**, सीएमआई

## झारखंड ससुराल गया युवक लापता मां ने लगाई गुहार

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सहवेगपुर निवासी सरला कश्यप पत्नी स्वर्गीय जगन्नाथ कश्यप ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके पुत्र राजीव की शादी दो माह पूर्व झारखंड प्रांत से हुई थी। जिसमें उसने एक लाख रुपये थाना जैतीपुर के अंतर्गत गांव नौबतिया निवासी एक व्यक्ति को दिए थे।

उसका पुत्र राजीव एक सप्ताह पूर्व अपनी ससुराल झारखंड गया था, जहां ससुराल वालों ने उसकी पत्नी अंजू को नहीं भेजा। उसकी पुत्र राजीव से मोबाइल द्वारा 30 जून तक बात होती रही लेकिन अब मोबाइल बंद जा रहा है। अभी तक राजीव का कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित मां सरला कश्यप ने थाना प्रभारी कलान से सर्विलांस के जरिए पता लगवाए जाने की मांग की है।

# रोजा में प्लेटफार्म एक पर तोड़फोड़ शुरू, नहीं आएंगी ट्रेनें

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल में रोजा रेलवे स्टेशन पर रविवार को नान इंटरलाकिंग का कार्य शुरु हो गया है। पहले दिन प्लेटफार्म एक पर पर तोड़ फोड़ शुरु हो गई। इस दौरान प्लेट फार्म एक पर ट्रेन तथा मालगाड़ी को नहीं लिया जाएगा। इधर नान इंटरलाकिंग को लेकर राज्यरानी एक्सप्रेस के निरस्त तिथि में परिवर्तन किया गया है।

रोजा रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग कार्य सात जुलाई से एक माह के लिए होगा। इस दौरान 96 ट्रेनें प्रभावित होगी तथा 60 ट्रेनें निरस्त रहेगी। कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

अलग-अलग तिथियों में डाउन तथा अप लाइन की शाहजहांपुर-बालामऊ पैसेंजर, शाहजहांपुर-सीतापुर पैसेंजर, रोजा से बरेली पैसेंजर, राज्यरानी एक्सप्रेस, मुगलसराए एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, त्रिवेणी एक्सप्रेस, बरेली-प्रयाग पैसेंजर आदि ट्रेनें निरस्त रहेगी। इधर रोजा रेलवे स्टेशन में पहले दिन रविवार को नॉन इंटरलाकिंग का कार्य रेल पथ निरीक्षक तथा निर्माण निरीक्षक सेक्शन इंजीनियर की देखरेख में शुरु हुआ है। प्लेटफार्म एक पर तथा डीजल पंप के पास तोड़ी फोड़ की गई। रेलवे पटरी पर भी कार्य किया गया।

इधर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि अब डाउन लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस 3 अगस्त से 6 अगस्त तक तथा अप लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस दो अगस्त से 5 अगस्त तक निरस्त रहेगी। डाउन लाइन की सहारनपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस 23 जुलाई से चार अगस्त तथा अप लाइन की प्रयागराज-सहारनपुर एक्सप्रेस 22 जुलाई से चार अगस्त तक निरस्त नहीं रहेगी। समय सारणी के अनुसार संचालित होगी।



रोजा में प्लेटफार्म एक पर नवनिर्माण के लिए तोड़फोड़ करते मजदूर। ● अमृत विचार

- **राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त, नॉन इंटरलाकिंग का कार्य शुरु**

# जेसीएम तृतीय के सदस्य बनने पर अमन का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ओसीएफ कर्मचारी अमन कुमार सक्सेना को राष्ट्रीय स्तर पर आयुध निदेशालय में जेसीएम तृतीय का सदस्य नामित किया गया है। शनिवार को फैक्ट्री के वरिष्ठ महाप्रबंधक के पास संबंधित पत्र के माध्यम से सूचना दी गई।

अमन कुमार सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ (आईएनडीडब्ल्यूएफ) के पांच सदस्यों को राष्ट्रीय स्तर पर नामित किया जाता है, जिसमें उत्तर भारत की फैक्ट्रियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें अवसर दिया गया है। ऑल इंडिया स्तर पर जेसीएम तृतीय का सदस्य नामित होने पर साथी कर्मचारियों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में यूनियन अध्यक्ष मुकेश कुमार, महामंत्री वसीम अहमद समेत अमित कुदेशिया, सत्येंद्र गौतम, विमल सक्सेना, रफीक अहमद, शबाब अहमद, संजीव दिवाकर, चंद्रप्रकाश, प्रमोद सक्सेना, रवि कमल, परवेज़, राहुल, अंकित, अभिषेक, देवी सरन, जौखीराम, नवीन, भानू, अमित सक्सेना आदि शामिल रहे।

- **ओसीएफ के कर्मचारियों और यूनियन के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाईं**



जेसीएम सदस्य नामित होने पर अमन सक्सेना का स्वागत करते ओसीएफ कर्मचारी।

# डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई, 10 का किया चालान



चेकिंग के दौरान डग्गामार वाहन चालक से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार



थाने में निरीक्षण करते एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर हाईवे पर डग्गामार वाहन खड़े कर जाम लगाने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस ने दस वाहनों का चालान किया।

शनिवार को तहसील दिवस में अधिकारियों के सामने डग्गामार वाहनों का मामला आया था, जिसमें एसडीएम ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए थे कि डग्गामार वाहनों से अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएं। वहीं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर पुवायां कोतवाल प्रदीप राय ने रविवार को राजीव चौक से लेकर सभी सड़कों पर ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दस वाहनों का चालान भी किया। वहीं इन्हें संरक्षण देने वाले और डग्गामार वाहनों के चक्कर तय कर उनसे वसूली करने वाले पुलिस की सख़्ती को देखकर भाग निकले।

- **पुलिस को देखकर वसूली करने वाले भागे, शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस**

> पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हाईवे पर वाहन खडे होने की वजह से जाम की समस्या बनी रहती है। **- प्रदीप राय**, कोतवाल

### अपराधियों पर करें गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देश पर एएसपी ग्रामीण ने जलालाबाद थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर व गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जाए। एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी रविवार की दोपहर जलालाबाद थाना पहुंचे। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को देखा। उन्होंने अपराध रजिस्टर देखने के बाद निर्देश दिए कि अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर तथा गुंडा एक्टर की कार्रवाई की जाए। विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए। एसपी कार्यालय से आने वाले प्रार्थना पत्रों को वरीयता के आधार पर देखा जाए। मालखाना में असलहा को देखा और निर्देश दिए कि रोजाना असलहा की सफाई की जाए। एएसपी ग्रामीण ने महिला हेल्प डेस्क में आने वाली शिकायतों को देखा और समय से शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के समय प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा।











गर्रा नदी में बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार



मोहल्ला सरोजनीनगर में पड़ा मकान का मलबा। ● अमृत विचार

# राहत के साथ आफत लाई बारिश, दीवारें गिरीं

## पुवायां में राजकीय इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवॉल गिरी, खुटार के मोहल्ला सरोजनीनगर में मकान ढहा



जलभराव के बीच से होकर घर जाता एक वृद्ध।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लगातार छह दिन से हो रही बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं अब बरसात लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा रही है। शहर के दोनों किनारों से निकली खन्नौत और गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है और नदी किनारे रहने वाले लोगों के मकानों में पानी घुसने लगा है। वहीं पुवायां में राजकीय इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवॉल की दीवार गिर गई। उधर खुटार में टीनशेड वाला एक मकान ढह गया। मलबे की चपेट में आकर युवक चोटिल हो गया। रविवार को जिले भर में कभी झमाझम तो कभी हल्की बारिश होती रही।

शनिवार देर रात तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई, इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली तो गहरी नींद में सो गए। रविवार तड़के करीब चार बजे आंख खुली तो हल्की बारिश हो रही थी। एक घंटे बाद बारिश का असर कम हुआ और फुहार पड़ने लगी। रात में तेज बारिश होने पर खन्नौत और गर्रा नदी किनारे जलस्तर बढ़ता चला गया। तेज धार में बह रहे पानी के साथ नालों की गंदगी और नदी किनारे हुए कटान के बाद घास-फूस बहते हुए जा रही थी। वहीं नदी किनारे मकान बनवाकर रह रहे लोगों के लिए मुसीबत शुरू हो गई। खन्नौत नदी किनारे बसे मकानों में पानी घुस गया। घर में पानी घुटनों तक पहुंच जाने से घरों में रखा सामान भीग गया। तमाम परिवार नदी किनारे मकानों को छोड़कर रिश्तेदारों के यहां सुरक्षित ठिकानों पर पहुंच गए हैं। सबसे अधिक खन्नौत नदी किनारे बसे लोगों का हाल खराब था। खन्नौत पुल के पास दक्षिण दिशा में बसी नई कॉलोनी में गलियों में पानी पहुंच गया। नई प्लाटिंग में बनवाए गए मकानों में रह रहे लोगों के लिए जलभराव वाले रास्ते से निकलना मुश्किल हो रहा है। लोधीपुर में निचले इलाकों में भी पानी लोगों के घरों में घुस गया। गर्रा नदी किनारे रहने वाले लोगों के लिए भी जलभराव की मुसीबत बढ़ गई है। बारिश की वजह से नगर निगम कार्यालय परिसर में पानी रविवार को भी गया और इसके सामने से होकर त्रिमूर्ति चौराहे को जानी वाली सड़क भी पूरी तरह से जलमग्न हो गई। रोडवेज बस स्टैंड के पास भी जलभराव बना हुआ है। शनिवार देर रात तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश के दौरान पुवायां में राजकीय इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवॉल की दीवार गिर गई। वहीं तहसील परिसर में जलभराव हो गया।




महानगर के मुख्य बाजार में झमाझम बारिश के बीच निकलता ई रिक्शा चालक। ● अमृत विचार

- **बरसात में खन्नौत नदी किनारे बने मकानों में घुसा पानी, लोगों की बढ़ी चिंता**

### रास्ते हुए जलमग्न नई कॉलोनियों में डूब गए मकान

खुटार गोला रोड पर रसवां कलां में स्थित बिटोली देवी महाविद्यालय, नौगवां कोट, काकोरी स्कूल के पीछे, पूर्वी गढ़ी, बजरिया, बगियानाथ, संविलियन विधालय, ब्लॉक परिसर, तिकुनियां गुरद्वारा के पास हाईवे, बनकटा मार्ग, सिल्हुआ जाने वाला मार्ग आदि कई ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों में जलभराव हो गया है, साथ ही कई मकानों में पानी अंदर तक पहुंच गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा पंथवारी मंदिर मार्ग पर नए प्लाट काटकर कालोनियां बसी है। जहां रास्ते कच्चे है। यहां पर पूरे मकान तक पानी से डूब गए हैं।



खंडसार में गिरा टीन शेड। ● अमृत विचार

**खुटार।** नगर के मोहल्ला सरोजनी नगर में मकान ढह गया। जिसमें किरायेदार के तौर पर रह रहे सीतापुर के गांव बिसबां निवासी लतीफ अहमद बाल-बाल बच गए। उन्हें मामूली चोट आई। मलबे में घरेलू सामान, बाइक, चारपाई आदि सामान दब गया। वहीं गोला बाईपास मार्ग पर गांव रसवां कलां मोड़ के पास अनीस शर्मा के मकान की दीवार शनिवार रात तेज बारिश से ढह गई और सड़क किनारे जा गिरी। गनीमत रही कि उस वक्त बारिश हो रही थी और रात के चलते लोगों का आना जाना बंद था। जिससे हादसा टल गया। उधर, रविवार तड़के तेज हवा और बारिश से खुटार मेन मार्केट में बीडीआर ईंट भट्ठे के पास नगर पंचायत की तरफ से लगा बिजली पोल टूटकर सड़क पर गिर गया। यहां भी सड़क से निकलने वाले लोग चपेट में आने से बच गए। सूचना पर नगर पंचायत प्रशासन ने कर्मचारियों को भेजकर पोल को सड़क से उठवा लिया। गांव कोल्हूगाढ़ा में कच्चे मकान की दीवार ढहने से परिवार उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गया।

गनीमत रही कि दीवार घर के अंदर गिरने की बजाय बाहर की और ढह गई। गांव के धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को पूरी रात बारिश हुई। रविवार तड़के चार बजे कच्चे मकान की एक तरफ की दीवार ढह गई। गांव खंडसार निवासी अंकित दीक्षित ने बताया कि उनके घर में दो हिस्से में टीन पड़ी है। जिसमें पीछे वाले हिस्से में वह और परिवार रहता है। अगले हिस्से में बैठक बना रखी है। उन्होंने बताया कि छह दिन से बारिश हो रही है। साथ ही हवा चल रही है। रविवार तड़के बारिश और हवा के चलने के दौरान टीन शेड भरभराकर गिर गया और दीवार ढह गई। गनीमत रही कि उस वक्त कोई उस टीन शेड के नीचे बैठा नहीं था। इससे हादसा टल गया।



बीडीआर भट्ठे के पास सड़क पर गिरा बिजली का खंभा।



मोहल्ला बजरिया के मकानों में भरा पानी। ● अमृत विचार



कोल्हूगाढ़ा में गिरी मकान की दीवार। ● अमृत विचार



पुवायां में राजकीय इंटर कॉलेज की गिरी दीवार। ● अमृत विचार



खन्नौत नदी किनारे बने मकानों में घुसा पानी। ● अमृत विचार



बढ़ते जलस्तर को लेकर परेशान महिलाएं। ● अमृत विचार



खन्नौत नदी किनारे बने मकान के बाहर जलभराव को देखता चिंतित परिवार। ● अमृत विचार

दिक्कत | पहरूआ में कटान रोकने के लिए बनाए जा रहे तटबंध का काम रुका

# मिर्जापुर में भारी बरसात के बाद बाढ़ के हालात, लोग परेशान

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई संपर्क मार्गों पर भारी जलभराव के चलते आवागमन ठप है। वहीं फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। नदियों का भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

बीते कई दिनों से हो रही भारी बारिश ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। खेतों में जलभराव के चलते मक्का व मूंगफली की फसलें बर्बाद हो रही है। पहले लगे धान जलभराव से खराब होने लगे हैं। बहरिया से कुनिया जाने वाले मार्ग पर बीते दो दिन से जलभराव के चलते क्षेत्र के चिकटिया, पहाड़पुर, कुनिया, भरतापुर समेत कई गांवों के लोगों के लिए आवागमन ठप पड़ा है। लोग जरूरी काम से जोखिम उठाकर सड़क पार कर रहे हैं। जलभराव का मुख्य कारण सड़क के नीचे से निकल रही पुलियों को बंद कर जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है। प्रशासन द्वारा इस पर ध्यान नही दिया जा रहा है। वही पहरूआ व मौजमपुर में कई मार्गो पर जलभराव के चलते आवागमन बाधित है। ज्यादातर किसानों की धान की पौध अभी तक तैयार नही हो सकी है, जिससे धान की पौध रोपने का भी काम नही हो पा रहा है। पहरूआ में कटान रोकने के लिए बनाया जा रहे तटबंध के काम में भी रामगंगा के बढ़ते जलस्तर ने खलल डाल दी है। बारिश के दौरान काम प्रभावित हुआ है, वहीं बोरियों में भरने के लिए रखी रेत भी बह रही है। पहरूआ स्थित रंगेश्वर महादेव मन्दिर से सटकर रामगंगा बहने लगी है। सिंचाई विभाग द्वारा मन्दिर को बचाने के लिए ठोकर बनाने का काम किया जा रहा है।



पहरूआ में रंगेश्वर मंदिर के पास से होकर बह रही रामगंगा और बारिश के पानी में घिरा निर्माणाधीन तटबंध। ● अमृत विचार

- **क्षेत्र के कई मार्गों पर जलभराव के चलते आवागमन बाधित**



बहरिया कुनिया मार्ग पर भारी बारिश के चलते जलमग्न। ● अमृत विचार



मिर्जापुर के ढका मड़ैया प्राइमरी स्कूल के रास्ते में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### खतरा बढ़ा, आठ परिवार विस्थापित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बाढ़ के खतरे को देखते हुए खन्नौत नदी क्षेत्र से आठ परिवारों को विस्थापित किया गया है।

प्रशासन ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए एसडीएम से सूचनाएं मांगी थी। जिस पर एसडीएम सदर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि खन्नौत नदी क्षेत्र में अस्थाई मकान बनाकर रह रहे आठ परिवारों को बढ़ रहे जलस्तर के कारण पुराने मकानों में विस्थापित किया गया है। परिवार के खाने पीने की भी व्यवस्था कर दी गई है। इसके अलावा तहसील तिलहर, पुवायां, जलालाबाद और कलान के अधिकारी निचले क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि फिलहाल जिले में कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। नदियों का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन अभी कहीं भी पानी खतरे के निशान तक नहीं पहुंचा है। काफी नीचे है।

# धारा गांव में घुसा पानी, भय का माहौल

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन बाईपास और गांव के तालाबों के अवैध पटान से सड़क का पानी लगातार गांव में घुस रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

बीते कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण गांव धारा में पानी घुस गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जब तालाब थे तो बरसात का पानी उनमें इकट्ठा हो जाता था और भूमिगत जल का स्तर भी काफी ऊपर रहता था। एक तो गांव पंचायत स्तर के अधिकांश तालाबों पर कब्ज़ा कर रखा है और कुछ तालाबों का तो पाटकर उनका नामोनिशान मिटा दिया गया है। कुछ नाममात्र को जो बचे हुए तालाब हैं उनमें भी कूड़ा करकट आदि डालकर पाटा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से जल संरक्षण के आधार तालाबों की खोदाई और उनका संरक्षण कागजों तक ही सिमट कर रह गया है।



धारा गांव में भरा पानी। ● अमृत विचार

# जिला पंचायत की बैठक में उठा ढाई घाट मेले का मुद्दा

## जनप्रतिनिधियों ने कहा, शाहजहांपुर जिला पंचायत कराए मेले का आयोजन

- फर्रुखाबाद जिले के सात गांव को शाहजहांपुर में किया जाए शामिल
- जिला पंचायत सदस्यों ने रखे विकास के प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में रविवार को जिला पंचायत की बैठक विकास भवन में हुई। बैठक के दौरान ढाई घाट मेले का आयोजन जिला पंचायत शाहजहांपुर की ओर से किए जाने और खर्रुखाबाद के सात गांवों को शाहजहांपुर में शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया गया। इसी तरह तमाम अन्य जिला पंचायत सदस्यों ने विकास के अपने-अपने प्रस्ताव दिए।

रविवार दोपहर को विकास भवन सभागार में जिला पंचायत की बैठक का आयोजन अध्यक्ष ममता यादव की मौजूदगी में किया गया। बैठक में 24 फरवरी को हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। राज्य वित्त एवं पंद्रहवें वित्त योग के अंतर्गत 2024-25 की अनुपूरक योजना अनुमोदित हुई। इसके बाद विभिन्न विभागों की समीक्षा की गयी। सदस्यों ने प्रस्ताव रखा कि श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि गंगा के तट ढाईघाट पर जिला पंचायत की ओर से मेले का आयोजन किया जाए और जनपद फर्रुखाबाद के ग्राम चौरा, गुटेटी दक्षिण, शरीफपुर छिछनि, जेतपुर, गढ़िया, भगवानपुर और बांसखेडा को जनपद शाहजहांपुर में शामिल कराया जाए। सदन में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ। जिला पंचायत सदस्य ओमपाल सिंह, रामकुमार राठौर ने रामगंगा नदी पर निर्मित कोलाघाट पुल पर चार पहिया गाड़ी व ई-रिक्शा चलवाने के लिए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से अनुरोध किया गया। मंत्री ने बताया कि सक्षम स्तर से टेक्निकल जांच के बाद ही चार पहिया गाडी चलाना संभव हो पाएगा। इसके अलावा सभी विभागों की समीक्षा की गई।

अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव की ओर से बैठक समाप्त करने की घोषणा हुई। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, सांसद अरुण सागर, विधायक चेतराम, विधायक वीर विक्रम सिंह, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, विधायक सलोना कुशवाहा, विधायक अरविन्द कुमार सिंह, एमएलसी डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता, नीरज मिश्रा, ओमपाल सिंह, रामकुमार राठौर, सुमन सिंह, अभिषेक सिंह, पवन सिंह, कृष्ण पाल, प्रियांशु सिंह रघुवंशी, भानुप्रताप सिंह, मछला सिंह, राजाराम आदि ने भाग लिया। जनहित की समस्याओं से जिला पंचायत सदस्य पुष्पा यादव के पति और समाजवादी पार्टी के नेता पिंटू यादव ने भी वित्त मंत्री सुरेश खन्ना सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को अवगत कराया।



बैठक में उपस्थित वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सांसद अरुण सागर, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, अध्यक्ष ममता यादव व अन्य।

### पौध के साथ ट्री गार्ड भी दिया जाए

बैठक में नीरज मिश्रा ने कहा कि वन विभाग की ओर से केवल पौधे न देकर साथ में ट्री गार्ड भी दिया जाए। साथ ही मनरेगा से पौधों की देखभाल के लिए कर्मचारियों को लगाया जाए ताकि पौधे लगाने के बाद जीवित भी रहें। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के तहत डाली जा रही पेयजल लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों को ठीक से पाटने की मांग की ताकि गांवों में आवागमन ठीक से हो सके। लोगों को परेशानी से बचाया जा सके।

# बैठक में सांसद ने अधिकारियों की कार्यशैली पर उठाए सवाल

- कटरा सीएचसी पर तैनात दो भाईयों में से एक को हटाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में आयोजित जिला पंचायत की बैठक में पहुंचे सांसद अरुण सागर ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कहा कि पिछले कुछ दिन से स्वास्थ्य, बिजली, जल जीवन मिशन और पीडब्ल्यूडी विभाग से संबंधित शिकायतें आ रहीं हैं। उन्होंने इसको लेकर नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव से पहले तिलहर से जैतीपुर होते हुए नवादा मोड़ तक पीडब्ल्यूडी के सीडी वन द्वारा रोड बनाई गई थी। नई रोड पर कुछ ही दिन में गड्ढे होने की शिकायत भाजपा सांसद अरुण सागर को मिली थी। बैठक में उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन से रोड पर गड्ढे होने का कारण पूछा। उसके बाद उन्होंने एक्सईएन को कार्य में सुधार करने और जल्द से जल्द गड्ढों की ठीक तरह से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे कार्य के लिए गांव की गलियों और रोड को खोदा गया था। उसके बाद खोदे गए रोड की ठीक तरह से मरम्मत नही कराई गई। जिससे ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। तमाम शिकायतें मिलने पर सांसद अरुण सागर ने जल जीवन मिशन के एक्सईएन से नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द ग्रामीणों क्षेत्रों की गलियों और रोड की मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं कटरा सीएचसी पर तैनात दो डॉक्टर भाई हैं। दोनों की ही एक ही सीएचसी पर तैनाती की गई है। कटरा सीएचसी की शिकायत मिलने पर सांसद ने एक डॉक्टर को हटाकर दूसरी जगह तैनात करने के निर्देश सीएमओ को दिए। बिजली लाइन डालने में इस्तेमाल किए जा रहे तार की क्वालिटी पर भी सांसद ने ऐतराज जताया। उन्होंने डाली जा रही लाइन के तार की जांच कराने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### घर से निकाला, पति पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव छोटा पैना निवासी रीतराम ने बताया कि उसकी शादी 20 वर्ष पूर्व सुरेंद्र पाल निवासी गुलड़िया थाना जलालाबाद के साथ हुई थी। उसके सात बच्चे है। उसका पति आए दिन पीटने के साथ अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक उसके सीने पर रखकर जान से मारने की धमकी देता है। एक माह पूर्व पति ने उसे घर से निकाल दिया था। वह मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक धमेंद्र कुमार ने बताया कि पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### मुख्यमंत्री से की शिकायत

**कलान।** नगर के मोहल्ला रामलीला निवासी रीटू गुप्ता उर्फ विकास गुप्ता ने छुट्टा गोवंश पशु का पैर सड़ रहा था। उसने उसके इलाज के लिए पशु हेल्पलाइन 1962 से संपर्क किया तो कॉल रिसीव करने वाले का कहना था कि पालतू पशुओं का इलाज करते हैं, छुट्टा पशुओं का नहीं। छुट्टा पशुओं का इलाज करने का कोई भी आदेश नहीं है। रीटू ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है।

# कलान में स्टेट हाईवे पर लगे जाम में फंसे तहसीलदार


जाम में फंसी तहसीलदार की गाड़ी व अन्य वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर रविवार दोपहर करीब 12 बजे नायब तहसीलदार की गाड़ी जाम में काफी देर तक फंसी रही। करीब आधा घंटे बाद जाम खुल सका, तब कहीं वह गंतव्य के लिए रवाना हो सके। वही करीब 8:45 पर विधायक हरि प्रकाश वर्मा मिर्जापुर की तरफ से वाराकला की ओर निकले थे, इसके आगे पुलिस की गाड़ी चल रही थी। तब तो जाम खुल गया लेकिन इसके बाद दो-दो घंटे बाद जाम की समस्या बनी रही।

# खुटार में 15 से अधिक घंटे गुल रही बिजली

**खुटार , अमृत विचार :** तेज बारिश और हवा के चलते बिजली लाइनों में आए फॉल्ट की वजह से खुटार नगर के साथ ही देहात में 15 से अधिक घंटे बिजली गुल रही। इससे घरों में अंधेरा छाया रहा। बिजली उपकरण से चलने वाले इनवर्टर, पंखा, फ्रिज आदि ठप पड़े रहे। लेकिन बारिश से मौसम ठंडा रहने से लोगों को राहत भी मिली है।

शनिवार रात से बिजली कटौती होती रही। इसके बाद रविवार सुबह करीब सात बजे से बिजली सप्लाई पूरे दिन बंद रही। लोगों के घरों में इंवर्टर शुरू किया। लेकिन वह भी डिस्चार्ज हो गए। इसके अलावा मोबाइल डाउन हो गए। बिजली सप्लाई शुरू नहीं होने से लोगों ने अधिकारियों, कर्मचारियों से संपर्क किया। तो उन्होंने उपकेंद्र पर जलभराव होने की समस्या की बात कह दी और जल्दी बिजली देने का आश्वासन दिया। रविवार रात 8:00 बजे तक बिजली सप्लाई शुरू नहीं हुई थी। इससे लोग काफी परेशान रहे।

# बारिश और तेज हवा से बिजली के खंभे पर गिरा नीम का पेड़, हादसे की आशंका


बिजली के खंभे पर गिरा नीम का पेड़।


शिकायत पर मौके की जांच करने पहुंची पुलिस व मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

- एक पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस, दूसरे पक्ष से पेड़ हटवाने की कही बात

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गांव रघुनाथपुर में तेज बारिश और हवा से नीम का पेड़ मकान के ऊपर जाने से बच गया। गनीमत रही कि पेड़ बिजली के पोल के सहारे टिक गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी विमलेश ने पुलिस को बताया कि उसके घर के सामने एक बहुत बड़ा नीम का पेड़ खड़ा है। बारिश के चलते रविवार सुबह को नीम का पेड़ गिर गया और बिजली पोल के सहारे आकर टिका हुआ है। आरोप है कि गांव के रहने वाले एक व्यक्ति का पेड़ है और उससे पेड़ कटवा लेने को कहा तो साफ इनकार कर दिया। आशंका है कि विमलेश कुमार और बलराम का मकान के ऊपर पेड़ गिर जाने से जान माल का खतरा है। बरसात में कभी भी पेड़ मकान के ऊपर गिर सकता है। जिससे परिवार के किसी भी सदस्य को क्षति पहुंच सकती है। इस मामले में विमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही दरोगा प्रमोद सिंह पुलिस कर्मियों के साथ गांव पहुंचे। जहां दोनों पक्षों को बुलाकर पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने उक्त व्यक्ति से पेड़ कटवा लेने को कह दिया। जिस पर विमलेश और बलराम ने पेड़ गिर जाने की आशंका से मकान खाली कर दिए हैं। दोनों परिवारों ने गांव में ही दूसरी जगह घर में शिफ्ट हो गए हैं।

# बारिश से जलभराव, तख्त डालकर धरने पर डटे भाकिमयू कार्यकर्ता

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** विद्युत समस्याओं को लेकर पावर हाउस पर पिछले छह दिनों से धरनारत भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के पदाधिकारी भीषण बरसात से विचलित नहीं हुए। उनका धरना सातवें दिन भी जारी रहा। पावर हाउस में हुए जलभराव के कारण पानी में तख्त डालकर धरना दे रहे हैं। शनिवार रात पानी में रातभर धरना देकर किसान बैठे रहे।

तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले सात दिन से किसान धरने पर बैठे हैं लेकिन विद्युत अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। विद्युत अधिकारी चैन की नींद सो रहे है। उनको नींद से जगाने के लिए सोमवार से क्रमवार विद्युत अधिकारियों का पुतला दहन किया जाएगा। यदि इस पर अधिकारियों ने अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी तो फिर किसान यूनियन आर-पार की लड़ाई लड़ने को रणनीति तैयार करके बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। रविवार को धरने पर अनिल कुमार वर्मा के साथ ब्लॉक प्रभारी जगपाल कुशवाह ,ब्रज किशोर कश्यप, ब्रजेश कुशवाह ,योगेंद्र कुशवाह, विजय कश्यप, रवि कश्यप मौजूद रहे।


विद्युत उपकेंद्र पर धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

- विद्युत उपकेंद्र पर सातवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना आज से फूंके जाएंगे पुतले

### जब तख्त पर पहुंचा सांप

शनिवार रात भीषण बरसात में जलभराव के कारण पानी के बीच तख्त पर बैठे कार्यकर्ताओं में उस समय दहशत फैल गई जब एक सांप तख्त पर आ गया। किसानों ने किसी तरह उसे हटाया। किसानों को अब भी जान का खतरा भी बना हुआ है।

# विधायक ने किया संपर्क मार्ग का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बारिश के मौसम में सड़कों पर पानी भरने से हुए गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इसे देखते हुए विधायक अरविंद सिंह ने रविवार को ददरौल विधानसभा क्षेत्र के अजीजगंज, चौहनापुर, कुर्रिया कलां, कांट व मदनपुर संपर्क मार्ग को देखा। उन्होंने स्थिति का आंकलन कर गड्ढों को ठीक कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए।

इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़क मार्ग में विभिन्न स्थानों पर बारिस में हो रहे जलभराव को देखकर असंतोष व्यक्त किया और पानी की निकासी के लिए वैकल्पिक उपाय करने को कहा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि हरजीत सिंह चौहान मौजूद रहे।

# रंजिशन व्यक्ति को किया घायल केस दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा थाना क्षेत्र के गांव रसेवन निवासी बलवीर चार जुलाई को रात आठ बजे अपनी पिकअप से अपने गांव आया था। वह पिकअप खड़ी करके दुकान पर सौदा लेने के लिए चला गया। गांव का सत्यपाल परिवार वालों के साथ उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगे। खबर मिलने पर बलवीर घर पर आया। उसने आरोपियों से कहा कि गाली क्यों दे रहे हो।

आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने सत्यपाल, सुमित, खुशबू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# दो अगस्त को निकलेगी जलाभिषेक यात्रा



बैठक में शामिल बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- बजरंग दल की बैठक में विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल की दसवीं भव्य बाइक जलाभिषेक यात्रा को सफल बनाने के लिए नगर के एक मैरिज लॉन में संगठन बैठक बुलाई गई। जिसमें विचार विमर्श कर दो अगस्त को यात्रा निकालने की घोषणा की गई।

संगठन के प्रदेश मंत्री अर्पित भामाशाह एडवोकेट ने बताया कि दो अगस्त को बजरंग दल की निकलने वाली दसवीं भव्य बाइक जलाभिषेक यात्रा जलालाबाद के हरदेव बाबा स्थान से भैंसठा कलां स्थित शिव मंदिर तक जाएगी। इस दौरान जलालाबाद को परशुरामपुरी घोषित करने व याकूबपुर तिराहा का नाम बदलकर राणा प्रताप चौक किए जाने की मांग भी की जाएगी। बैठक में अशित पाठक एडवोकेट, सन्नी गुप्ता सर्राफ, ओमवीर सिंह राठौर, नगर महामंत्री पंकज गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, आशुतोष गुप्ता, सुमित सिंह एडवोकेट, रजनीश मिश्रा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी प्रदीप मिश्रा ने की। संचालन जिलाध्यक्ष सुमित गुप्ता ने किया।

## सार-संक्षेप

### बारिश से रूरा-हिम्मतपुर रास्ते की मिट्टी कटी, दिक्कत



**खुटार।** तेज बारिश से गांव रूरा-हिम्मतपुर का जाने वाले रास्ते की मिट्टी कट गई। इससे यहां से निकलने वाले लोगों का आवागमन बंद हो गया है। गांव रूरा के रहने वाले गुरमेल सिंह का खेत हिम्मतपुर के मार्ग पर है। उन्होंने 8-10 दिन पहले धान के पौध की रोपाई कराई थी। इससे पूर्व एनएचएआई की ओर से उसी रास्ते के पास दस फिट मिट्टी निकाली गई थी। जिससे गड्ढा काफी गहरा हो गया। रविवार को तेज बारिश से रास्ते की मिट्टी कट गई, साथ ही गुरमेल सिंह की खेत की मिट्टी भी कट गई और धान की रोपी गई पौध पानी में बह गई। जिस कारण काफी नुकसान हो गया है। इसके अलावा गांव के लोग खेत की तरफ नहीं पहुंच पा रहे हैं। लोगों को दूसरे रास्ते से घूमकर जाना पड़ रहा है। वहीं गुरमेल सिंह सोमवार को एसडीएम को इस मामले में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर एनएचएआई कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

### पानी निकासी के इंतजाम नहीं, सड़क बनी दलदल



**जैतीपुर।** गांव में पानी निकासी के लिए नाली-नालों के इंतजाम नहीं होने की वजह से घरों से निकलने वाला पानी और बारिश का पानी सड़क पर जमा हो गया है। जिससे ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। मामला ब्लॉक मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित पलिहुरा ग्राम पंचायत का है। हालात ऐसे हो गए हैं कि ग्रामीणों को अपने बच्चों को कंधे पर बिठाकर पानी से भरा रास्ता पार करवाना पड़ता है। तब कहीं बच्चे स्कूल पहुंच पाते हैं, नहीं तो सडक पर इतना ज्यादा पानी भरा हुआ है कि बच्चों की स्कूल ड्रेस ही कीचड से गंदी हो जाएगी। ग्रामीणों को भी गांव से शहर या अपने गर से दूसरे किसी के घर पर आना-जाना होता है तो घुटने-घुटने भर कीचड़ से गुजरकर होकर जाना पड़ता है। सड़न भरी बदबू और मच्छरों के प्रकोप से भी ग्रामीण परेशान हैं। मुख्य सड़क पर बारिश ही नहीं बल्कि साल के 12 महीनों गंदा पानी भरा रहता है। बीडीओ मनीष दत्त ने बताया कि पलिहुरा की सड़क का मामला संज्ञान में है। ग्राम सचिव को 7 दिनों में व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए गए हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
~~1499/-~~ ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

## एक नजर

### पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी को किया गिरफ्तार

**तिलहर।** गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को पुलिस ने उसके गांव के समीप स्थित चकरोड से गिरफ्तार कर लिया। उस पर जनपद के विभिन्न थानों में 15 अपराधिक मामले दर्ज हैं। कोतवाल विक्रम प्रताप सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव सहवेग पुर निवासी सुखदेव सिंह उर्फ सोनू पुत्र राजवीर सिंह पर अपमिश्रित शराब मामले में गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज हुआ था। सोनू पर तिलहर, रामचंद्र मिशन, सदर तथा कोतवाली में 15 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे एसआई अनुज चौधरी, हेड कांस्टेबल झानेंद्र सिंह व ओमकार सिंह ने संवेगपुर के समीप रास्ते से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### घर में घुसकर महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के गांव छकड़ापुर निवासी संतराम यादव ने बताया कि एक जुलाई की दोपहर वह पशु चराने खेत पर गया हुआ था। उसकी पत्नी निशा घर के बाहर थी और बच्चे चौपाल पर खेल रहे थे। शाम को चार बजे अचानक बारिश आ गई। उसकी छत का पानी पड़ोसी सूरजपाल के मकान की छत पर चला गया। पड़ोसी की पत्नी मुन्नी देवी, उसका पुत्र सुखवीर तथा उसकी पुत्री पूजा घर के अंदर आए। आरोपियों ने संतराम की पत्नी से कहा कि बारिश का पानी तुम्हारी छत से हमारी छत से घर में चला गया है। पानी निकलने के लिए पाइप क्यों नहीं लगवाती हो। निशा ने पड़ोसियों से कहा कि उसके पति आ जाएंगे तो पानी निकालने के लिए पाइप लगवा देंगे। इस बात से आरोपी नाराज हो गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने निशा को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुन्नी देवी समेत तीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### अज्ञात वाहन ने टक्कर युवक घायल

**कलान।** परौर थाना क्षेत्र के गांव तिहार खेड़ा निवासी विनय(22) थाना क्षेत्र की गांव कौमी से साइकिल द्वारा गैस लेकर आ रहा था। परौर मार्ग पर स्थित कुबेरपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पीआरबी 1374 ने कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

# मौत बनकर दौड़ी बस, कई वाहनों को किया क्षतिग्रस्त

## खुटार का मामला, बस का मेन पटा टूटने के बाद भी बस दौड़ाने से हुई घटना, चालक हिरासत में

संवाददाता, खुटार


बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार


बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई 112 पुलिस की गाड़ी।


इसी बस से हुआ हादसा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मौत बनकर तेज रफ्तार दौड़ रही प्राइवेट बस ने कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया, यहां तक कि यूपी 112 पुलिस की गाड़ी को भी चपेट में लेकर क्षतिग्रस्त कर दिया। गाड़ी में बैठे पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। बाद में पुलिस ने पीछाकर बस कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि बस का मेन पटा टूटने के बाद भी चालक को बस दौड़ाए जा रहा था, जिससे बस के पिछले हिस्से से वाहन टकराकर क्षतिग्रस्त होते गए। इसमें चालक की लापरवाही सामने आ रही है। वहीं कुछ लोगों ने इस मामले में समझौते के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

हरदोई के थाना शहाबाद के गांव अल्हापुर निवासी चालक अंसार हुसैन रविवार सुबह बस से शादी समारोह के लोगों को लेकर खुटार छोड़ने आया था। साथ में

● यूपी 112 पुलिस की गाड़ी को भी पहुंचा नुकसान, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

● रविवार सुबह कुछ लोगों को खुटार छोड़ने आया था हरदोई निवासी बस चालक

शाहजहांपुर कैंट का कंडक्टर अजय कुमार भी था। रविवार सुबह दस बजे चालक खुटार से वापस शाहजहांपुर बस लेकर जा रहा था। बंडा चौराहे से कुछ दूर सब्जी मंडी के पास यूपी 112 डायल पुलिस की 1388 नंबर की गाड़ी में बस ने पिछले हिस्से से टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी में मौजूद चालक के पद पर तैनात बलविंदर सिंह, हेड कांस्टेबल आशीष यादव बाल-बाल बच गए।

इसके बाद भी चालक बस को दौड़ाता हुआ आगे निकल गया। बस ने खुटार नगर के पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला की फार्च्यूनर और गांव प्रतापपुर निवासी राजपाल की स्विफ्ट डिजायर में टक्कर मार दी। इससे इन वाहन के पिछले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद पुलिस ने पीछाकर बस चालक को पकड़ लिया और उसे थाने ले आए और बस को कब्जे में लेकर वाजपेयी मार्केट में खड़ा करा दिया।

जहां कंडक्टर अजय कुमार ने अपने मालिक को घटना के बारे में जानकारी दी। उधर, गांव प्रतापपुर निवासी राजपाल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की और गाड़ी में हुए नुकसान की भरपाई के लिए रुपये वसूल करने की गुहार लगाई। इधर, रविवार दोपहर बाद बस मालिक खुटार थाने पहुंचा। जहां क्षतिग्रस्त हुए वाहनों के मालिकों से समझौते की बात चल रही है।

> उक्त मामले में तहरीर मिली है। बस चालक को हिरासत में लिया गया है। जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उन लोगों का बस स्वामी से समझौता की बात चल रही है। यदि समझौता नही होता है तो मामले में कार्रवाई की जाएगी।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष खुटार

# सीसीटीवी में कैद घटना.. फिर भी पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

संवाददाता, रौसर कोठी/शाहजहांपुर

● कपड़े की फेरी के बहाने घर में घुसे चोर ले गए थे जेवर, नगदी

**अमृत विचार:** आवास एवं विकास परिषद कॉलोनी बरेली मोड़ में कपड़े की फेरी के बहाने आए चोरों ने घर में घुसकर जेवर समेत 10 हजार रुपए नगदी चुरा ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। तहरीर दिए जाने के बाद भी पुलिस ने तीन दिन बाद भी न तो रिपोर्ट दर्ज की और न ही कोई कार्रवाई की है। कॉलोनी में ही पुलिस चौकी होने के बावजूद चोरी होना पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

चौक कोतवाली इलाके की आवास एवं विकास परिषद कॉलोनी बरेली मोड़ के आवास संख्या 5/290 निवासी गौरी पांडेय पत्नी नरेंद्र पांडेय ने चौक कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ केदारनाथ दर्शन करने गई थीं। एक जुलाई को दोपहर दो से तीन के बीच कपड़े की फेरी लगाने वाला एक व्यक्ति आया। आरोपी ने घर में घुसकर घर से 10 हजार रुपये नगद एक सोने की अंगूठी तथा सोने की चेन चुरा ली। वे चार जुलाई को वापस लौट कर आईं तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। मामले की तहरीर चौक कोतवाली में दे दी गई है। सीसीटीवी कैमरे में घर में घुसने वाला व्यक्ति घर से चोरी कर सामान ले जाता कैद भी हुआ है। कॉलोनी के अंदर पुलिस चौकी अजीजगंज स्थित है। इसके बावजूद भी घटना के होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गए हैं।

### काशीराम कॉलोनी में लगता है अराजक तत्वों का जमावड़ा

चौक कोतवाली इलाके की काशीराम कॉलोनी में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। उक्त लोग आए दिन कालोनी में हंगामा और मारपीट करते हैं। इस संबंध में कॉलोनी वासियों ने तमाम बार पुलिस से शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# पांच में मिला मोतियाबिंद आई ड्रॉप और दवाइयां बांटीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र कटरा में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप


शिविर में जांच करतीं चिकित्सक।

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र कटरा में रविवार को निःशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं सामान्य रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 37 मरीजों ने पंजीकरण कराया। जांच के उपरांत पांच मरीजों में मोतियाबिंद मिला, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा।

पीआरओ अतुल गंगवार ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस के द्वारा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज लाया गया। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा भी रोहिलखंड अस्पताल की ओर से ही उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में मरीजों को निःशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां दीं गईं। डॉ. रिव्या सिंह ने कहा कि लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण कराते रहना चाहिए। शांभवी पांडेय ने नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

डॉक्टर ने बताया कि कैंप के माध्यम से अस्पताल आने वाली गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड मुफ्त में किया जाएगा। परिवार स्वास्थ्य कार्ड 200 रुपये में उपलब्ध है, जो कि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र टेक्नीशियन व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# ओमकालेश्वर मंदिर से डेक और नगदी चोरी

**रौसर कोठी, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के चमकनी गाड़ीपुरा में स्थित ओमकालेश्वर मंदिर से शनिवार को एक लाउडस्पीकर, डेक और दानपात्र का ताला तोड़कर नगदी चोरी हो गई। व्यवस्थापक रामस्नेही राठौर ने बताया कि डेक लगभग 20,000 हजार रुपये और दानपात्र से लगभग दस से बारह हज़ार रुपये थे। तहरीर दे दी गई है। रामचंद्र मिशन पुलिस जांच कर रही है।


टूटा दानपात्र।

# घरेलू विवाद में खन्नौत नदी में कूदा युवक


डूबे युवक की तलाश करती एसडीआरएफ टीम। ● अमृत विचार


नदी किनारे बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** परिवार वालों से विवाद हो जाने पर एक युवक खन्नौत नदी में छलांग लगा दी। परिवार वालों ने सदर बाजार थाना को सूचना दी। एसडीआरएफ टीम तथा गोतोखोरों ने तलाश किया उसका पता नहीं चला।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव मऊ खालसा निवासी प्रभू दयाल उर्फ बंटी(22) रविवार की सुबह करीब दस बजे बिलरिया गांव के सामने खन्नौत नदी पर आया। वह एक पेड़

● दमकल तथा एसडीआरएफ टीमों ने किया तलाश, नहीं मिला सुराग

● सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव मऊ का निवासी है प्रभू दयाल

के नीचे लेटा हुआ था। गांव के लोगों ने पूछा कि यहां नदी के किनारे क्यों लेटे हो। वह गांव वालों से बोला कि लेटे है और आपको क्या तकलीफ है। गांव वाले कुछ दूरी पर एक पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। उसने कुछ देर बाद टीले पर रखे कपड़े पहने और खन्नौत में छलांग लगा दी। गांव वाले मौके पर दौड़कर आए। गांव वालों ने देखा कि वह नदी में डूब गया। बंटी के डूबने की खबर गांव पहुंची। बंटी के पिता रामनाथ पहुंचे तो गांव वालों ने घटनाक्रम बता दिया।

उन्होंने बेटे के डूबने की सूचना थाना सदर बाजार को दी। सीओ सिटी सौम्या पांडे तथा सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह मौके पर पहुंचे। बताते है कि परिवार वालों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। वह मजदूरी करता है। इधर दमकल की टीम मौके पर पहुंच गयी। टीम ने काफी दूर तक नदी में जाल डाला, लेकिन उसका पता नहीं चला। गोताखोरों ने भी तलाशा लेकिन उसका पता नहीं चला। अधिकारियों ने एसडीआरएफ टीम से फोन से संपर्क किया। कुछ देर बाद टीम ने तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। लगातार बारिश होने के कारण खन्नौत का जल स्तर बढ़ गया और पानी का बहाव काफी तेज है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पानी के बहाव में बह गया होगा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि उसकी नदी में तलाश की जा रही है।

# पुलिस ने निशा के हत्या आरोपी पति को जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● वृहस्पतिवार को फंदे पर लटका मिला था शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मिले थे चोट के निशान


पुलिस हिरासत में आरोपी।

**अमृत विचार:** निगोही पुलिस ने पत्नी के हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी पति का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों को तलाश कर रही है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला निजामपुर गौटिया निवासी आशाराम ने निगोही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने पुत्री निशा की शादी कई साल पहले अमित कुमार निवासी सतवां खुर्द थाना निगोही के साथ की थी। उनका आरोप था कि अमित कुमार शराब पीकर उसकी बेटी निशा को मारा पीटा करता था। दहेज में बाइक तथा सोने की चेन की मांग करता था। उसका आरोप है कि वृहस्पतिवार को उसकी बेटी को ससुराल वालों ने मारकर शव को फंदे से लटका दिया। पुलिस पति समेत 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को सूचना मिली कि हत्यारोपी पति अमित कुमार निवासी सतवां खुर्द थाना निगोही को टिकरी रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रामायण सिंह, सिपाही ज्ञानेंद्र सिंह, कर्मवीर थे।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में लगा नाक, कान और गला रोग शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शिविर में जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को तिलहर नगरपालिका परिसर में निशुल्क नाक, कान एवं गला रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया।

कैंप में मरीजों की ब्लड प्रेशर व शुगर की निःशुल्क जांच भी की गई। मरीजों को परामर्श दिया गया और विभिन्न प्रकार की जांचों एवं सीटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी दिए गए। पीआरओ रईसुद्दीन ने लोगों को बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में मरीजों की सीबीसी, लीवर की जांच, एलएफटी, किडनी की जांच, केएफटी व शुगर की जांच निशुल्क जांच की जाएगी। चिकित्सकों ने परामर्श दिया कि वह अपने स्वास्थ्य

● रोहिलखंड अस्पताल की ओर से तिलहर नगर पालिका में लगा नि:शुल्क मेडिकल कैंप

के प्रति जागरूक रहते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें।

नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. कुनाल ने रोहिलखंड अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कान का बहना, सुनाई कम पड़ना, घेंघा रोग, नाक से खून आना, नाक बंद होना, नाक की हड्डी का बढ़ना, नासूर, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना, आवाज का बदलना, गले का कैंसर आदि रोगों के उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में सस्ते दर पर उपलब्ध है। दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान व गले की जांच की सुविधा, ऑडियोमेट्री द्वारा सुनने की जांच की सुविधा उपलब्ध है। कैंप में पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा।

# सोते समय युवक को सांप ने डसा, मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शनिवार की रात कमरे में सोते समय सर्प ने एक युवक को डस लिया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां से रेफर कर दिया। बरेली ले जाते समय उसकी मौत हो गई। कांट थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर वैश्य निवासी सुरजीत(26) पुत्र मगन लाल रात में एक कमरे में चारपाई पर सो रहा था। रात एक बजे सर्प ने उसके पैर में डस लिया। उसकी नींद खुली तो देखा कि सर्प ने डस लिया और भाग गया। उसने शोर मचाया तो परिवार वाले जाग गए। परिवार वाले रात ही में उसे लेकर मेडिकल कालेज आए। उसका उपचार किया गया। उपचार में कोई सुधार न होने पर डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिवार वाले सुरजीत को लेकर मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर ने बताया कि उसे सर्प ने डस लिया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अमर शहीद भगत सिंह पार्क में रोपी पौध


अजीजगंज स्थित अमर शहीद भगत सिंह पार्क में पौध रोपित करते वीआईपी ग्रुप के सदस्य।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने रविवार को भी बरसात के बीच पौधरोपण अभियान जारी रखा। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया और क्षेत्रीय पार्षद मनीष गुप्ता के नेतृत्व में अजीजगंज स्थित अमर शहीद भगत सिंह पार्क में आंवला, अशोक, हरसिंगार, अमलतास तथा चंपा के 20 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर ग्रुप की पौधरोपण मुहिम की प्रभारी ज्योति गुप्ता ने बेटे वैभव गुप्ता के जन्मदिन पर उससे पौधा रोपित करवाया। अध्यक्ष नीतू गुप्ता की देखरेख में चले अभियान में कमल किशोर गुप्ता, पूर्व सभासद संजय कुमार, संजय अग्रवाल, अभिनय गुप्ता, शाहनवाज खां, अनिल गुप्ता, रिद्धि बहल, नुजहत अंजुम, शालू यादव, पूनम वर्मा, मंजू रानी, सौरभ गुप्ता, वैभव गुप्ता, पुनीत मिश्रा, काजल यादव, कर्मवीर सिंह, चंद्रमणि गुप्ता, विकास मिश्रा आदि शामिल रहे।

# राइस मिलर के बेटे की तलाश में पीलीभीत पुलिस का छापा

संवाददाता, तिलहर


तिलहर में नई बस्ती स्थित राइस मिलर के घर पहुंची पुलिस।

**अमृत विचार:** चार माह पहले पीलीभीत में अफीम तस्करी के दर्ज हुए मामले में फरार चल रहे राइस मिलर के पुत्र को पकड़ने के लिए पीलीभीत पुलिस ने राइस मिलर के भट्ठे और घर में दबिश दी लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस ने घर वालों से आरोपियों के बारे में पूछताछ की। इसके बाद पुलिस खाली हाथ लौट गई।

रविवार को पीलीभीत पुलिस के दरोगा एमपी सिंह और अशोक कुमार ने तिलहर कोतवाली में आमद करने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी राइस मिलर रामौतार गुप्ता के घर तथा हाईवे पर स्थित भट्ठे पर दबिश मारी। मोहल्ले में अचानक बाहर की पुलिस को देखकर वहां

● नहीं चढ़ा हत्थे, परिवार वालों से पूछताछ कर लौट गई पुलिस

● मादक पदार्थ तस्करी में है मुख्य आरोपी, चार माह से फरार

के लोगों में हड़कंप मच गया। दरोगा एमपी सिंह चौहान ने बताया कि पीलीभीत क्षेत्र के करेली पुलिस ने मुठभेड़ में तिलहर के उमेश तथा निगोही के आशीष यादव के पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद की थी। इस मामले में मुख्य सरगना तिलहर के नई बस्ती मोहल्ला निवासी राइस मिलर रामौतार गुप्ता का पुत्र शरद गुप्ता तब से फरार चल रहा है। मुकदमे में वांछित आरोपी शरद गुप्ता को पकड़ने के लिए कई बार दबिश दी जा चुकी है लेकिन वह अभी फरार चल रहा है, उसे जल्द ही पकड़ा जाएगा। दरोगा ने बताया कि अफीम तस्करी के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने शरद गुप्ता को इस अपराध में लिप्त होने के कई ठोस सबूत भी दिए हैं, जिसमें व्हाट्सएप चैट और रिकॉर्डिंग सहित अन्य कई महत्वपूर्ण हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है, जिसमें आरोपी शरद गुप्ता फरार चल रहा है, जिसे पकड़ने के लिए उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है लेकिन चार महीने से फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त से अब भी दूर है। दरोगा ने बताया कि आरोपी शरद गुप्ता अफीम को टनकपुर के रास्ते नेपाल तथा उत्तराखंड में सप्लाई कराता हैं।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त कल्लू सिंह निवासी आजादनगर थाना जलालाबाद, राधा कृष्ण निवासी वसुआमई थाना जलालाबाद तथा पिंटू निवासी सरायसाधौ थाना जलालाबाद के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। तीनों अभियुक्तों पर विभिन्न धाराओं के मुकदमें दर्ज थे। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रामलखन, प्रियव्रत, ऋषिपाल आदि थे।

### वांछित गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 14 जून को इंद्र विक्रम सिंह निवासी रामापुर बरकतपुर थाना रोजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी राजकुमार शर्मा निवासी आदर्श नगर कॉलोनी थाना रोजा ने उसके ऊपर फायर किया था। जिसमें वह बाल-बाल बच गया था। पुलिस ने अभियुक्त राजकुमार को पैतापुर रोड पर तमंचा व खोखे समेत गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में गंगा सिंह आदि थे।

# ऑनलाइन उपस्थिति: शिक्षकों ने गिनाईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्राथमिक शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भावलखेड़ा इकाई की बैठक में सोमवार से शुरू होने वाली आनलाइन हाजिरी व्यवस्था का विरोध किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमार तिवारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, लेकिन शिक्षकों के समक्ष अचानक आने वाली समस्याओं से बचाव के लिए कोई अतिरिक्त अवकाश देय नहीं है और न ही सरकार शिक्षकों की न्यायोचित मांगे स्वीकार कर रही है, इसीलिए शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध कर रहे हैं।

मोहल्ला चमकनी स्थित शिक्षक भवन में रविवार को आयोजित बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा लगातार मांग की जा रही है कि शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति ही सुविधाएं दी जाएं। यदि सरकार संघ की सभी मांगे मान ले, तो शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दे सकता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल जाने वाले शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश अव्यवहारिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या के साथ ही शिक्षकों को विद्यालयों में मिड डे मील के लिए सब्जी दूध फल और गैस भी ले जाना पड़ता हैं और बरसात के मौसम में कीचड़ भरे रास्तों से निकलना होता है।

● उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भावलखेड़ा इकाई की बैठक

ब्लॉक मंत्री अरविंद त्रिपाठी, केके सिंह, उत्तम कुमार, सचिन अवस्थी, प्रशांत आहूजा आदि ने भी विचार रखे। बैठक में आनंद बिहारी वाजपेई, विनोद दीक्षित, शिवकुमार, विनायक मिश्र, सबीउल हसन खां, नीरज सक्सेना, अखिलेश कुमार, वारिस अली, शुभम शुक्ला, नवनीत मिश्र, विजय कुमार पटेल, गुलशन जहां अंसारी, अनामिका पाठक आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## रंजिशन हमला करके पीटा, रिपोर्ट

**माधोटांडा।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कस्बा निवासी अरुण उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया था। इसकी पूर्व में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद रंजिश चली आ रही है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे उसकी दो बेटियां खेत में काम कर वापस घर आ रही थी। आरोपी ने रोककर अभद्रता की। आरोपी ने अपने पिता लालमन, भाई रिंकू और अमर को भी बुला लिया औश्र मारपीट की गई। बीच बचाव कराने गए पीड़िता के पति से भी अभद्रता की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## चाचा-भतीजे से मारपीट मामले में केस दर्ज

**घुंघचिहाई।** थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के शिवम शुक्ला पुत्र राकेश शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जून की रात उसके चाचा सुनील शुक्ला का रिश्तेदार रजनी और पुवायां (शाहजहांपुर) के ग्राम बांसखेडा के रहने वाले पुनीत से एक बीघा जमीन को लेकर विवाद हो गया था। इसी को लेकर आरोपियों ने हमला कर सुनील की पिटाई कर दी। बीच बचावव कराने पर पीड़ित पर भी हमला किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें

स्पीच थैरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
फार्मासिस्ट
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की, वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

# झोपड़ी में फंदे से लटका मिला युवक का शव

### शनिवार रात खेत की रखवाली करने गया था गजरौला के विधिपुर का अर्जुन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



घटना के बाद मृतक के घर के बाहर और छतों पर मौजूद बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

- गांव के ही कुछ लोगों से पुराने विवाद में हत्या की जताई आशंका
- गजरौला क्षेत्र में हुई वारदात, शव पोस्टमार्टम भेज जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचारः** खेत की रखवाली करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव खेत पर बनी झोपड़ी में ही फंदे से युवक का शव लटका मिला। परिवार वालों ने पुराने विवाद में ही गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया। गजरौला पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस छानबीन में जुट गई है।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम विधिपुर के रहने वाले अर्जुन (20) पुत्र प्यारेलाल खेती कर परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार रात वह गांव के बाहर स्थित अपने खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए चला गया था। खेत पर ही झोपड़ी बनी हुई है, जिसमें वह रूक गया था। परिवार वाले युवक के खेत पर रुकने की बात सोचकर बेफ्रिक होकर सो गए थे। दूसरे दिन रविवार सुबह काफी देर बाद भी जब युवक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वाले उसे तलाशते हुए खेत पर पहुंच गए। वहां जाकर झोपड़ी में गए तो बल्ली के सहारे शव फंदे से लटका हुआ था। यह देख परिवार वालों के होश उड़ गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। गजरौला पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### परिजन बोले- डेढ़ माह पहले हुआ था झगड़ा

मृतक के परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना था कि गांव के ही कुछ लोगों से करीब डेढ़ माह पहले विवाद हो गया था। जिसकी रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते बेटे की हत्या करने की आशंका जताई। पुलिस छानबीन कर रही है। अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### परिवार में मची रही चीख पुकार

हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा रहा। बेटे की अचानक हुई मौत के बाद परिवार का खुशनुमा माहौल मातम में तब्दील हो गया। रिश्तेदार और परिचित ढांढस बंधाने में जुटे रहे। मृतक के घर के बाहर ढांढस बंधाने वालों की भीड़ लगी रही। मृतक दो भाइयों में छोटा अविवाहित था।

> एक युवक का शव फंदे से लटका मिला था। सूचना मिलने पर मौका मुआयना कर जानकारी की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। – **राजीव कुमार सिंह**, इंस्पेक्टर गजरौला

# होटल में संबंध बना प्रेमी ने बना ली अश्लील वीडियो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूले ढाई लाख रुपये
- प्रेमी के ममेरे भाई और दोस्त ने किया दुष्कर्म, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के एक होटल में प्रेमी ने प्रेमिका के साथ संबंध बनाए और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर प्रेमी के ममेरे भाई और दोस्त ने भी युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद ब्लैकमेल करके युवती से ढाई लाख रुपये भी वसूल लिए। अब आरोपी पांच लाख रुपये और मांग रहा है। पीड़िता की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के मुताबिक एक साल पहले उसकी दोस्ती शाहजहांपुर के परौर गांव निवासी पारस गुप्ता से हुई थी। इसके बाद दोनों में प्रेम हो गया। युवती का आरोप है कि 12 मार्च को पारस उसे बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के एक होटल में लाया और यहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी वीडियो बना ली। कुछ दिनों बाद पारस गुप्ता के तिलहर निवासी ममेरे भाई और परौर निवासी दोस्त बंटी मिश्रा ने कहा कि पारस ने उसे वीडियो दिया है। यदि कहना नहीं मानोगी तो वीडियो वायरल कर देगा। पारस के ममेरे भाई और बंटी मिश्रा ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया।

युवती ने बताया कि बदनामी के डर से वह चुप रही। उसने जब पारस से कहा तो वह गालीगलौज करने लगा। इसके बाद आरोपी पारस ने पांच लाख रुपये की मांग की। डर और बदनामी के कारण उसने अपनी मां को पूरी बात बताई, तब मां ने पारस के फोन पे पर 2.50 लाख रुपये भेज दिए। अब आरोपी ढाई लाख रुपये मांगता है और जबरन मिलने को बुलाता है। आरोपी ने धमकी दी है कि वह वीडियो वायरल कर देगा। बारादरी पुलिस ने पारस गुप्ता, बंटी मिश्रा और पारस के ममेरे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# राष्ट्रीय पुरस्कार की दौड़ में शामिल होने को तैयार करना होगा विकास सूचकांक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पोर्टल पर ग्राम पंचायतों के कार्यों के साथ 12 विभागों के कार्यों का भी देना होगा ब्योरा

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय पुरस्कार की दौड़ में शामिल होने वाली ग्राम पंचायतों को पंचायत विकास सूचकांक तैयार करना होगा। इसमें ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों के अलावा 12 विभागों की ओर से कराए गए कार्यों का ब्योरा भी देना होगा। इसके बाद ही पंचायतों को शामिल किया जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा तीन साल पहले दीन दयाल उपाध्याय पंचायत विकास योजना के तहत ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की शुरुआत की गई थी। इधर अब चालू वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए ग्राम पंचायतों से आवेदन को लेकर ब्योरा मांगा गया है। इसमें पंचायती राज विभाग की सभी योजनाओं की कार्य प्रगति और पूर्ण हो चुके कार्यों की जानकारी देनी होगी।

पंचायत विकास सूचकांक पोर्टल पर उन सभी 12 विभागों का भी ब्योरा देना होगा, जिनके द्वारा कार्य करवाए गए हैं। पंचायतों को आय एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित कार्यों की जानकारी देनी होगी। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय पंचायत विकास योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए ग्राम पंचायत स्तर से आवेदन किए जाने हैं। ब्योरा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसमें कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है।



बारिश के बाद रविवार को देवहा नदी में बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार

# देवहा और शारदा उफनी... बैल्हा में घुसा बाढ़ का पानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ट्रांस शारदा क्षेत्र से सटे कई गांवों के हालात देख जिला प्रशासन ने जारी किया बाढ़ का अलर्ट बैराजों से छोड़ा जा रहा पानी

**अमृत विचारः** पहाड़ों समेत नेपाल में लगातार हो रही बारिश से देवहा और शारदा नदी उफना गई है। दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से ट्रांस शारदा क्षेत्र में कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। ग्रामीण गांव छोड़कर दूसरी स्थानों पर शरण लिए टिके हैं। कई ने अपने मकानों की छतों पर घरेलू सामान रख लिया है ताकि नुकसान से बचा जा सके। इधर, जिला प्रशासन की तरफ से बाढ़ की संभावना पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों समेत बाढ़ चौकियों की टीमों का अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में पिछले 29 जून से लगभग रोजाना ही रुक-रुककर बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सड़क से लेकर खेतों तक में पानी ही पानी देखा जा रहा हैं। इधर पहाड़ों समेत नेपाल में पिछले तीन दिन से हो रही लगातार बारिश से नदियों के जलस्तर भी तेजी से बढ़ने लगा है।

शनिवार शाम बनबसा बैराज से शारदा नदी में डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। वहीं रविवार शाम करीब तीन बजे को शारदा नदी में 1.69 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि देवहा नदी में 5456 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया।

दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। शारदा नदी में जलस्तर बढ़ने से ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात हो गए। ट्रांस शारदा क्षेत्र के बैल्हा गांव में बाढ़ की पानी घुसने की जानकारी सामने आई है। प्रशासन की कहना है कि दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। अभी तक कहीं भी किसी तरह का जान माल को नुकसान होने की खबर नहीं है।

### अफसरों और कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश


इधर शारदा एवं देवहा के बढ़े जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ को लेकर अलर्ट जारी किया है। शारदा एवं देवहा नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ की संभावना के चलते संबंधित क्षेत्रों के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों, ग्राम विकास अधिकारियों समेत बाढ़ चौकियों पर तैनात टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को अलर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ की स्थिति के दौरान एनडीआरएफ, पीएसी एवं एसडीआरएफ समेत अन्य किसी भी प्रकार की सहायता पड़ने पर संपर्क करने के लिए विशेष दूरभाष व मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं।

> उत्तराखंड व नेपाल में हो रही बारिश से शारदा एवं देवहा नदी का जलस्तर बढ़ा है। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों समेत बाढ़ चौकियों की टीमों को अलर्ट रहने को निर्देशित किया गया है। नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। – **ऋतु पूनिया**, एडीएम वित्त

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी प्रधान समेत तीन पकड़े

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी ग्राम प्रधान समेत तीन लोगों की पुलिस ने गिरफ्तारी की। चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि थाना बरखेड़ा में बीते दिनों एक गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें गांव कटकवारा के ग्राम प्रधान अमित कुमार उर्फ मन्नू, पूरनलाल और सूरजपाल को आरोपी बनाया गया था। शनिवार देर शाम गांव के बाहर से आरोपी ग्राम प्रधान और रविवार सुबह अन्य दो आरोपियों को भैंसहा ग्वालपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तीनों को जेल भेज दिया है।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आर्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्डों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन ठतमेंज ब्वदेमतअंजपवद एवं मदजपदमस छवकम तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**पीडियाट्रिक सर्जरी -** बच्चों के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा जैसे हर्निया, हाइड्रोसिल, अंडकोष का सही स्थान पर न होना, अपेंडिक्स, शरीर व पेट में गांठें, जीव का तालु से चिपका होना, गर्दन के सुराग से पानी आना, गर्दन में कोई सूजन/गांठ, नाभी से खून आना, पानी आना, मल आना, नाभी का फूल जाना व गांठ होना, पेट की समस्या, लम्बे समय से पेट में दर्द या अचानक दर्द, जन्मजात मलद्वार का नहीं होना, मलद्वार सामान्य जगह पर नहीं होना या छोटा होना, मल में खून आना, मलद्वार में खून आना, मलद्वार की गांठ, मलद्वार बाहर निकलना, बच्चों की स्तन की गांठ, लड़कों के स्तन का असामान्य बड़ा होना, लिंग का तिरछापन, लिंग की खाल न खुलना, पेशाब के छेद का सामान्य स्थान पर ना होना, गुर्दे में पानी भर जाना, सिर में पानी भर जाना, रीढ़ की हड्डी पर गांठ।

**यूरोलॉजी विभाग -** गुर्दे व गुर्दे की नली में पथरी, पेशाब की थैली में पथरी, पेशाब रुक-रुक कर आना, पेशाब का बार-बार आना, पेशाब में खून व पस आना, पेशाब दूधिया आना, पेशाब की नली में रुकावट होना, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, म्तमबजपसम कपेनिबजपवद (लिंग का ढीलापन) आदि का समुचित उपचार।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
♦ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ♦ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ♦ डायलेसिस की सुविधा ♦ डिजीटल एक्सरे ♦ Mammography ♦ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ♦ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ♦ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ♦ अल्ट्रासाउण्ड ♦ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ♦ दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

B.I.U. प्रवेश प्रारम्भ BIUCOP
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

B.I.U. प्रवेश प्रारम्भ FOPS
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


बिजुआ क्षेत्र के गांवों में भरा शारदा नदी की बाढ़ का पानी। अमृत विचार


शारदा नदी पर मौजूद एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

# लखीमपुर में बाढ़ के हालात, कई गांवों में घुसा पानी

## नदी का जलस्तर बढ़ा, एनडीआरएफ की टीम के साथ प्रशासन अलर्ट, फसलें जलमग्न, किसानों के माथे पर छाई चिंता की लकीरें

लखीमपुर खीरी, कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में लगातार हो रही बारिश और बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी के बाद से नदियों का जस्तर तेजी से बढ़ रही है। इससे बाढ़ के हालात बन गए हैं। सुबह शारदा का पानी बझेड़ा तटबंध के पास घरों में भर गया। बेलहासिकटिहा गांव में भी पानी घुस गया है। तिकुनिया क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर बह रही मोहाना नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। इससे बाढ़ प्रभावित होने वाले गांवों में हड़कंप मचा हुआ है।

**मूड़ा सवारान।** जलस्तर बढ़ने से शारदा नदी उफना गई है। खेत जलमग्न हो गए हैं। शारदा नदी का पानी तटवर्तीय गांवों में घुसने लगा है। एसडीएम ने अपने अमले के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर पीड़ितों को हर संभव सुविधा दिलाने का आश्वासन दिया है। गांव जौंहरा, गुजारा, सिंघिया, मेहंदी, रूरा सुल्तानपुर, नयापुरवा, चकपुरवा, बेलहा सिकिटिहा, हजूरपुरवा, बेचेपुरवा आदि गांवों में नदी का पानी घुस रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर नदी का जलस्तर शीघ्र कम न हुआ तो खेतों में लगी फसलें बर्बाद हो जाएंगी। रविवार को गोला एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह, लेखपाल अवनीश मिश्रा आदि ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का मौका मुआयना किया।

**पलिया कलां।** शारदा नदी के पानी से गांव खैरहना, मेलाघाट, आजाद नगर, मरौचा, कंचनपुर, बाजपुर, लगदहन, पतेड़ा, श्री नगर आदि के खेतों में खड़ी फसल जलमग्न हो गईं हैं। निचले स्थानों पर बने घरों में भी पानी घुस गया है। पलिया-खैरहना मार्ग पर करीब 2 फुट पानी चल रहा है। मेला घाट, आजाद नगर, बर्बाद नगर पहुंचने के लिए अब केवल नाव ही सहारा है। नौगवां से चौरी, नयागांव, खालेपुरवा, धूसर के मार्गों पर भी 1 से 2 फुट तक पानी चलने की सूचना है। मोहाना नदी ने थारू क्षेत्र के ग्राम वनगवां, कजरिया, सूंड़ा, बिरिया, ढकिया, नझोटा जयनगर आदि की फसलों को जहां नष्ट करना शुरू कर दिया है। सुहेली और नकौआ के उफनाने से ग्राम बिलहइया, चंबरबोझ, देवीपुर, बसंतापुर के खेतों में पानी भरने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है।

**निघासन।** शारदा के साथ कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में बह रही मोहाना नदी उफान पर है। इससे नदी का पानी गंगानगर और रननगर में घुसने लगा है। रविवार को एसडीएम राजीव निगम ने नायब तहसीलदार के साथ नाव से नया पिंड आदि गांव का दौरा किया। नदी के रूख को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। शाम को गंगानगर और रननगर में मोहाना नदी का पानी आने की जानकारी मिली है। शासन स्तर से हर तरीके से मदद की जाएगी।


शारदा नदी की बाढ़ का निरीक्षण करते एसडीएम, तहसीलदार।


प्रभावित क्षेत्र का नाव से जायजा लेते एसडीएम निघासन राजीव निगम।


माइनर नहर का बांध बांधती जेसीबी। अमृत विचार

### माइनर नहर का बांध टूटा, हड़कंप

**निघासन।** रविवार को लालपुर माइनर नहर का बांध टूट गया। इससे हड़कंप मच गया। शारदा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेने बाढ़ चौकी अदलाबाद पहुंचे बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने राहत कार्य शुरू करवाया। हालांकि नहर विभाग के अधिकारी समेत ग्रामीण भी बांध को जल्द बांधने की कवायद में जुटे रहे। बम्हनपुर गौशाला में पम्पिंग सेट लगवाकर भरा पानी निकालने का प्रयास किया गया। बीडीओ ने बताया कि बांध को ठीक कराने के लिए नहर विभाग के जेई को निर्देशित किया है।

**▸▸ एसडीएम, तहसीलदार समेत कई अफसर दौरा कर ले रहे हालातों का जायजा**

## टापू बना पलिया का आजाद नगर गांव सुरक्षित जगह भेजे गए ग्रामीण

लखीमपुर खीरी, कार्यालय

**अमृत विचार:** रविवार को शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया। इससे पलिया तहसील का गांव आजाद नगर टापू बन गया, जिससे दहशत में आए ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ गई। गांव के टापू बनने की खबर लगते ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर पहुंचे एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने गांव में झोपड़ी डालकर रह रहे 15-16 परिवार के करीब 50 लोगों को उनके मूल गांव श्रीनगर में शिफ्ट कर दिया है। इसके अलावा प्रभावित परिवारों के खाद्यान्न, पेयजल आदि जरूरी सामग्री उपलब्ध करा दी गई है।

एसडीएम ने गांव के प्रधान व लेखपाल को निरंतर प्रभावित परिवार की निगरानी करने और जरूरत पड़ने पर सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उधर, सीएचसी पलिया की टीम ने प्रभावित परिवारों की जांच कर दवाएं दी। एसडीएम ने आसपास बसे गांव में भ्रमण करने के लिए कहा है।

## सार-संक्षेप

### तांत्रिक महिला की पिटाई से घायल बच्ची ने तोड़ा दम

**लखीमपुर खीरी।** रमिया बेहड़ ब्लॉक के ग्राम मिझरिया में करीब 20 दिन पहले झाड़-फूंक के दौरान घायल हुई तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। आरोप है कि बच्ची की झाड़ फूंक के दौरान महिला ने पिटाई की थी और कंडे की आग से हथेली जला दी थी। ग्राम मिझरिया निवासी संदीप राज की तीन वर्षीय पुत्री माही को कई दिनों से बुखार की शिकायत थी। कई डॉक्टरों से इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इस पर परिजन उसे पड़ोसी गांव अभयपुर स्थित एक मंदिर ले गए। जहां पर एक महिला तांत्रिक ने शैतानों का साया बताकर पहले बच्ची की पिटाई की। इसके बाद कंड़े से कई बार हथेली जलाई। माही की हालत गंभीर होने पर उसका इलाज कराया गया। हालत में सुधार होने पर परिवार के लोग उसे घर ले आए थे। उसने घर पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया है।

### रास्ता धंसने पर भैंसों समेत पिकअप छोड़कर भागे चोर

**पसगवां (शाहजहांपुर):** थाना क्षेत्र के गांव मस्तीपुर में शनिवार की रात गांव के राम मिलन की दो भैंसे चोरी कर पिकअप में लादी गई, लेकिन चलते ही पिकप रास्ते में धंस गई। उधर मौके पर भैंसे न देख राम मिलन और गांव वाले निकल पड़े। तब मौका देख चोर चोरी की भैंस सहित पिकअप छोड़कर मौके से भाग निकले। पिकअप में तीन भैंसे पहले से लदी थीं। ग्रामीणों ने पिकअप और भैंसे पुलिस को सौंप दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों की संख्या करीब छह थी। चोर पिकअप में तीन भैंसे चोरी कर लाद कर ले आए थे और दो भैंसे मस्तीपुर में खोलीं। बरसात के कारण पिकअप कच्चे रास्ते में धंस गई तो बाजी पलट गई। राम मिलन तमाम ग्रामीणों के साथ पिकअप के पास पहुंच गया। उन्हें देखकर चोर मौके से भाग निकले। सूचना पर प्रशिक्षु सीओ स्वर्णिमा सिंह, थाना प्रभारी दीपक राठौर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि राम मिलन पुत्र लच्छू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है।

### पीड़ित ने सोशल मीडिया पर वायरल की पीड़ा

**पसगवां (लखीमपुर)** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में अमीरनगर चौकी क्षेत्र के ग्राम कमलापुर निवासी एक युवक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जब नहीं सुनी तो उसने अपनी पीड़ा सोशल मीडिया पर वायरल की है। पीड़ित युवक ने बताया कि पांच जुलाई को दोपहर दो बजे वह घर में नहीं था। उसकी मां और बहन सोनी देवी घर पर थीं। तभी गांव के तीन लोगों ने घर में घुसकर उसकी मां और बहन को घर से खींच लिया। उसके साथ अश्लीलता की। जान के से मारने की नीयत से घर में बंद करके बहुत मारा पीटा। पास के लोगों ने शोर सुनकर मां, बेटी को बचा लिया। पीड़ित का कहना है कि अमीरनगर चौकी पर प्रार्थनापत्र देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बल्कि सुलह समझौता करने का दबाव बना रही है। अमीरनगर चौकी इंचार्ज अरविंद तिवारी ने बताया कि उन्होंने दोनों पक्षों को बुलाया था, लेकिन बारिश के कारण एक पक्ष नहीं आ पाया। सुलह का दबाव नहीं बनाया जा रहा है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों के भय से गांव छोड़ शाहजहांपुर रहने लगा शिव

**पसगवां (लखीमपुर):** गांव सोहक निवासी शिवसिंह पुत्र मनोहर ने बताया कि वह भय के कारण विगत दो वर्षों से लोधीपुर शाहजहांपुर में रह रहा है। दो जुलाई की शाम वह शारदा नहर के पास अपना खेत देख रहा था। इसी दौरान भारत, उसकी पत्नी और पुत्र अखिलेश कुमार ने गाली गलौज कर उसे जमीन पर पटक दिया और तीनों ने उसे लात-घूंसों से पिटाई की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर लोगों के आ जाने से आरोपी भाग गए। आरोपियों ने धमकी दी कि खेती करने के लिए यदि उन्हें खेत नहीं दोगे तो गांव में नहीं घुसने देंगे। आरोपी उसके दूसरे खेत में सीमेंट के पिलर और तार उखाड़ चुके हैं। वह भय के कारण दो वर्ष से गांव में नहीं रह रहा है। पीड़ित शिव सिंह की तहरीर पर पुलिस ने पांच दिन बाद मुकदमा दर्ज कर चोटिल का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया।

### कांग्रेसियों ने कोंधवा में दलित के घर किया भोजन

**गोला गोकर्णनाथ।** कुंभी ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोला देहात के दलित ग्राम कोंधवा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के अगुवाई में दलित बस्ती में भ्रमण करते हुए स्वर्गीय बाबू जगजीवनराम की पुण्यतिथि मनाई और वहीं भोजन किया। ग्राम कांधवा में राजू भार्गव के आवास पर बाबू जगजीवन राम जी के चित्र पर दर्जनों कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेसियों नें एक स्वर से कहा कि बाबूजी ने देश की आजादी के बाद कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए दलित, शोषित, वंचित, समाज को उनके अधिकारों के प्रति हमेशा सचेत किया। राष्ट्रहित में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। दलित राजू भार्गव के ही आवास पर दर्जनों कांग्रेसियों ने सहभोज किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा, प्रेमकुमार वर्मा, आदेश गुप्ता, राजू भार्गव, नीरज भार्गव आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने जोती वृद्धा की फसल, कार्रवाई की मांग

**गोला गोकर्णनाथ।** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम काकोरी निवासी जदुरा देवी (80) पत्नी रामस्वरूप ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि दबंगों ने जबरन उसकी गन्ने की फसल को जोत दिया है। महिला ने कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि पुलिस द्वारा मुकदमा लिखा गया और 145 सीआरपीसी की कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट में भेज दिया गया, जहां कोई कार्रवाई न होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं। अपने पौत्रों के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को प्रार्थना पत्र देने आई जदुरा देवी का कहना है कि 1996 आरडी 112 में स्पष्ट कहा गया है कि अमल दरामद के लिए पक्षधर द्वारा प्रपत्र देना आवश्यक नहीं है। अमल दरामद कराना चकबंदी अधिकारियों का दायित्व है। बुजुर्ग महिला ने जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है।

### मामूली विवाद में युवती की पिटाई

**पसगवां (शाहजहांपुर):** थाना क्षेत्र के ग्राम देहरा अजीतपुर में शनिवार को बारिश के पानी के निकास को लेकर नेवाराम पासी की पुत्री सपना की गांव के काली चरन, उसकी पत्नी, बहन उर्मिला और मां ममता ने लाठी डंडे और लात घूसों से पिटाई कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंची तो आरोप भाग गए। पुलिस न चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टर समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा

**आंवला, (बरेली):** एक निजी अस्पताल के स्टाफ ने काम अधिक होने की बात कहकर नौकरी छोड़ चुकी युवती को अस्पताल में बुला लिया। जो घर नहीं लौटी, युवती के पिता ने अस्पताल के डॉक्टर समेत स्टाफ के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दातागंज बदायूं निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी आंवला नगर के सब्जी मंडी के समीप गुरुनानक अस्पताल में नौकरी करती थी। दो माह पहले उसने नौकरी छोड़ दी। पांच दिन पहले अस्पताल में काम करने वाले विनय शर्मा ने फोन करके अस्पताल में काम अधिक होने की बात कहकर बुलाया था। उसकी बेटी शाम तक वापस लौटने की बात कहकर अस्पताल गई थी। परंतु वह नहीं लौटी, उसने उस नम्बर पर फोन किया तो वह नंबर बंद है। उसने अस्पताल के डॉक्टर समेत सभी कर्मियों से बेटी के बारे में पूछा, परंतु किसी ने कुछ नहीं बताया। उसने अस्पताल के डॉक्टर समेत समस्त स्टाफ पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अस्पताल के डॉक्टर अमरपाल, स्टाफ वीरसिंह, विनय शर्मा, अशोक यादव, अर्जुन शर्मा, रूपाली और देव के खिलाफ बीएनएस की धारा 87, 351(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### 25 हजार के इनामी पशु तस्कर को भेजा जेल

**मुरादाबाद।** प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया है कि शुक्रवार देर रात मुखबिर द्वारा जयंतीपुर में पशु तस्कर के छिपे होने की जानकारी दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो वह 25 हजार का इनामी निकला। कुछ समय पहले ही पशु तस्करी के आरोप में जौनपुर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। वहीं मझोला थाने में भी आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। कार्रवाई दौरान पुलिस ने पास से मादक पदार्थ व अन्य सामग्री जब्त की है। आरोपी की पहचान मझोला के मिया कॉलोनी निवासी अफजाल पुत्र अब्दुल रहमान के रूप में हुई है।

### खेत में रखवाली कर रहे किसान का मिला शव

**खमरिया (लखीमपुर)** गांव शंकरपुर निवासी रामलखन (55) शनिवार की शाम खेत की रखवाली करने गए थे। रविवार की सुबह राम लखन का शव जेठरा निवासी विशंभर दयाल के खाली पड़े खेत में पाया गया। शव मिलने की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मृतक के हाथ में एक दवा की सीसी बरामद हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दवा की शीशी को कब्जे में लिया है। मृतक के पुत्र जयपाल ने बताया कि उसके पिता ने गांव के ही विशंभर का खेत बंटाई पर लिया था। जिसमें खड़ी गन्ने की फसल की रखवाली करने के लिए पिता रामलखन जाते थे। वह बीमार भी रहते थे। शनिवार की भी शाम को वह खेत की रखवाली करने गए थे। थानाध्यक्ष ईसानगर देवेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## बारिश ने थामी ट्रेनों की रफ्तार

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार:** बांकेगंज और मैलानी स्टेशन के बीच जंगल में बारिश के दौरान एक पेड़ रेलवे ट्रैक पर गिर गया। सकी वजह से सुबह के समय लखनऊ जाने वाली 05087 पैसेंजर ट्रेन लखीमपुर स्टेशन पर अपने निर्धारित समय 06:14 से करीब डेढ़ घंटे लेट पहुंची। लखनऊ जाने वाली 05085 पैसेंजर ट्रेन निर्धारित समय 12:09 की जगह 01:13 पर पर लखीमपुर पहुंची। ऐसे में लखनऊ से लेकर सीतापुर जाने वाले मुसाफिर ट्रेनों के इंतजार पर स्टेशनों पर परेशान होते रहे।

## जेसीबी की टक्कर से पोल टूटा, बिजली गुल

बरेली, कार्यालय

**● किला इलाके में मरम्मत के कामों और कोहाड़ापीर, सिविल लाइंस में फाल्ट ने किया परेशान**

**अमृत विचार :** जेसीबी की टक्कर से 33 केवी लाइन का पोल टूट जाने से बदायूं रोड पर तमाम कॉलोनियों में बिजली गुल हो गई। उधर, किला इलाके में मरम्मत के काम और सिविल लाइंस और कोहाड़ापीर में ट्रिपिंग के साथ फाल्ट लोगों की मुसीबत बने रहे। इन इलाकों में भी रविवार को घंटों बिजली गुल रही।

बदायूं रोड पर रविवार को नगर निगम की ओर से जेसीबी से नाले की सफाई कराई जा रही थी। इसी दौरान जेसीबी की टक्कर से सड़क किनारे 33 केवी लाइन का बिजली का पोल टूट गया। इससे सुभाषनगर सबस्टेशन से जुड़ी तमाम कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि नया पोल लगवाकर दो घंटे के अंदर बिजली आपूर्ति को बहाल करा दिया गया। किला उपकेंद्र के सुर्खा बानखाना, शास्त्रीनगर, कुदेशिया फाटक पर ट्रांसफार्मर बदले जाने से दोपहर के वक्त कई घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही।

बाकरगंज, हुसैन बाग, गढ़ी चौकी, दुर्गानगर, संजयनगर समेत कई इलाकों में भी कई घंटे बिजली न आने की शिकायतें पहुंचीं। जगतपुर उपकेंद्र से जुड़े पवन विहार, पशुपति विहार, आजादनगर, फाइक एन्क्लेव और पीलीभीत बाईपास पर भी तीन से चार घंटे बिजली गुल रही। सिविल लाइंस और कोहाड़ापीर से जुड़े इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने लोगों को परेशान किया। शनिवार रात बारिश के बाद सीबीगंज, कुतुबखाना, मिशन उपकेंद्र समेत कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## बारिश में सिग्नल फेल तो कहीं बह गया ट्रैक

बरेली, कार्यालय

**● मिलक और दुगनपुर के बीच सिग्नल फेल होने से मालदा एक्सप्रेस को रोका गया**

**● मेरठ- खरखौदा के बीच ट्रैक की मिट्टी बहने से घंटों की देरी से पहुंची नौचंदी एक्सप्रेस**

**अमृत विचार :** बारिश में मिलक के पास सिग्नल फेल होने से मालदा टाउन समेत कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। इसके अलावा मेरठ-खरखौदा स्टेशन के बीच ट्रैक की मिट्टी बह जाने से नौचंदी एक्सप्रेस को डायवर्ट किया गया, जिससे ट्रेन जंक्शन पर 4 घंटा 22 मिनट की देरी से पहुंची।

रविवार सुबह बरेली से निकलने के बाद 14003 मालदा टाउन एक्सप्रेस को एक घंटा तक मिलक के पास खड़ा कर दिया गया। इससे नाराज यात्रियों ने एक्स पर रेलवे अधिकारियों से शिकायत की तो बताया गया कि मिलक और दुगनपुर स्टेशन के बीच सिग्नल फेल होने के कारण ट्रेन को रोका गया है। इसके अलावा 14316 इंटर सिटी एक्सप्रेस भी शनिवार देर रात अमरोहा और कैलसा स्टेशन के बीच सिग्नल फेल होने की वजह से करीब एक घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची।

### ये ट्रेनें भी घंटों की देरी से पहुंचीं

ब्लॉक और बारिश की वजह से रविवार को शहीद एक्सप्रेस 3 घंटा 50 मिनट, कामाख्या भगत की कोठी एक्सप्रेस 2 घंटा 6 मिनट, दुर्गियाना एक्सप्रेस 1 घंटा 23 मिनट, डिब्रूगढ़ चंडीगढ़ एक्सप्रेस 2 घंटा 37 मिनट, सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस 1 घंटा 26 मिनट, वाराणसी समर स्पेशल 3 घंटा 48 मिनट और लखनऊ जंक्शन डबल डेकर 2 घंटा 12 मिनट की देरी से जंक्शन पर पहुंची।

## पेड़ गिरने से एक ही परिवार के सात लोग दबे, हालत गंभीर

**लखीमपुर खीरी।** गांव मरखापुर सीमा के पास झोपड़ी में संतराम अपने परिवार के साथ रहता है। देर रात करीब नौ बजे तेज झोपड़ी पर गूलर का पेड़ गिर गया, जिससे संतराम (38), उसकी पत्नी निर्मला (35), पुत्री प्रीती (15), नैन्सी (12), कविता (10), कामिनी (8) व कल्पना (5) दब गए। हादसे में संतराम और उसकी पुत्री नैन्सी गंभीर रूप से घायल हुई है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दीवार तोड़कर कब्रिस्तान में घुसा ट्रक, क्लीनर की मौत

**सैदनगली (अमरोहा)अमृत विचार :** चालक को नींद की झपकी आने से उत्तराखंड के हरिद्वार से छत्तीसगढ़ के रायपुर जा रहा शीशे से लदा ट्रक सड़क किनारे कब्रिस्तान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। हादसे में ट्रक चालक एवं क्लीनर घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बाद में उपचार के दौरान नदीम की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि रविवार तड़के करीब चार बजे संभल मार्ग पर सैदनगली के नजदीक चालक को नींद की झपकी आने से शीशे से लदा ट्रक सड़क किनारे कब्रिस्तान की दीवार को तोड़कर अंदर घुस गया। हादसे में ट्रक चालक सलमान पुत्र रसीद तथा क्लीनर नदीम निवासी चांदपुर-बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अब होगी सख्ती, 200 अवैध कॉलोनियों की सूची बीडीए ने वेबसाइट पर डाली

बरेली, कार्यालय

**● लोगों से की अपील, अवैध कॉलोनी में न खरीदें घर-प्लॉट, वर्ना डूब जाएगी मेहनत की कम**

**अमृत विचार :** बीडीए ने करीब दो सौ अवैध कॉलोनियों की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड की है। इसके साथ लोगों से अपील की है कि इन कॉलोनियों में प्लॉट या घर न खरीदें। उसकी ओर से अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जरा सी लापरवाही उनकी मेहनत की कमाई डुबो सकती है।

नाथ नगरी के रूप में विकसित हो रहे शहर के आसपास बड़े पैमाने पर प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनियां बनाई जा रही हैं। बीडीए अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने के बावजूद अवैध कॉलोनी विकसित करने का सिलसिला रुक नहीं पा रहा है। दलालों के जरिए लोगों को झांसे में लेकर अवैध कॉलोनियों में लोगों को प्लॉट और घर भी बेचे जा रहे हैं। बीडीए ने अब लोगों को आगाह करने के लिए करीब 200 अवैध कॉलोनियों की सूची अपनी वेबसाइट पर डाली है। प्रमाणित ग्रुप हाउसिंग की भी सूची डाली है ताकि लोग गलत जगह पूंजी लगाकर पछताएं नहीं।

बता दें कि बीडीए ने हाल ही में अवैध रूप से विकसित की जा रही 70 से ज्यादा कॉलोनियों पर कार्रवाई की है। बिना मानचित्र बनाए गए भवनों पर बुलडोजर चलाया है। बीडीए के अफसरों का कहना है कि अवैध निर्माण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह आगे भी जारी रहेगी।

### बीडीए से घर लेने में ही बेफिक्र

बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंदन ए ने बताया कि अगर कोई प्लॉट या मकान लेना चाहता है तो अवैध कॉलोनी के बजाय बीडीए से खरीदे। अवैध कॉलोनी में घर खरीदने से धन और समय दोनों बर्बाद होगा। इसलिए प्रापर्टी खरीदने से पहले बीडीए कार्यालय आकर जांच कर लेनी चाहिए। बीडीए ने लोगों के लिए कई आवासीय परियोजनाएं चलाई हैं जिनसे बेहतर सुविधा कहीं नहीं मिल सकती। रामगंगा नगर, नाथधाम, ग्रेटर बरेली में आवेदन कर आसानी से आवास लिया जा सकता है। बैंक से लोन भी मिल सकता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
पहले मेरा नाम मनीषा भाटिया (MANISHA BHATIA) था अब मैने अपना नाम बदल कर मनीषा कपूर (MANISHA KAPOOR) रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनीषा कपूर पत्नी मंदीप कुमार नि. मो. गणेशगंज, पूरनपुर, पीलीभीत**

आवश्यकता है
आकांक्षा एन्क्लेव,
निकट मुंशी नगर बरेली में
200, 300 या 500 वर्ग मीटर
भूमि की आवश्यकता है।
सेंट जेवियर स्कूल के पीछे, बरेली
संपर्क करें
मो. 7310623798

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### जिले में दो राज्य मार्ग समेत 23 सड़कें बंद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रविवार को भवाली से धानाचूली होते हुए ओखलकांडा जाने वाला राज्य मार्ग संख्या 64 बंद हो गया। वहीं गर्जिया से बेतालघाट जाने वाला राज्य मार्ग संख्या 62 भी भूस्खलन की वजह से दिन के समय बंद रहा। इन दोनों मार्गों को शाम तक खोल दिया गया था। हल्द्वानी से कालाढूंगी होते हुए रामनगर जाने वाले राज्य मार्ग संख्या 41 को शाम के समय बंद कर दिया गया था। साथ ही बेतालघाट क्षेत्र में राज्य मार्ग संख्या 71 बंद हो गया है, जिसे खोला जा रहा है। इसके अलावा जिले में रविवार को 29 ग्रामीण व अन्य मार्ग बंद हो गए थे। प्रशासन के अनुसार रविवार की शाम तक जिले में 23 मार्ग बंद रहे, जिनमें दो राज्य मार्ग, एक-एक प्रारंभिक और आरंभिक जिला मार्ग और 17 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। इधर, हल्द्वानी से चोरगलिया मार्ग में पड़ने वाले शेरनाला और सूर्यानाला में बहाव तेज हो गया है। पुलिस ने मार्ग पर आवागमन बंद करवा दी है।

### विद्युत लाइनों में पेड़ गिरने से आपूर्ति ठप

**नैनीताल :** रविवार को ठंडी सड़क पर विद्युत लाइनों में पेड़ गिर गया। जिस कारण तल्लीताल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप है। वहीं भवाली रेहड़ के जंगल में भी विद्युत लाइन पर पेड़ गिरा है। सुबह लगभग 9 बजे से गेठिया, भूमियाधार, वीर भट्टी, छीटा, गॉजा, बेलुवाखान, शिमलखेत, ज्योलीकोट, चोपड़ा, दोगांव सहित दर्जनों गांवों में बिजली गुल है। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया बताया कि जल्द ही पेड़ कटवाकर बिजली आपूर्ति सुचारु की जाएगी।

### हिमालय कॉलोनी में मोटर से निकाला पानी

**हल्द्वानी :** हिमालय कॉलोनी क्षेत्र में रकसिया नाला उफान पर आने से घरों व खेतों में जलभराव हो गया। नगर निगम की टीम को मौके पर बुलाकर मोटर से पानी खिंचवाया जा रहा है। इसके अलावा पांच ह्यूम पाइप पहुंच गए और पांच कल पहुंच जाएंगे। जल्द ही तिकोनिया नहर का भी काम शुरू हो जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि कई इलाकों में जलभराव हुआ है। हालांकि बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। गौला नदी में 26,810 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर भूकटाव पर नजर रखी जा रही है। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि लालकुआं में इंदिरा नगर खत्ता के समीप दो परिवारों को शिफ्ट किया गया है।

# सीजेएम के फर्जी आदेश बनाकर रिलीज कराए 10 वाहन, रिपोर्ट दर्ज

## आदेश लेकर मोहर लगवाने कोर्ट पहुंचने पर हुआ मामले का खुलासा

बदायूं, कार्यालय

- लिपिक और यातायात प्रभारी की तहरीर पर कार्रवाई

> सीजेएम कोर्ट का फर्जी आदेश बनाकर वाहनों को छुड़वाने का मामला सामने आया है। मामलों की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। – **संजय सिंह,** प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली सिविल लाइन

**अमृत विचार :** सीजेएम का फर्जी आदेश बनाकर सीज वाहनों को छुड़ाने वाले गिरोह सक्रिय है। छह जुलाई को सीज वाहनों के सत्यापन के दौरान मामला पकड़ में आया। इसमें 10 सीज वाहनों को फर्जी आदेश पर रिलीज कराने की बात सामने आई तो विभाग के होश उड़ गये। यातायात प्रभारी और सीजेएम कोर्ट के लिपिक की तहरीर पर सिविल लाइन कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह की तलाश में है।

पांच जुलाई को लगभग चार बजे एक व्यक्ति वाद संख्या 19105/24 सरकार बनाम रंजीत के मामले में धारा 207 एमवी एक्ट से संबंधित वाहन UP24T6003 के रिलीज का आदेश लेकर आया। उसने कहा कि उसके आदेश पर कोर्ट की गोल मुहर नहीं लगी है। इसके चलते उसकी गाड़ी नहीं छूट रही है। उसने मोहर लगाने को कहा। सीजेएम कोर्ट के अलहमद मनोज यादव ने रिलीज आदेश का अवलोकन किया। कार्यालय के रिकॉर्ड से चालान का मिलान करने पर पता चला कि चालान का निस्तारण नहीं हुआ है। कोर्ट ने भी वाहन को रिलीज करने का आदेश नहीं दिया है। न ही कार्यालय से आदेश की कॉपी जारी हुई है। उसके पास मौजूद रिलीज आदेश का अवलोकन से पता चला कि किसी व्यक्ति ने उसे फर्जी तरीके से तैयार किया है और कोर्ट की फर्जी मुहर भी लगा ली है। इससे राजस्व की हानि हुई है। यह कोर्ट से धोखाधड़ी और कूटरचित आदेश तैयार करने की श्रेणी में आता है। मनोज यादव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।


कोर्ट ने यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक राम सेवक सिंह राठौर को बुलाकर रिलीज किए गए वाहनों से संबंधित प्रपत्रों का मिलान कराया जिसमें 10 वाहन ऐसे मिले जो फर्जी आदेश पर रिलीज कराए गए हैं। रामसेवक सिंह राठौर ने सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह जलाई को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय से धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किए गए वाहनों के सत्यापन के लिए बुलाया गया था। सत्यापन के दौरान श्याम पाल के वाहन UP25EA0773, लोकमान हुसैन के वाहन UP25ET4464, नरेश के वाहन UP25FT3211, मोरपाल के वाहन UP25AT1380, आफाक के वाहन UP24AT1566, वेद प्रकाश आर्य के वाहन UP25DT8754, बेबी के वाहन UP25AT0069, बदन सिंह के वाहन UP25AT1052, आकाश के वाहन UP25AT0839 और अनीस अहमद के वाहन UP25ET1428 के रिलीज आदेश की छायाप्रति न्यायालय कार्यालय में नहीं है और न ही उन वाहनों का रिलीज आदेश न्यायालय ने जारी किया है। किसी ने इन वाहनों का फर्जी आदेश तैयार करके सिविल लाइन से वाहनों को अवमुक्त करा लिया है। उपनिरीक्षक की तहरीर पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी, कूटरचना आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** घर लौट रहे चचेरे-तहेरे भाइयों की बाइक को सामने से आए ऑटो से टक्कर लग गई। हादसे में दोनों भाइयों घायल हो गए। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर है। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी सोनू पुत्र शीशपाल अपने तहेरे भाई सुभाष पुत्र नरोत्तम के साथ शनिवार खरीदारी करने के लिए उझानी बाजार आए थे। दोनों भाई एक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। शाम को उझानी कोतवाली क्षेत्र में बिल्सी मार्ग स्थित एक ईंट भट्ठे के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ऑटो ने टक्कर मार दी। बाइक फिसलकर दूर तक गई। बाइक सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां रविवार तड़के इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया।

## बलियानाला और नैना पीक में बढ़ा भूस्खलन का खतरा

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल के बलियानाला में भूस्खलन वाला क्षेत्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश से पहाड़ों में भूस्खलन का खतरा बढ़ने लगा है। शनिवार देर शाम चार्टन लॉज में भूस्खलन के बाद जहां दर्जनों परिवार खतरे की जद में हैं। वहीं रविवार को बारिश के दौरान नगर की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक और बलियानाला में भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है।

बलियानाला क्षेत्र में दशकों से हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिये करीब दो सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। भूगर्भीय अध्ययन के बाद बलियानाले में प्रस्तावित कार्यों की डीपीआर तैयार की गयी है। इस रिपोर्ट के आधार पर शुरुआती चरण में एसडीए, एंकरिंग, प्रोडक्शन, डेमसिंग और रिप्रोफाइलिंग का कार्य किया जा रहा था, लेकिन मानसून सीजन शुरू होने के बाद एक बार फिर से काम को बंद करना पड़ा है। इस बार मानसून के रौद्र रूप को देखते हुए फिर से भूस्खलन की संभावना बढ़ने लगी है। इधर, नैना पीक की चोटी में भी दरार दिखने लगी है।

### रैमजे अस्पताल के समीप सुरक्षा दीवार ढही

**नैनीताल :** बारिश से नाले उफान पर आ गए हैं। जगह-जगह सड़कों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। रविवार देर शाम तक नगर में करीब 50 मिलीमीटर बारिश हुई। इधर, बारिश से रविवार को नगर के रैमजे अस्पताल के समीप एक सुरक्षा दीवार रह गई। वहीं बड़ा बाजार के एक घर में बारिश का पानी घुस गया। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 14 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा।

## भरभरा कर गिरा मकान सड़क पर आया परिवार

संवाददाता, दातागंज



सड़क पर पीडित परिवार

**अमृत विचार :** लगातार बारिश के चलते रविवार को ब्लाक दातागंज के गांव कोली निवासी पप्पू पुत्र मेघराज का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया । कच्चा मकान गिरने की आवाज पर पूरा गांव मौके पर पहुंच गया। घटना के समय परिवार का कोई सदस्य मकान के अंदर नहीं था जिससे जनहानि नहीं हुई ।

पिछले कई दिन से बारिश हो रही है। कोली निवासी पप्पू गरीब है। वह अपने कच्चे मकान में पत्नी बच्चों के साथ रहता है। रविवार को उसके बच्चे और पत्नी घर के बाहर बैठे थे तभी अचानक उसका कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान गिरने से हुयी तेज धमाकेदार आवाज सुनकर गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने देखा कि परिवार के सभी लोग बाहर सकुशल हैं तो राहत की सांस ली। पप्पू का घरेलू सामान मकान के मलबे में दब गया। मकान गिर जाने से वह खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। उसे आज तक सरकारी आवास भी नहीं मिला है। गांववालों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पप्पू को सरकारी आवास दिया जाए।

## प्रशासन भूस्खलन रोकने में कर रहा है लापरवाही

**नैनीताल, अमृत विचार :** चार्टन लॉज में बारिश से लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिला प्रशासन ने खतरे की जद में आए परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भिजवा दिया है। वहीं लोक निर्माण विभाग क्षेत्र की पहाड़ियों में तिरपाल डालकर भू-कटाव रोकने में लगा है। इससे प्रभावित लोगों में रोष है। उन्होंने लोनिवि की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन भूस्खलन रोकने में लापरवाही कर रहा है। क्षेत्रीय निवासी भारती जोशी ने बताया कि गत वर्ष सितंबर माह में चार्टन लॉज की पहाड़ियों में भूस्खलन हुआ था। जिसके बाद से लोग पहाड़ी की मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन लोनिवि और जिला प्रशासन की टीम ने भूस्खलन रोकने के नाम पर पहाड़ी में केवल जिओ बैग में मिट्टी भरकर खानापूर्ति कर दी। जबकि प्रभावित क्षेत्र में पहाड़ी के ऊपरी छोर से पानी का रिसाव हो रहा है।

## पैग न पिलाने पर दोस्त को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> शनिवार देर रात आठ दोस्त आपस में पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान एक ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक के पेट में गोली लगी है। वह अस्पताल में भर्ती है। घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। **–अखिलेश भदौरिया,** एसपी सिटी

- साथ बैठकर शराब पी रहे दोस्तों में देर रात हुआ झगड़ा
- पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, फरार दोस्तों की तलाश जारी

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पार्टी में शराब की बोतल मंगाने को लेकर दोस्तों में झगड़ा हो गया। इसी दौरान नशे में धुत एक युवक ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली पार्टी में मौजूद दोस्त के पेट में धंस गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरे का तमंचे की बट से सिर फोड़ दिया। विवाद में एक आरोपी भी घायल हो गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य फरार की तलाश की जा रही है।

थाना क्षेत्र के अवंतिका कॉलोनी निवासी कपिल ने तहरीर में बताया है कि वह और उनके दोनों जीजा सत्यम व आकाश जोमेटो में डिलीवरी का काम करते हैं। शनिवार रात लगभग एक बजे मनीष ने दीनदयाल नगर में एक शराब पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी में मनीष के पांच दोस्त भी मौजूद थे। वहीं मनीष ने देर रात आकाश को फोन करके पार्टी में सत्यम व उसको भी बुला लिया। फिर घंटों तक महफिल सजी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी में साथ बैठकर आठों दोस्त शराब की चार बोतल गटक गए। फिर शराब कम पड़ने पर आपस में झगड़ा करने लगे। पार्टी में खाली जेब होने के बाद नशे मे धुत शलभ ने फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान सत्यम और आकाश ने बीचबचाव किया।

छजलैट के लदावली निवासी शलभ ने सत्यम को गोली मार दी। गोली पेट में धंस गई। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। कपिल ने तहरीर में बताया है कि इसके बाद आकाश के साथ भी मारपीट करने लगे। आनन-फानन में आकाश ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग खड़े हुए। इतने में शलभ का पैर फिसल गया। वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने शलभ को तमंचा के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके भी सिर में चोट लगी है। अन्य मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सत्यम को निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कपिल की शिकायत पर पुलिस ने मनीष, समरपाल, दीपक शर्मा, हर्ष यादव, संजीव राणा व शलभ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हत्या का आरोप

**मिरहची, अमृत विचार:** सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के नगला मोड़ निवासी मीना देवी ने बताया कि उसने अपनी बेटी रेखा (23) की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मिरहची थाना क्षेत्र के बढ़ौली निवासी मानवेंद्र के साथ की थी।

शादी के बाद रेखा के ससुरालीजन एक बुलेट मोटर साइकिल व सोने की चेन-अंगूठी की मांग करते थे। इसको लेकर रेखा को प्रताड़ित किया जा रहा था। रविवार दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि ससुराल वालों ने रेखा को मार दिया है। मायके वाले पहुंचे तो रेखा का शव बेड पर पड़ा था।

उसके ससुराल वाले मौके से फरार थे। आरोप है कि रेखा की गला की गई है। थाना प्रभारी केके लोधी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

## फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चोरी करने वाले गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जनसेवा केंद्र से चोरी करने के मामले का खुलासा
- पुलिस और एसओजी टीम को मिली कामयाबी



पुलिस की गिरफ्त में जनसेवा केंद्र से चोरी करने के आरोपी और जानकारी देते एसपी देहात राम मोहन सिंह।

**अमृत विचार :** जनसेवा केंद्रों से चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 44 हजार रुपये, कार की फर्जी नंबर प्लेट तथा दो असली नंबर प्लेट मिली है।

वह चोरी करने के लिए फर्जी नम्बर प्लेट का इस्तेमाल करते थे। एसपी देहात राम मोहन सिंह ने बताया कि जरीफनगर थाना अंतर्गत रसूलपुर कलां गांव के विपिन कुमार सिंह पुत्र सुरेंद्र कुमार थाना मुजरिया क्षेत्र के कस्बा कौल्हाई स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। 30 जून की सुबह उन्होंने अपने दो लाख रुपये का बैग काउंटर पर रख दिया। इसी बीच कार सवार से दो युवक आए और बैग उठाकर भाग निकलने। उन्होंने शोर मचाया लेकिन वह दूर जा चुके थे। सूचना मिलने पर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे। एसओजी ने उनके भागने वाले मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इसके आधार पर एसओजी और पुलिस ने रविवार सुबह साढ़े छह बजे बिल्सी-कछला मार्ग के गांव नगला भिंड जाने वाले मार्ग पर बने यात्री शेड से दो लोगों को पकड़ लिया। एक का पता अलीगढ़ के थाना क्वारसी के गांव भगवान गढ़ी निवासी गौरव उर्फ उत्तम पुत्र अजय कुमार तथा दूसरा अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी की फायर ब्रिगेड कॉलोनी निवासी आशू पुत्र देवराज सिंह निकला। उनके पास से फर्जी और असली नंबर प्लेट मिलीं। उन्होंने बताया कि वह दोनों चोरी करने जाते समय कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाते थे। घटना को अंजाम देने के बाद भाग जाते थे।

## जलभराव वाले क्षेत्रों में नहीं पहुंची टीम

**हल्द्वानी :** बारिश से कुसुमखेड़ा के भूमिया विहार, द्वारिकापुरी, संगम विहार आदि कॉलोनियों में जलभराव हो गया। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से जलभराव की शिकायत की, लेकिन टीम नहीं पहुंची। भूमिया विहार में गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया। इधर, शनि बाजार स्थित नाला भी उफान पर रहा। ज्योति विहार, चौधरी कॉलोनी आदि की सड़कें जलमग्न रहीं। शिवराम गुंसाई मंदिर के पास नाला क्षतिग्रस्त होने से हादसों का खतरा है। पुरानी आईटीआई परिसर में भी पानी जमा हो गया और तीनपानी बरेली रोड नाले का गंदा पानी सड़कों पर आ गया। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने कहा शनि बाजार में पानी की निकासी कराई गई।

## गिरिजा मंदिर की तलहटी तक पहुंचा पानी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। क्षेत्र में छुटपुट जलभराव की खबरों के अलावा फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। बीते दिन कोसी नदी का जलस्तर जहां 11,170 क्यूसेक रहा, वहीं रविवार को यह घटकर 10 हजार क्यूसेक पहुंच गया।

रविवार की सांय लगभग सवा सात बजे तक कोसी बैराज में पानी घटकर 9 हजार क्यूसेक हो गया था। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि रामनगर क्षेत्र में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि अभी तक जन हानि, पशु हानि, फसल हानि नहीं हुई है। न ही कोई भूस्खलन हुआ है। प्रशासन रात दिन चौकसी बरते हुए है। इधर, रविवार की सुबह गिरिजा मंदिर में की तलहटी में कोसी के रोखड़ पर छप्पर के रूप में बनी कई दुकानें बह गई। इन दुकानों से पहले ही सामान निकाल लिया गया था।

**रेन बसेरा, पंचायत घर में शरण लें नदी किनारे ठहरे लोग :** पूछड़ी क्षेत्र का एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे, एसएसआई मनोज नयाल, राजस्व उप निरीक्षक आरिफ, राहुल, गोविन्द, ग्राम प्रधान ने निरीक्षण कर लोगों से बारिश के रेड अलर्ट को देखते हुए राजकीय विद्यालय, पंचायत घर, रैन बसेरा आदि स्थानों पर जाने की अपील की।

### दो दिन में 20 परिवारों को किया शिफ्ट

**रामनगर :** प्रशासन ने पूछड़ी गांव से आठ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। रविवार को पूछड़ी गांव में कोसी किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। अब तक कुल 20 परिवारों को संवेदनशील स्थानों से हटाया जा चुका है। कोसी के जलस्तर में वृद्धि होने के अनुमान को देखते हुए गर्जिया चौकी पुलिस ने गिरिजा मंदिर परिसर में प्रसाद बेचने की दुकानें भी नदी से हटवा दीं। रविवार को धनगढ़ी, पनोद नाले में पानी का बहाव जरूर बढ़ा, लेकिन यातायात बाधित नहीं रहा। ढेला नदी में अत्यधिक पानी आने से कुछ देर के लिए यातायात रोकना पड़ा। सिंचाई विभाग के कोसी बैराज कंट्रोल रूम के अनुसार रविवार सुबह तक 29 .2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

पर्यटन

नाव और टैक्सी चालकों में निराशा, शहर के 80 प्रतिशत होटल हुए खाली, पहाड़ों में हो रही भारी बारिश के कारण आने से बच रहे पर्यटक

# नैनीताल में पटरी से उतरा पर्यटन कारोबार, सैलानियों की संख्या घटी

### हालात

- बारिश के चलते वीरान पड़े शहर के पर्यटक स्थल
- रविवार को दिनभर वीरान रहे नैनीताल के पर्यटक स्थल

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में बारिश के दौरान छाता और बरसाती लेकर चहल-कदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार



बारिश के दौरान छाता लेकर गुजरती पर्यटक।

**अमृत विचार :** बारिश का असर उत्तराखंड के पर्यटन कारोबार पर पड़ने लगा है। बीते तीन दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटन कारोबार पटरी से उतर गया है। पर्यटकों की आमद से गुलजार रहने वाले पर्यटक स्थल रविवार को दिनभर वीरान पड़े रहे। जो पर्यटक बीते दिनों घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे, उनमें से अधिकांश पर्यटक अब बारिश के चलते अपने होटल में ही दुबकने को मजबूर हैं। हालांकि नैनीताल पहुंचे कुछ पर्यटक शहर के पर्यटक स्थलों में बारिश के दौरान घूमते नजर आए। हिमालय दर्शन, माल रोड, पंत पार्क, चिड़ियाघर, रोप वे, केव गार्डन समेत नैनी झील में पर्यटकों के न आने से वीरानी छाई रही। शहर में पर्यटकों की आमद न होने से पर्यटन कारोबारी निराश हैं।

बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट का कहना हैकि शहर में नाव व्यवसाय से करीब 600 परिवार जुड़े हैं। बरसात के चलते अधिकांश नाव चालकों ने अपनी नाव नहीं चलाई है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वहीं दूसरी तरफ पर्यटकों को नैनीताल के पर्यटक स्थल घूमाने वाले टैक्सी कारोबारी भी बरसात होने से निराश नजर आ रहे हैं। टैक्सी एसोसिएशन के पुनीत शाह का कहना है कि शहर में पर्यटकों की संख्या न के बराबर है, ऐसे में उनके कारोबार पर भी असर पड़ा है।

इधर, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने कहा कि बरसात के दौरान पर्यटकों की संख्या में कमी देखी जा रही है। शहर के 80 प्रतिशत होटल अब खाली हो चुके हैं। मैदानी क्षेत्र से इन दिनों पहाड़ आने वाले पर्यटक बरसात भूस्खलन की घटनाओं से काफी डर जाते हैं। जिसकी वजह से पर्यटक बरसात के दौरान नैनीताल और उसके आसपास के पर्यटक स्थलों में आने से बचते हैं।

## बच्चेदानी निकालने के आरोप में डाक्टर पर रिपोर्ट

संवाददाता, विजय नगला

- आपरेशन से हुए प्रसव के दौरान नवजात की हुई थी
- प्रसूता गंभीर होने पर बरेली के अस्पताल ले जाई गई थी

**अमृत विचार :** ऑपरेशन से हुए प्रसव के दौरान प्रसूता की बच्चेदानी निकालने तथा नवजात की मौत होने के मामले में पुलिस ने बिनावर क्षेत्र की डॉ. पूनम शुभ कृष्णा अस्पताल की चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रसूता का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

थाना मूसाझाग अंतर्गत सहौरा निवासी लीलावती पत्नी रामेश्वर ने थाना बिनावर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे हेम सिंह की पत्नी फूलवती उर्फ निशा के सामान्य प्रसव से दो बच्चे हुए थे। तीसरा बच्चा होने वाला था। प्रसव पीड़ा होने पर फूलवती को बिनावर कस्बे के डॉ. पूनम शुभ कृष्णा अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक ने सामान्य प्रसव बताते हुए अस्पताल में भर्ती कर लिया। आरोप है कि भर्ती करने के बाद अस्पताल की चिकित्सक डॉ. पूनम ने उन्हें डराना शुरू कर दिया। उन्होंने फूलवती की हालत गंभीर बताकर 28 हजार रुपये जमा करा लिए और फूलवती का ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद मृत नवजात मिला। उन्होंने चिकित्सक पर बच्चेदानी बाहर निकालने का आरोप लगाया जिससे प्रसूता की हालत खराब हो गई। उन्होंने कहा कि प्रसूता फूलवती लगभग मरणासन्न की स्थिति में पहुंच गईं। हालत गंभीर होने पर वह प्रसूता को लेकर बरेली के अस्पताल गईं। जहां चिकित्सक ने बताया था कि उसकी बच्चेदानी नहीं है। इसके बाद परिजनों ने 28 जून को अस्पताल जाकर हंगामा किया तो अस्पताल का स्टाफ भाग गया। लीलावती की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल की चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### बारिश के बाद धूप खिली तो से उमस भरी गर्मी बढ़ी

एटा। कई दिन लगातार हुई बारिश के बाद रविवार को तेज धूप खिली, जिससे उमस भरी गर्मी बढ़ गई। गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। शनिवार को रात में बारिश हुई थी और रविवार सुबह तक मौसम ठंडा रहा था, लेकिन धूप निकलने के बाद गर्मी व उमस बढ़ने लगी। इसके चलते लोगों को पसीने से तरबतर देखा गया। मौसम विभाग लगातार बारिश होने का पूर्वानुमान जारी कर रहा है। रविवार को भी जिले में भारी वर्षा का अलर्ट था, लेकिन पूर्वानुमान से हटकर धूप ने अपना असर दिखाया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बारिश लगातार जारी है। पूर्वानुमान कभी-कभी सटीक नहीं बैठ पाता है। हालांकि बारिश पूरे सप्ताह होने के संकेत मिल रहे हैं।

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। एसपी अपर्णा रजत कौसिक के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पुलिस को कामयाबी भी मिल रही है। इसी अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त बंटू कुशवाह निवासी शिशु मंदिर बिलराम गेट को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# प्रेमिका ने रिश्तेदारों से मिलकर की थी प्रेमी की हत्या, पुलिस ने जेल भेजा

## अवैध संबंधों का रिश्तेदार करते थे विरोध, आरोपियों ने मफलर से घोंटा था युवक का गला

संवाददाता, एटा



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी महिला व उसका रिश्तेदार। ● अमृत विचार

- पुलिस ने घटना का खुलासा कर हत्यारोपी महिला व उसके रिश्तेदार को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** महाराजपुर के युवक पंकज की हत्या उसकी प्रेमिका ने अपने ननदोई की मदद से की थी। पुलिस ने घटना का खुलासा कर हत्यारोपी प्रेमिका व उसके एक रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महाराजपुर निवासी पंकज एक जुलाई को लापता हो गया था। पंकज की मां सुषमा देवी ने पांच जुलाई को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने सत्यप्रकाश के रिश्तेदार राजीव व राजकुमारी आदि पर हत्या करने का आरोप लगाया था। जसरथपुर थाना पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी राजीव के पुत्र अनीश को अलीगंज सरौठ रोड़ कांशीराम कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया कर लिया। अनीश की निशानदेही पर पंकज का शव अलीगंज सरौठ रोड ईदगाह के पास से बरामद किया गया। पुलिस ने हत्यारोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि पंकज के गांव की एक महिला से मधुर संबंध थे। दोनों के घर आमने-सामने हैं। उनके अवैध संबंधों की जानकारी आसपास के व्यक्तियों को भी थी। उनके संबंधों से महिला के रिश्तेदार राजीव व उसके परिजन नाराज थे। राजीव ने पूर्व में कई बार दोनों को समझाया था, लेकिन पंकज नहीं माना और चोरी छिपे मिलता रहा।

आरोपी राजीव ने जब महिला पर ज्यादा दबाव बनाया तो उसने पंकज को रास्ते से हटाने का फैसला किया। एक जुलाई को उसने राजीव व उसके लड़के विनय और अनीश ने योजना बनाई। महिला ने पंकज को फोन करके राजीव के खेत (अलीगंज) पर बुलाया। पंकज के आने पर चारों ने मिलकर मफलर से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव अलीगंज सरौंठ रोड किनारे ईदगाह के पास झाड़ियों में कच्चे तालाब के किनारे फेंक दिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह भी शामिल रहे।

# वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत, पति गंभीर घायल

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** रिजोर थाना क्षेत्र के गिलोदिया तिराहे पर किसी वाहन ने बाइक सवार दंपती को रौंद दिया। इस हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति की हालत गंभीर है। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जनपद मैनपुरी के कस्बा औंछा के रहने वाले संजू बाइक पर पत्नी मंजू को लेकर एटा के हवेली गांव तेरहवीं में आया था। यहां से वापस जाते समय रिजोर थाना क्षेत्र के गिलोदिया तिराहे के पास उसकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मंजू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, संजू को गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलावन थाना क्षेत्र के ग्राम दलेलपुर निवासी सत्यप्रकाश पुत्र वेदीराम बाइक पर अपने घर लौट रहा था। तभी सिकंदराराऊ के समीप ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। घायल को एम्बुलेंस एटा मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती करा दिया गया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।


घायल युवक को ले जाते स्वास्थ्य कर्मी।

- तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे दोनों
- ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

### नीचे झूलते तारों की चपेट में आने से किशोर की मौत

एटा। बागवाला थाना क्षेत्र के गांव नगला लक्ष्मण निवासी शिवराज सिंह ने बताया कि उनका नाती उदय प्रताप (15) रविवार दोपहर खेत पर गया था। खेतों पर विद्युत लाइन पेड़ों तक झूल रही है। खेत पर उधर से गुजरते समय उदय करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। उसकी चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। हादसे का पता लगने पर परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने देखा तो उदय अचेत अवस्था में खेत पर पड़ा था। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मारपीट की अलग अलग घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा/अलीगंज, अमृत विचार:** कोतवाली में शांतीदेवी पत्नी तुलसीराम निवासी हरीसिंहपुर ने गांव के निवासी राधेश्याम समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया है कि 21 जून को पीड़िता घर पर मौजूद थी। इसी दौरान राधेश्याम अपने साथियों के साथ आ गया और गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली देहात थाने में जगदीश पुत्र खंजन सिंह निवासी नगला निबरिया ने रामसिंह निवासी लालपुर समेत तीन लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि छह मई को रामसिंह समेत चार लोगों द्वारा एकराय होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर धमकी दी गई। पीड़ित के शिकायत करने पर पुलिस ने सुनवाई नहीं की गई। अब अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं मिरहची थाने में सुमन देवी पत्नी सुखवीर सिंह निवासी रफीपुर ने जयवीर सिंह निवासी रफीपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया है कि 26 जून को जयवीर सिंह ने उसके पुत्र सुमित कुमार को गांव में घेर लिया और गाली गलौज और मारपीट की।

# सर्राफ की दुकान से लाखों के जेवर चोरी


घटना के बाद मौके पर तिजौरी की जांच करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


चोरी के बाद सराफ की दुकान के बाहर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में सर्राफ की दुकान में रखी तिजौरी का ताला तोड़कर चोर लाखों के जेवर लेकर फरार हो गए। अज्ञात चोरों द्वारा घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की जा रही है।

शहर के रहने वाले अमन कुमार ने बताया कि नगर के होली मोहल्ला में उनकी सराफा की दुकान है। रोजाना की भांति शनिवार की रात वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए।

रविवार सुबह आसपास के लोगों ने उनकी दुकान के टूटे देखे तो इसकी जानकारी अमन को दी। उन्होंने फौरन मौके पर जाकर देखा तो दुकान में सामान अस्त व्यस्त था। दुकान में रखा 40 ग्रामीण सोना और तीन किलो चांदी गायब था। सूचना पाकर पहुंचे इंस्पेक्टर ने दुकान स्वामी से पूछताछ की।

### विद्यालय का ताला तोड़ सामान ले गए चोर

एटा। राजा का रामपुर थाने में वेदप्रकाश प्रधानाचार्य सन विलियम विद्यालय लौहारी खेड़ा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वेदप्रकाश ने बताया है कि चार जुलाई को चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर तीन गैस सिलेंडर, कम्प्यूटर-सीपीयू आदि सामान चोरी कर लिया। दूसरे दिन घटना की जानकारी होने पर रिपोर्ट दर्ज करा दी।

### चोरों ने परचून की दुकान से लाखों का माल उड़ाया

अलीगंज। अलीगंज के मोहल्ला राधा कृष्ण निवासी राजेश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनकी परचूनी की दुकान गुलाम हुसैन मोहल्ले में है। मंगलवार सुबह उन्होंने दुकान खोली तो उसमें सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में रखी 70 हजार रुपये की रेजगारी, काजू, किशमिश, सिगरेट आदि समेत लगभग दो लाख रुपये का सामान गायब था। इसके बाद उसने कोतवाली अलीगंज में तहरीर दे दी। पुलिस ने मौका मुआयना भी किया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि अगर पुलिस चोरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है तो व्यापार मंडल आंदोलन करने को विवश होगा।


मौका मुआयना करती अलीगंज पुलिस।

# पीएम आवास योजना में कासगंज को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिले को 8511 आवास हुए थे आवंटित, 8391 बनकर तैयार हो गए
- आवास न बनाने पर 39 पात्र लाभार्थियों से रकम वसूल की गई

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री शहरी आवासीय योजना में प्रदेश भर में कासगंज को दूसरा स्थान मिला है। इस पर जिले के अधिकारियों को लखनऊ में प्रतीक चिह्न और शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। जिले के 39 पात्र लाभार्थियों को तीसरा नोटिस जारी करने के बावजूद आवास पूर्ण न करने पर उनके खिलाफ आरसी जारी कर वसूली की गई है।

जिले में प्रधानमंत्री आवासीय शहरी योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के लिए 8511 आवास आवंटित हुए थे, जिनमें से 8391 आवास पूर्ण हो गए हैं। शेष आवासों पर कार्य चल रहा है। 39 पात्र लाभार्थी दो किस्तों की रकम लेकर भाग गए। विभाग द्वारा उन्हें आवास बनाने के लिए तीन बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, और न ही आवास बनाए। इसके बाद सभी 39 के खिलाफ आरसी जारी कर उनसे रकम वसूल ली गई। विभाग द्वारा उत्कृष्ट और साफ सुथरा काम करने पर प्रदेश में कासगंज को दूसरा स्थान मिला है। इस पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुभाष वीर सिंह और जेई अभिषेक कुमार को प्रतीक चिह्न और शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल करने पर तत्कालीन डीएम सुधा वर्मा ने अधिकारियों की टीम की पीठ थपथपा कर उनका उत्साह वर्धन किया।

> प्रधानमंत्री आवासीय शहरी योजना के तहत जिले को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। टीम लगातार बेहतर काम कर रही है। 39 पात्र लाभार्थियों ने आवास नहीं बनाए, जिनसे रकम वसूली ली गई है। आवास पास कराने के नाम पर किसी दलाल के चक्कर में न आएं और न ही किसी को रिश्वत दें।
> –सुभाष वीर सिंह, परियोजना अधिकारी

### बच्ची के साथ दुष्कर्म में आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना से सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी मेडिकल स्टोर संचालक गुफरान ने घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची को टॉफी देने के बहाने दुकान के अंदर बुला लिया। वहां आरोपी ने बच्ची से दुष्कर्म किया। बाद में बच्ची को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गया।

**पूर्व माध्यमिक विद्यालय फैजनगर, वि.क्षे. भुता, जिला बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय फैजनगर, वि.क्षे. भुता, बरेली के कृषि फार्म को किराये पर आवंटन हेतु बोली दिनांक 11.07.2024 को विद्यालय प्रांगण में दोपहर 12 बजे प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति उक्त बोली में प्रतिभाग हेतु दिनांक 10.07.2024 को जमानत राशि रु. 5000/- रु. विद्यालय में जमा करने के उपरान्त निर्धारित तिथि पर प्रतिभाग कर सकते हैं। कृषि भूमि की किराये की बोली हेतु शर्तों की जानकारी निर्धारित तिथि पर बोली से पूर्व दी जायेगी।

अमीर चन्द्र (प्र.अ.)
सदस्य सचिव वि.प्र.स./भूमि प्रबन्ध समिति
पूर्व मा. वि. फैजनगर, भुता (बरेली)

**कार्यालय ग्राम पंचायत चंदपुर बिचपुरी, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चंदपुर बिचपुरी में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत चंदपुर बिचपुरी की वित्तीय की वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि जाने की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, मल रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, खाद्यान्न भण्डारण, आर.आर.सी., पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 14 जुलाई 2024 तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 15 जुलाई 2024 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान-श्रीमती प्रियंका सिंह — सचिव-शुचिता जोशी

# चालक को झपकी आने से कब्रिस्तान की दीवार से टकराया ट्रक, हेल्पर की मौत

## चालक घायल, शीशे लेकर हरिद्वार से रायपुर जा रहा था ट्रक

संवाददाता, सैदनगली


सैदनगली में क्षतिग्रस्त ट्रक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना सैदनगली में संभल मार्ग पर सैदनगली के नजदीक शीशे से लदा ट्रक चालक को नींद की झपकी आने से सड़क किनारे स्थित कब्रिस्तान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। दुर्घटना में ट्रक चालक एवं हेल्पर घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान हेल्पर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

बता दें कि रविवार सुबह चार बजे संभल मार्ग पर कस्बा सैदनगली के नजदीक हरिद्वार से रायपुर जा रहा शीशे से लदा ट्रक चालक को नींद की झपकी आने से सड़क किनारे कब्रिस्तान की दीवार को तोड़कर अंदर घुस गया। जिससे चालक सलमान पुत्र रसीद तथा हेल्पर नदीम पुत्र रसीद निवासी मोहम्मद सराय रफी कस्बा व थाना चांदपुर (बिजनौर) गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके की आवाज सुन मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की सूचना पर जितेंद्र कुमार तथा जगपाल सिंह एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ई-रिक्शा सवार दो लोग कार की टक्कर से घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गई। जिसमें ई-रिक्शा चालक समेत दो लोग घायल हो गए। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी विपिन ई-रिक्शा चलाता है। वह रविवार सुबह चौपला से ई-रिक्शा में सवारी बैठाकर नाईपुरा जा रहा था। रास्ते में नेशनल हाईवे पर पीछे से तेज गति के साथ आई कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक विपिन और उसमें सवार यात्री सुरेश बरनवाल निवासी मोहल्ला सुल्तान नगर घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जोया रोड पर स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर मामले को शांत किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के जोया-अमरोहा रोड स्थित निजी अस्पताल की है। पेनेशिया हॉस्पिटल में नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गवरी निवासी नईम अहमद की पत्नी जीनत दो दिन से अस्पताल में भर्ती थी। जिसका इलाज चल रहा था। रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने महिला की मौत हो जाने पर चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाकर मामले को शांत किया और निष्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि हंगामे की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन महिला के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत धौरेरामाफी, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धौरेरामाफी में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत धौरेरामाफी की वित्तीय की वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि जाने की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, मल रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, खाद्यान्न भण्डारण, आर.आर.सी., पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 14 जुलाई 2024 तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 15 जुलाई 2024 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान-श्रीमती शीतल पटेल — सचिव-शुचिता जोशी

pnb Oriental United — पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

सस्त्र सैन्टर, मण्डल कार्यालय, बरेली
सी-18/बी, प्रथम तल, डी.डी.पुरम, बरेली
फोन : 0581-2520440, E-mail : cs8194@pnb.co.in

**कब्जा धारण की सूचना**

[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अन्तर्गत नियम 8(1)]

अधोहस्ताक्षरी जो कि पंजाब नेशनल बैंक बरेली क्षेत्र का SARFAESI ACT 2002 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी है ने धारा 13 (12) जिसे सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इफोर्समैंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाये, में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान नोटिस की दिनांक सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था भुगतान करने में असमर्थ रहने के कारण ऋणी/बंधककर्ता तथा सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उपरोक्त एक्ट की धारा 13(4) जिसे इंफोर्समेंट नियम B के साथ पढ़ा जाये में प्रदत अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा प्राप्त कर लिया है ऋणी व बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से तथा जनताको सामान्य रूप से सतर्क किया जाता है कि निम्न सम्पत्तियों का सौदा न करें तथा सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार/लेन-देन पंजाब नैशनल बैंक की सम्बन्धित शाखा की ऋण राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के आधीन होगा। **जिन सम्पत्तियों पर कब्जा लिया गया है, उसका विवरण इस प्रकार है:-**

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतकर्ता/ खाता का नाम व पता एवं शाखा का नाम | बकाया राशि एवं डिमांड नोटिस दिनांक धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस की तिथि व सांकेतिक कब्जे की तिथि | अचल सम्पत्ति बंधक का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋणकर्ता : **श्री दिनेश कुमार** पुत्र स्व. भगवान दास पाल, पता-पीलीभीत देश नगर, बाहर चुंगी, पीलीभीत (उ.प्र.) **शाखा : पीलीभीत (038500)** | राशि रु. 12,80,755.13 + दिनांक 01.03.2024 से ब्याज तथा अन्य खर्चे। मांग नोटिस दिनांक : 06.03.2024 सांकेतिक कब्जा : 04.07.2024 | बंधक सम्पत्ति (आवासीय), एरिया 160.23 वर्ग मीटर, जो कि खसरा नं. 294 का भाग है, स्थित ग्राम देश नगर बाहर चुंगी, परगना, तहसील व जिला पीलीभीत जो कि श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री स्व. भगवान दास पाल के नाम है। **सीमायें : पूरब**-रास्ता, **पश्चिम**-टीका राम व अन्य की जमीन, **उत्तर**-विक्रेता का प्लॉट, **दक्षिण**-हेतराम व अन्य का प्लॉट |

दिनांक : 08.07.2024 — स्थान : बरेली — प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नैशनल बैंक

# बारिश से बढ़ा रामगंगा का जल स्तर, बाढ़ की आशंका

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मैदानी व पर्वतीय क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते रामगंगा नदी व अन्य नदियों का जल स्तर बढ़ने लगा है। जिससे नदी से सटे एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। वहीं बरसात के मौसम में जैसे-जैसे रामगंगा का जल स्तर बढ़ता है वैसे ही नदी किनारे बसे गांव के लोगों को बाढ़ का भय सताने लगता है।

जुलाई शुरू होते ही बारिश ने भी दस्तक देनी शुरू कर दी जिसके चलते मैदानी व पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार रुक-रुक कर बारिश होने से रामगंगा नदी के किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिक बारिश होने से खो बैराज व कालागढ़ बांध से पानी रामगंगा नदी में छोड़े जाने के कारण ही क्षेत्र के लोगों को बाढ़ का खतरा नजर आने लगता है। क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली, चावड, रायभूड, बालापुर, बहापुर, बलिया, गंगाधरपुर, सुल्तानपुर खादर, शेरपुर पट्टी, लालापुर पीपलसाना सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की खेती रामगंगा नदी किनारे है। इनमें नदी का पानी प्रवेश कर गया है।

अगर इसी तरह से लगातार बारिश होती रही तो निश्चित तौर पर रामगंगा नदी का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडराने लगेगा। हालांकि क्षेत्र में 10 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई है। एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के हल्का लेखपाल आदि को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ हीसमय-समय पर इसकी सूचना हेड क्वार्टर को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड मुरादाबाद आरपी सिंह ने बताया कि रविवार को खो बैराज शेरकोट पर 6:00 बजे 42996 क्यूसेक पानी रामगंगा नदी में छोड़ा गया था। दोपहर 2:00 बजे नदी का जल स्तर घटना प्रारंभ हुआ।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# पीएम का महत्वपूर्ण दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार व मंगलवार को मास्को में रहेंगे। वे वहां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को रूस-भारत संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से यह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली रूस यात्रा है। उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। खास बात है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति लगातार बातचीत, कूटनीति और दोनों पक्षों को शामिल करने वाले समझौते के पक्ष में है। जानकारों के मुतबिक बातचीत में रक्षा, तेल और गैस प्रमुख एजेंडा होंगे। रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर भारत पश्चिमी देशों के दबाव के आगे झुका नहीं है और घरेलू हितों का हवाला देते हुए रियायती दरों पर रूस से तेल खरीद रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को हल करना भी नेताओं के एजेंडे में प्राथमिकता में होगा। यूक्रेन युद्ध के बाद से तेल खरीद में वृद्धि के कारण रूस से भारत का आयात लगभग 60 बिलियन डॉलर था, जबकि रूस को भारत का निर्यात लगभग 4 बिलियन डॉलर है। गौरतलब है कि भारत और रूस के संबंध काफी पुराने हैं। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मजबूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। रूस ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत में बनाया है। जबकि भारत ने कई देशों के साथ कई असैन्य परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, रूस अब तक भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाला एकमात्र विदेशी देश है। रूस भारत के लिए सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में से एक रहा है। पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी आक्रमण ने भारत-चीन संबंधों को एक मोड़ पर ला दिया, इससे यह भी प्रदर्शित हुआ कि रूस चीन के साथ तनाव को कम करने में योगदान दे सकता है। यानि रूस और अमेरिका के बीच बिगड़ते संबंध और रूस की चीन के प्रति बढ़ती निर्भरता के दौर में पीए मोदी का दौरा रूस के चीन की ओर आ रहे झुकाव को संतुलित करना है। दौरे का सीधा संदेश है कि भारत के अपने हित सर्वोपरि है और वह किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। कहा जा सकता है यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भारत के नजरिए से ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां राजनीति में इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय'नॉर्थलेरटन'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

> भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय' नॉर्थलेरटन 'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो।

ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला।

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है।राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

## प्रसंगवश

# लुप्त न हो जाए यह शब्दावली



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजधानी की पाश कालोनी में अपने 'विला'के द्वार पर बैठे रिमझिम बारिश का आनंद ले रहा था, तो अपनी गांव वाली बरसातें सहसा याद आ गईं। जाहिर है कि तब उससे जुड़ी तमाम चीजें और शब्दावली भी जेहन में गूंजेंगे ही। तत्समय इला बिला नहीं, कच्चा घर था और पोर्टिको की जगह अपना छप्पर। छप्पर का सृजन बांस, फूस और अरहर की लगों से होता था। लगों की छोटी टहनियों को भिगोकर उनसे बॉधने का काम लिया जाता था;इन्हें फलसा कहते थे। ऊपर तो छप्पर दीवाल पर रखकर खूंटों से बांध दिया जाता,किंतु चौड़ाई अधिक होने के कारण आगे की ओर जिन लकड़ी के दुबग्घे लट्ठों को गाड़कर उन पर छप्पर रोका जाता था,उन्हें थुनकी कहा जाता था। पानी बरसते में उसकी ढलान से जो जल धाराएं नीचे आती थीं,उन्हें 'ओरौती'कहते थे। हालांकि कवि नरेन्द्र शर्मा ने उसे परिष्कृत करके अपनी कविता में "औलाती"लिखा है-दीवारों से लगे खड़े होंगे चुप छान और छप्पर।/ झरती होगी खामोशी से औलाती भी किनमिन कर।।

कच्चे घर के अग्रभाग के अलावा अन्य खुली दीवालों की रक्षार्थ लगों का एक छोटे आकार का छाजन तैयार किया जाता था,जिसे 'लदुवा'कहते थे। अंग्रेज़ लेखकों ने अपने वर्णनों में इसे कोपिंग'कहा है। वे लदुवा क्या जाने! घर की पटान में जो लकड़ी के मोटे लट्ठे इस्तेमाल होते थे,उन्हें धन्नी और कुछ पतले बेड़े रखे जाने वाले काष्ठ खंड बेड़का कहे जाते थे। छतों का पानी नीचे गिराने के लिए पनारी होती थी और वर्तमान ड्रेनेज तब का 'नर्दवां है। यह साहित्य में भी स्थान पा चुका है।"तुलसी बुरा न मानिए जो गॅवार कहि जाय।जै से घर का नरदवां भला बुरा बहि जाय"।। छोटे लाल मखमली पीठ वाले कीड़े 'राम की बिलैयां'कही जातीं,जो बरसात की शोभा बढ़ातीं। साहित्यकार इन्हें 'वीर बधूटी'नाम देते हैं। थोड़ी देर का तेज पानी 'झाला'और देर तक रुक जाय तो 'भरनि'कही जाती।'पद्मावत'में नागमती कहती है,"सावन बरस मेह अति पानी भरनि परी हौं विरह झुरानी"।। लगातार बरसे तो 'झड़ी'। यह पसंद नहीं की जाती थी। अगली पीढ़ियां यह लोक शब्दावली विस्मृत न करने पाएं। इसे सम्हाल कर रखना होगा। हमारी पुरातन और मूल संस्कृति का हिस्सा है यह सब।

# अग्निवीर का पुनर्निरीक्षण करने की आवश्यकता

भारतीय रक्षा सेनाओं के लिए कुछ वर्ष पूर्व घोषित अग्निवीर योजना लीक से हट कर कही जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य साढ़े सत्तरह से 21 वर्ष की उम्र तक शारीरिक रूप से सक्षम युवकों को 4 साल की अवधि के लिए ( शॉर्ट टर्म करियर ) भारतीय सशस्त्र सेनाओं में विशेष टर्म्स एंड कंडीशंस के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराना था। ऐसा माना गया था कि इस योजना से भारतीय सेनाओं में युवाओं की संख्या बढ़ेगी, सरकारी खजाने पर पेंशन का बोझ कम होगा तथा 4 वर्ष के पश्चात जब ये अग्निवीर सेवा निवृत्त होंगे तो वे अपनी तकनीकी दक्षता व सेना के प्रशिक्षण का सदुपयोग भविष्य में नौकरी या स्वरोज़गार के लिए कर सकेंगे।

इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी। हमारी स्थितियां उन देशों से भिन्न हैं जैसे कि इज़राइल , ब्रिटेन, अमेरिका व अन्य छोटे यूरोपीय देश जहां इस प्रकार की योजनाएं सफल रही हैं। इन देशों की आबादी कम होने के कारण सैन्य सेवाएं अनिवार्य है, उनके पड़ोसी देश शत्रुवत व्यवहार नहीं करते, कोई सीमा विवाद नहीं है और वहां रोजगार के अन्य विकल्प भी उपलब्ध है। अतः ऐसे देशों के इस शॉर्ट-टर्म मॉडल को भारतीय परिप्रेक्ष्य में उतारना व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

योजना के चार साल बीत जाने व फील्ड अनुभव के पश्चात इस योजना की समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है। राजनीतिक या सामाजिक दृष्टिकोण से हटकर विशुद्ध सैनिक दृष्टिकोण से योजना पर व्यावहारिक मंथन होना चाहिए। ऐसे हजारों पूर्व एवं वर्तमान सैन्य कर्मी व आम नागरिक हैं जिनका मानना है कि यह योजना अपने वर्तमान स्वरुप में सेना के मानकों पर पूर्णरूप से खरी नहीं उतरती। यह एक शॉर्ट-कट है जो आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कारणों से अपनाया गया था और सुरक्षा की दृष्टि से यह एक कमजोर कड़ी है जो देशहित में नहीं है। यहां यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि अग्निवीर सेवा इस उद्देश्य से नहीं है कि उनको चार साल बाद सिविल सेक्टर में पुनर्वास के लिए तैयार किया जाए। मूल उद्देश्य यह है कि वे एक हार्ड-कोर, प्रोफेशनल सिपाही बन सके जो छह महीने की ट्रेनिंग या चार साल की सेवा अवधि में संभव नहीं है।



ग्रुप कैप्टन प्रमोद गुप्ता
भारतीय वायु सेना (वेटरन)
शाहजहांपुर

> इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी।

आज का युद्ध जमीन से आसमान तक तकनीकी एवं बहुआयामी है। कुछ देशों द्वारा अंतरिक्ष में स्थाई स्टेशन बना लेना एक सच्चाई है जिससे आने वाले समय में युद्ध की विभीषिका का अनुमान लगाया जा सकता है । अतः यह कैसे संभव है कि हमारे अग्निवीर मात्र 4 साल की सेवा व 6 महीने की ट्रेनिंग में इतने प्रशिक्षित हो जाएंगे कि वे आज के युद्ध को सफलतापूर्वक लड़ सकेंगे। यही नहीं, वैश्विक परिपेक्ष में युद्ध अब देश की सीमाओं के पार अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों के द्वारा लड़ा जा रहा है जिसके लिए अनुभवी व पूर्णतया प्रशिक्षित सैनिक होना आवश्यक है।

इसलिए अग्निवीर योजना का पुनर्निरीक्षण करने की त्वरित आवश्यकता है ताकि देश का सुरक्षा ढांचा प्रभावित न हो। कुछ मूलभूत सुझाव निम्नवत हैं: अग्नि वीर की पात्रता आयु 18 वर्ष से 23 वर्ष तक किया जाना व्यावहारिक होगा।, कार्यकाल की अवधि कम से कम 8 वर्ष और प्रारंभिक प्रशिक्षण 10 महीने का किया जाए। इससे न सिर्फ मिलिट्री कौशल में दक्षता आएगी बल्कि काफी हद तक सेनाओं में सैनिक संख्या की कमी पर विराम लग सकेगा। साथ ही अग्निवीर अपने को सैन्य सेवा की मुख्य धारा में महसूस करेंगे, उनके मनोबल में वृद्धि होगी और वे अपने को दोयम दर्जे का सैनिक नहीं समझेंगे। सैनिक/युद्ध दक्षता के लिए समय-समय पर भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार रेगुलर सैनिक की भांति अग्निवीर को भी रिफ्रेशर या सप्लीमेंट्री ट्रेनिंग दी जाए। सेना में तकनीकी ट्रेड की भारी कमी है और इसका प्रशिक्षण भी महंगा व समय लेने वाला है, अतः अग्निवीर का रेगुलर सैनिक के रूप में 100 प्रतिशत समायोजन किया जाए। इसी प्रकार गैर-तकनीकी ट्रेड में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को रेगुलर किया जाय । अग्निवीर को पूर्ण सैनिक का दर्जा मिले । सरकारी नौकरियों में भी अग्निवीर के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए। साथ ही युद्ध अपंगता या बलिदान की स्थिति में अग्निवीर व उनके आश्रितों को वही सहायता, वही मान-सम्मान प्राप्त हो जो सरकारी, अर्धसरकारी या प्राइवेट क्षेत्र में एक रेगुलर सैनिक को मिलता है।

## सोशल फोरम

# जिंदगी जीने का दर्शन



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हर व्यक्ति अलग है और अपने लिहाज से उसे एक जीवन दर्शन बनाना और उसे जीना चाहिए। जिंदगी जीना ही ज़िंदगी का मुख्य मक़सद मानता हूं। पूरी तरह होश में रहते, एक किरदार की तरह , बिना किसी अवांछित प्रतिक्रिया के जीवन के हर मोड़ का लुत्फ लेना ही असली जीवन जीना है।

मैं यह नहीं मानता कि दर्शन को जीना कठिन होता है वरन मेरे लिहाज़ से दर्शन जिंदगी को बहुत आसान बना देता है। कुछ भी ऐसा पढ़ना लिखना नहीं चाहता जो मुझे जीने में मदद न करे , मुझे समृद्ध न करे।

बुद्ध और बौद्ध दर्शन से प्रभावित हूं। प्रभावित इसलिए हूं कि मुझे लगा कि यही तो मेरा पसंदीदा दर्शन है और ऐसा ही कुछ मैं भी सोचता था, होश में जीने का शुरू से प्रयास कर रहा था।

मैं बुद्ध को दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षक मानता हूं। मानता हूं कि उनके बताए रास्ते पर चलना ही बहुत महत्वपूर्ण है। जिंदगी में कोई कामना, कोई अपेक्षा, कोई तृष्णा भी सामने नहीं दिखती है। बुद्ध ने इसे ही दुख का कारण बताया था। बुद्ध की शिक्षा कि संसार अनित्य है, संसार दुःखमय है, इसे पूरी तरह मानता समझता हूं। बुद्ध की बतायी सम्यक् दृष्टि बहुत महत्वपूर्ण है। दृष्टि सम्यक होनी चाहिए।

वही देखना है जो सम्यक है, सत्य है ।

कोई बात/ तथ्य समस्या बनती है तो आपकी प्रतिक्रिया से। आपकी प्रतिक्रिया ही उसे समस्या बनाती है। प्रेम तो स्वाभाविक है। आनर किलिंग प्रतिक्रिया स्वरूप ही तो हो रही है। अब कम हो रही है , मतलब कम प्रतिक्रियाएं हो रही है। उन्हें स्वीकृतियां मिल रही हैं। साफ है प्रतिक्रिया समस्या है। बदलते समय के साथ बहने में यक़ीन रखता हूं। स्वीकृतियों का पक्षधर हूं। ज़िंदगी जीने का दर्शन है : मर मर कर जीना छोड़ दिया / बंधन में बंधना छोड़ दिया। / हर क़दम रहा सोचा समझा ,/ अफ़सोस मनाना छोड़ दिय । / जिस बीज से पैदा दुख होता ,/ उस बीज का बोना छोड़ दिया।

-फेसबुक वॉल से

# चींटियों ने जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है।

मानव को अपनी उपलब्धियों पर सर्वथा उचित ही गर्व रहता है। किंतु जीव जगत में के कई ऐसे दृष्टांत कभी कभार सामने आते हैं कि आश्चर्यचकित होना पड़ता है। दरअसल कुदरत ने अपनी सृष्टि में किसी भी जीव के साथ भेदभाव नहीं किया है। सभी को अपने अस्तित्व रक्षा और उत्तरजीविता के साजो सामान और युक्तियां दी हैं। किसी से कुछ छीना है तो उसे कुछ और देने का वरदान भी दिया है।

ताजा उद्घाटित घटना फ्लोरिडा की कारपेंटर (बढ़ई) चींटियों का है जिनका जीवन बहुत संघर्षमय है।'द न्यूयार्क टाईम्स' के हाल के अंक में शल्य चिकित्सक चीटियों की हैरतअंगेज गाथा छपी है जिसने मेरा ध्यान इसलिए भी आकर्षित किया कि इस रिपोर्ट को मशहूर ब्रितानी आनलाइन विज्ञान जर्नल 'नेचर ब्रीफिंग' ने विगत सप्ताह छापा है। आधे इंच की बढ़ई चींटियां प्रतिद्वंद्वी कॉलोनियों की चींटियों के साथ हिंसक मुठभेड़ करने के लिए कुख्यात हैं । किंतु अनवरत चलने वाली लड़ाईयों के कारण चींटियों के पैर में चोट लगती रहती है। लेकिन जैसा कि वैज्ञानिकों ने हाल ही में पाया है, इन चींटियों ने चोट को ठीक करने के लिए एक प्रभावी उपचार विकसित किया है यानि ये शल्यक्रिया अपनाती हैं। यानि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की शल्य चिकित्सा केवल मनुष्य की ही कुशलता नहीं है। चीटियां भी एक दक्ष शल्य चिकित्सक हैं। सबसे पहले यह शोधपत्र करंट बायोलॉजी पत्रिका में विगत 2 जुलाई को प्रकाशित हुआ जिसमें शोधकर्ताओं ने बताया कि चींटियां संक्रमण को रोकने के लिए अपने घोसले के साथियों के घायल अंगों को काट देती हैं। हालांकि अन्य चींटियों की प्रजातियां भी अपने घायलों के घावों की देखभाल करने के लिए जानी जाती हैं और आमतौर पर उन्हें चाटकर साफ करती हैं, लेकिन यह पहली बार देखा गया कि फ्लोरिडा की चींटियों की बढ़ई प्रजाति अपने साथियों के चोट के उपचार के लिए शल्य क्रिया - विच्छेदन का तरीका अपनाती हैं।

अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है। मनुष्यों के इतर किसी अन्य जानवर को इस तरह के विच्छेदन करने के कौशल के लिए नहीं जाना जाता है। यह व्यवहार फ्लोरिडा की बढ़ई चींटियों के बीच सामाजिक व्यवहार की श्रेष्ठता, उनकी बुद्धिमत्ता और दर्द महसूस करने की उनकी क्षमता का भी संकेत करता है ।

वर्ष 2020 की शुरुआत में, जर्मनी के वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय में स्नातक छात्र डैनी बफ़ैट अपनी प्रयोगशाला में फ़्लोरिडा बढ़ई चींटियों की एक कॉलोनी का निरीक्षण कर रहे थे, जब उन्होंने कुछ अजीब नज़ारा देखा। बफ़ैट अब स्विटज़रलैंड के लॉज़ेन विश्वविद्यालय में जीव विज्ञानी हैं और इस अध्ययन के लेखक हैं। उनके अनुसार वे यह देखकर विचित्र सा लगा कि एक चींटी दूसरी चींटी के पैर को काट रही थी। फिर शुरु हुआ अंग-भंग चींटियों के जीवित रहने की दर पर नज़र रखना। अप्रत्याशित रूप से, कटे हुए अंग वाली चींटियां 90 प्रतिशत समय तक जीवित रहीं। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह पाई गई कि रुग्ण चींटियों के अंग-विच्छेदन उनकी सहमति से किए गए थे। डॉ. फ्रैंक ने बताया कि रुग्ण चींटी पहले तो अपने घायल पैर को साथियों को दिखाती है और शांति से वहीं बैठ जाती है, फिर कोई शल्य चिकित्सक चींटी उसे कुतर डालती है। जैसे ही कटा पैर गिरता है घायल चींटी नए कटे हुए घाव को परिचारक चीटियों को दिखाती है और वे उसे साफ करके काम पूरा करती है। ऐसे दर्जनों अंग-विच्छेदन की घटनाओं को देखने के बाद, शोधकर्ताओं ने पाया कि चींटियां केवल जांघ की चोटों वाले साथियों पर ही यह प्रक्रिया अपनाती हैं। यह आश्वस्त होने के लिए कि चींटियां केवल घायल जांघों वाली चींटियों पर ही अंग-विच्छेदन क्यों करती हैं, शोधकर्ताओं ने अन्य पैरों का प्रायोगिक अंग-विच्छेदन किया। प्रायोगिक अंग-विच्छेदित चींटियों की जीवित रहने की दर केवल मात्र 20 प्रतिशत पाई गयी । डॉ. फ्रैंक इस नतीजे पर पहुंचे कि जब घाव शरीर से दूर होता है तो अंग-विच्छेदन की शल्य चिकित्सा काम नहीं करती, लेकिन जब यह शरीर के करीब होता है, तो कारगर है। अनुमान यह लगाया गया कि मुठभेड़ों में जांघ के हिस्से वाले पैर ही ज्यादा चोटिल होते हैं।

किंतु क्या सचमुच ऐसा ही था? डॉ. फ्रैंक और उनकी टीम द्वारा घायल विकलांग चीटियों पर माइक्रो-सीटी स्कैन किया। पाया गया कि चींटियों के शरीर में कई मांसपेशियां होती हैं जो हीमोलिम्फ - उनके रक्त को प्रवाहित करती हैं। कारपेंटर चींटियों की जांघों में ऐसी कई मांसपेशियां होती हैं। जब उनकी जांघ में चोट लगती है, तो हीमोलिम्फ का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे बैक्टीरिया के लिए घाव से शरीर में जाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मामलों में, यदि पूरा पैर जल्दी से काट दिया जाता है, तो संक्रमण की संभावना बहुत कम होती है।

नतीजतन, सफल विच्छेदन के लिए समय सीमा कम होती है और इसके सफल होने की संभावना भी बहुत कम होती है। डॉ. फ्रैंक कहते हैं कि चींटियाँ, किसी न किसी स्तर पर, इस बात से भिज्ञ रहती हैं। न्यूयॉर्क में रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डैनियल क्रोनॉयर भी चींटियों और अन्य सामाजिक जीवों का अध्ययन करते हैं। उनकी टिप्पणी कि यह सोचना बहुत ही अजीब है कि चींटियों जैसे क्षुद्र जानवरों ने इतना जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा।

# रामानुजाचार्य से क्या सीखें



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

रामानुजाचार्य का जन्म दक्षिण भारत के कांचीपुरम् के निकट श्रीपेरूपुथुर नामक स्थान में ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य में हुआ। जिस समय शंकराचार्य के विचारों की चारों धूम मची हुई थी उस समय रामानुजाचार्य ने उनके मूल विचारों को अपनी आलोचना के निशाने पर रखा।

शंकर का ब्रह्म निर्गुण था,उ समें कोई विशिष्ट गुण नहीं था, इसके विपरीत रामानुजाचार्य ने ब्रह्म की जो धारणा पेश की उसमें वह विशिष्ट गुणों से युक्त था, वह सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी था। उसमें ज्ञान, कल्याण, दीप्ति आदि गुणों की मौजूदगी को माना। साथ ही रामानुजाचार्य ने दार्शनिक भौतिकवाद की धारणा का प्रतिपादन किया। रामानुजाचार्य की सबसे प्रमुख धारणा यह थी कि भौतिक जगत ही एकमात्र यथार्थ है। साथ ही तांत्रिक आदर्शवाद की इस धारणा को एकसिरे से ठुकरा दिया कि चेतना से परे किसी भी यथार्थ का अस्तित्व नहीं है। उनके लिए ब्रह्म यथार्थ था साथ ही जगत भी उतना ही मूल्यवान यथार्थ था जैसाकि ब्रह्म। शंकर के लिए जगत मिथ्या था लेकिन रामानुजाचार्य के लिए जगत मिथ्या नहीं था। उनके लिए ब्रह्म और जगत दोनों ही यथार्थ थे। इसके अलावा रामानुजाचार्य का मानना था कि ज्ञाता और ज्ञात, ज्ञान और यथार्थ के बीच कोई ऐसा अन्तर्विरोध नहीं है जिसे सुलझाया न जा सके। लेकिन वे यह नहीं मानते थे कि यथार्थ का पूर्ण ज्ञान हो सकता है। वे मानते थे कि यथार्थ के कुछ ही पहलुओं का ज्ञान हो सकता है। जबकि अन्य पहलू संज्ञान से परे हैं। उन्होंने भक्ति पर जोर दिया। ज्ञान,कर्म और भक्ति में वे भक्ति को सर्वोपरि मानते थे। वैदिक सूक्तों, मंत्रों और उपनिषदों के रट लेने से ज्ञान प्राप्त नहीं होता। बल्कि ईश्वर भक्ति से ज्ञान प्राप्त होता है। भक्ति के जरिए उन्होंने जातिभेदों पर हमला किया। उनके अनुसार भक्ति सभी जातिभेदों से ऊपर है। सभी भक्त समान हैं।

# हरियाली बढ़ाने के लिए पड़ोसी देश और राज्यों के बीच बनेगा समन्वय

## नेपाल व सीमावर्ती राज्यों पर इस बार मित्र वन बसाएगी प्रदेश सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 35 वन प्रभागों द्वारा मित्र वन की स्थापना के लिए स्थानों का किया गया चयन
- सीमाओं पर अपनी जमीन पर पौधरोपण के साथ ही दूसरे राज्यों को भी जोड़ेगा वन विभाग

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत पड़ोसी देश नेपाल व उप्र. के सीमावर्ती राज्यों पर मित्र वन बसाएगी। इसके लिए 35 वन प्रभागों में स्थानों को चुन लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 20 जुलाई को 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों से भी समन्वय स्थापित कर रहा है।

यही नहीं, सीमाओं पर उप्र. की जमीन में पौधरोपण के साथ ही वन विभाग दूसरे राज्यों के गणमान्यों को इस महाभियान से जोड़ेगा। उप्र. के सीमावर्ती जिलों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, बुंदेलखंड, बागपत व शामली में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी की जा चुकी है। दरअसल, बीते दिनों एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल की ओर पौधरोपण को लेकर चिंता भी जाहिर की थी।

### पौध प्रजातियों को चिह्नित करने के निर्देश



प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने 35 वन प्रभागों की ओर से मित्र वन की स्थापना के लिए स्थान का चयन करते हुए नेपाल व सीमावर्ती राज्य के गणमान्य अतिथियों से कराए जाने वाले पौधरोपण के लिए पौध प्रजातियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है। अपर मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि पौधरोपण के लिए नर्सरी में पौधे भी तैयार हो गए हैं। मित्र वन बसाने व उसे समृद्ध बनाने के लिए संबंधित प्रभागों के डीएफओ को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

# भूमि विवाद में अपना दल (एस) नेता की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज, अमृत विचार:** भूमि विवाद में अपना दल (एस) के नेता के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने वाला आरोपी पिस्टल लेकर गांव में घूमता रहा। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह खुद को गोली मारने की धमकी देते हुए भागने लगा। पुलिस ने मामले में एसटीएफ को बुलाया, जिसके बाद आरोपी को गिफ्तार किया जा सका। घटना सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव में रविवार सुबह की है। सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव के रहने वाले इंद्रजीत पटेल उर्फ़ मोनू (24) अपना दल (एस) विधि मंच के जिला सचिव थे। गांव के ही सर्वेश से करीब 14 वर्षों से दान दी गई भूमि का विवाद चल रहा था।



# बीएल संतोष ने पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को किया उत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने का लिया संकल्प

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने निरंतर दूसरे दिन भी उत्तर प्रदेश में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आगामी चुनावों के लिए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया। इस क्रम में रविवार को उन्होंने राज्य के दलित और ओबीसी नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने आशानुरुप परिणाम न आने के पीछे अलग-अलग कारण बताए।



सूत्रों के अनुसार, एक बड़ा कारण यह भी सामने आया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संविधान और आरक्षण विषय पर भाजपा विरोधी जो प्रचार किया, उसका समय रहते पार्टी से काट न हो सका। ऐसे में सशंकित एक बड़े वोटबैंक से भाजपा को मत नहीं मिल सके। संगठन महामंत्री को स्थानीय नेताओं ने बताया कि दलित समाज के मन में यह आशंका थी कि सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है। यह एक बड़ा मुद्दा बना जो पार्टी के पक्ष में नहीं गया।

बीएल संतोष के साथ पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में मंत्री असीम अरुण, गुलाब देवी और प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत शामिल रहीं। बैठक में बीएल संतोष ने पार्टीजनों को उत्साहित करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य निरंतर व अनवरत चलता है। राज्य होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है।

## सार-संक्षेप

### भवनों का व्यावसायिक उपयोग करने पर ज्यादा टैक्स वसूली

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार बड़े शहरों की तरह छोटे शहरों में भी भवनों का व्यवसायिक उपयोग कर ज्यादा मुनाफा कमाने वालों से दो से तीन गुना तक हाउस टैक्स लेगी। फिलहाल यह व्यवस्था केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी। अब नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस बाबत मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद उप्र. नगर पालिका नियमावली-2024 जारी कर दी है। इसके आधार पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में भी हाउस टैक्स की वसूली होगी। इन शहरों में रहने वाले भवन स्वयं अपना हाउस टैक्स तय कर निकायों में जमा कर सकेंगे। नियमावली के अनुसार सरकारी छात्रावास, राजकीय या सहायता प्राप्त संस्थानों, नों स्वीमिंग पुल, क्रीड़ा केंद्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केंद्र, थियेटर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम वाले, संगीत व नृत्य केंद्र से नियत दर के समान हाउस टैक्स लिया जाएगा।

### 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुलंदशहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को 25 हजार के इनामी अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर बुलंदशहर के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित कुल नौ मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कोतवाली क्षेत्र के धमेड़ा बस अड्डे के पास चेकिंग के दौरान बाइक पर जा रहे कुछ लोगों को चेकिंग के उद्देश्य से रोका गया। इस दौरान बाइक सवार भागने लगे। जब इनका पीछा किया गया तो अचानक बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाब में फायरिंग की गई, जिसमें एक बाइक सवार घायल होकर बाइक से गिर पड़ा। जब मौके पर जाकर देखा गया तो वह इनामी अपराधी बादल निकला।

### कांस्टेबल की हत्या के दोषी पूर्व प्रधान व चार को उम्रकैद

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले की एक अदालत ने एक कांस्टेबल की हत्या के तीन साल पुराने मामले में पूर्व ग्राम प्रधान समेत चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के वकील एमपी सिंह चौहान ने रविवार को बताया कि करहल थाना क्षेत्र के मदापुर गांव में तीन भाइयों इकरार खां, इकबाल खां और आरिफ खां के बीच जमीन के विवाद के निबटारे के लिए गांव के प्रधान चुन्नी लाल दिवाकर ने 25 जून 2021 को पंचायत बुलाई थी। उन्होंने बताया कि गांव के पूर्व प्रधान राजेश पांडे को ग्राम प्रधान चुन्नी लाल की मध्यस्थता में पंचायत होने की बात इस कदर नागवार गुजरी कि उसने पीएसी में कांस्टेबल के पद पर तैनात चुन्नी लाल के भाई महेश की हत्या कर दी।

### बस्ती: श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 20 घायल

**बस्ती, एजेंसी।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में रविवार को अजमेर शरीफ से लौटकर सीतामढ़ी (बिहार) जा रही यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बीस यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये है। पुलिस ने बताया कि अजमेर शरीफ से लौटकर सीतामढ़ी बिहार जा रही बस में 45 यात्री सवार थे, जो कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों एवं पुलिस टीम द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर 6 अन्य घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है और 14 घायलों के हालत में सुधार हो रहा है।

### दिल्ली-मुंबई जाने वाली उड़ानें निरस्त, यात्री रहे परेशान

**लखनऊ।** अमृत विचार :बारिश और खराब मौसम का असर रविवार की सुबह लखनऊ एयरपोर्ट पर आने जाने वाले उड़ानों पर दिखा ।आगरा, दिल्ली, व मुम्बई जाने वाली विमानो को निरस्त कर दिया गया है। वही कई उड़ाने अपनी निर्धारित समय से कई घंटे विलंब रही ।विमान संचालन प्रभावित होने से हवाई यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक दर्जन से अधिक मायूस होकर वापस घर लौट गये ।रविवार को दोपहर 12 :20 मिनट पर आगरा जाने वाली इण्डिगो की विमान संख्या 6ई7928 निरस्त, देर शाम 20 :20 पर दिल्ली जाने वाली इण्डिगो की विमान संख्या 6ई 546 रद्द हुई , 20 :40 बजे लखनऊ से मुम्बई जाने वाली एयर इण्डिया एक्सप्रेस की उडान संख्या आई एक्स 2784 भी निरस्त कर दी गयी।

# चीन से 25 दिन बाद आगरा पहुंचा नेवी इंजीनियर का शव

संवाददाता, आगरा

- विगत 12 जून को हृदयाघात से हुई थी मौत

**अमृत विचार:** चीन में विगत 12 जून को हार्ट अटैक से मरे मर्चेंट नेवी इंजीनियर अनिल कुमार श्रीवास्तव का पार्थिव शरीर तमाम कागजी औपचारिकताओं के 25 दिन बाद रविवार की दोपहर यहां उनके घर पर लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब पांच बजे शाहगंज मल्ल का चबूतरा के निकट स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पूर्व दिल्ली एयरपोर्ट से एंबुलेंस उनके शव को लेकर चाणक्यपुरी शाहगंज स्थित साईंधाम रेजीडेंसी निवास पर पहुंची। इस दौरान गमगीन हुए माहौल में मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री व क्षेत्रीय विधायक योगेंद्र उपाध्याय भी पहुंचे। उपाध्याय से बात करते हुए मृतक की पत्नी अंजुलता ने चीन सरकार के द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि चीन सरकार द्वारा शव भेजने में ढिलाई पर आगरा के सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप का आग्रह किया था।



परिजनों को ढांढस बंधाते कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय।

# प्रदेश में रेशम उद्योग को बढ़ावा देने की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में कारोबारी माहौल को बढ़ाकर वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही प्रदेश सरकार रेशम उद्योग को भी बढ़ावा देने को तैयार है। इसी क्रम में, अब महराजगंज, बस्ती, सहारनपुर व औरैया को मल्टी एंड रीलिंग यूनिट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन रीलिंग यूनिट्स के अंतर्गत 10 बेसिन यूनिट्स की क्रय प्रक्रिया रेशम विभाग ने शुरू कर दी है।

इस क्रय प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा, जिसे रेशम विभाग नियुक्त करेगा। कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी को कार्य आवंटन के बाद 90 दिनों के भीतर इन सभी युनिट्स को निर्धारित जिलों में डिलिवर व इंस्टॉल करना होगा। कार्य को पूरा करने के लिए रेशम विभाग की ओर से आवेदन मांगे गए हैं।

# लंबे समय तक अलगाव विवाह विच्छेद की वजह नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के मामले में तलाक के कारणों की व्याख्या करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय तक अलगाव रहने की स्थिति में विवाह को पूरी तरह से टूटा हुआ नहीं माना जा सकता है। विवाह को पूरी तरह से टूटा हुआ तभी माना जा सकता है, जब दोनों पक्षों में से किसी एक ने स्वेच्छा से दूसरे को छोड़ दिया हो और पक्षकार लंबे समय तक उसी स्थिति में बने रहे हैं तो अन्य परिस्थितियों को देखते हुए विवाह को पूरी तरह से टूटा हुआ माना जा सकता है। कोर्ट ने माना कि वैवाहिक जीवन में परेशानियों के बावजूद पक्षकारों के बीच संबंध बने रह सकते हैं। अलगाव की अवधि के आधार पर पति और पत्नी को तलाक नहीं दिया जा सकता है।



उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने महेंद्र कुमार सिंह की तलाक याचिका की अस्वीकृति के खिलाफ दाखिल अपील को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार पत्नी विवाह के बाद से पति और सास-ससुर के साथ वाराणसी में रह रही थी, लेकिन ससुर की मृत्यु के बाद पति/अपीलकर्ता को मिर्जापुर में अनुकंपा नियुक्ति मिल गई।

### उड़ानों की घटती संख्या पर हस्तक्षेप की मांग

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रयागराज से उड़ानों की घटती संख्या के मामले में कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। याची ने हाईकोर्ट से प्राधिकारियों को बंद की गई उड़ानों को फिर से शुरू करने और 2025 में महाकुंभ के मद्देनजर अधिक उड़ानें शुरू करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।

# बारिश से चरमराई बिजली आपूर्ति, लोग परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानीय खराबी के चलते ज्यादातर हिस्सों में बाधित हुई बिजली

**अमृत विचार :** बारिश के कारण रविवार को प्रदेश में बिजली की मांग घट गई। अधिकतम मांग लगभग 22 हजार मेगावाट दर्ज हुई, पर स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट की चपेट में आ गये। घंटों बिजली आपूर्ति चालू न होने के कारण लोग परेशान रहे।

यूपी पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, रिजर्व शट डाउन पर भेजी गईं टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयां और हरदुआगंज की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन ठप रहा। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व 250 मेगावाट, ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इससे करीब 1522 मेगावाट बिजली उत्पादन कम रहा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति के साथ स्थिति काबू में की गई।

### नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए आज से शुरू होगी सुनवाई

प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए सोमवार से सुनवाई शुरू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग कानपुर में केस्को कार्यालय में उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। किसी भी हाल में प्रदेश में नई बिजली दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

# रिटायर्ड सीएमओ से 1.26 करोड़ की ठगी में पति-पत्नी और भाई गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज

- 5वीं पास शबीना ने विदेश में बैठे दोस्तों संग खेला खेल

**अमृत विचार:** शहर में रिटायर्ड सीएमओ आलोक वर्मा से ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 1.26 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह की सरगना शबीना, उसके पति सुहैल मोहम्मद और भाई अमीरुद्दीन को साइबर थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। तीनों गुजरात के सूरत जिले के रानडेर के निवासी है।

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि रिटायर्ड सीएमओ ने 29 अप्रैल 2024 को साइबर थाने में मामले की शिकायत की थी। इंस्पेक्टर साइबर थाना राजीव तिवारी की टीम ने शबीना, उसके पति सुहैल और भाई अमीरुद्दीन की जानकारी जुटानी शुरू कर दी। जानकारी होने पर सिपाही लोकेश पटेल, अतुल त्रिवेदी, रणवीर सिंह, प्रदीप यादव, अनुराग यादव, प्रियांशी सिंह और शिखा सिंह ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# सोने की चमक बरकरार, 75 हजार रुपये पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

## 94 हजार रुपये प्रति किलो के पार चांदी भी पहुंची

**अमृत विचार :** सहालग के पहले दिन से ही सोने की चमक बढ़ना शुरू हो गई है। पीली धातु के 24 कैरेट का भाव 75,200 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया है। वहीं सफेद धातु भी 94 हजार रुपये प्रति किलो के पार निकल गई है। बुलियन कारोबारियों का मानना है कि तेजी से चढ़ते भाव को देख कर कहा जा सकता है कि सोना रिकार्ड स्तर की ओर बढ़ रहा है। सहालग में ही रिकार्ड स्थापित कर देगा। चांदी अब तक के सबसे ज्यादा रेट पर है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।



- 24 कैरेट सोने की कीमत 75,200 रुपये प्रति दस ग्राम

### कीमतें बढ़ने के तमाम कारण मान रहे कारोबारी

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी बताते हैं कि कीमत बढ़ने का कारण केवल सहालग ही नहीं है। वैश्विक पटल पर उथल-पुथल, देशों के बीच युद्ध की विभीषिका और भंडारण से सोने की चमक बढ़ रही है। भले ही आमजन की पकड़ से सोना दूर हो रहा है। निवेशकों के लिए भी सोना पसंदीदा धातु है।

### लखनऊ में सोने का भाव

| माह | सोने की कीमत (प्रति10 ग्राम) | चांदी (प्रति किग्रा.) |
|---|---|---|
| 01 अप्रैल | 71,100 | 78,200 |
| 01 मई | 72, 800 | 82,000 |
| 01 जून | 73,900 | 93,500 |
| 07 जुलाई | 75,200 | 94, 200 |

### कन्नौज: भाजपा नेता के भाई को थानाध्यक्ष ने पीटा

**छिबरामऊ-कन्नौज, अमृत विचार :** वाहन चेकिंग का कारण पूछने पर थानाध्यक्ष का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और भाजपा नेता के भाई को सरेबाजार पीट दिया। जानकारी पर पहुंचीं भाजपा विधायक ने थानाध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। रविवार को विशुनगढ़ कस्बे में थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल बिना वर्दी में चेकिंग कर रहे थे। उसी समय उधर से गुजर रहे भाजपा विशुनगढ़ मंडल अध्यक्ष के भाई नीलेश द्विवेदी उर्फ नीलू ने चेकिंग का कारण पूछा। बस इसी बात पर थानाध्यक्ष भड़क गए और सरेबाजार उनकी लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी।


## वर्ग पहेली-124

**बाएं से दाएं**

3. निवास स्थान, रहने का स्थान।
4. दूसरों की आंख बचाकर छोटी-मोटी चीज़ें उठा या चुरा लेने वाला।
6. कश्मीर तथा अफ़गानिस्तान और फ़ारस आदि पश्चिमी एशियाई क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक सीधा छतनार पेड़ जो बगीचों में शोभा के लिए लगाया जाता है, बनझाऊ।
7. 1. उम्मीद, आस, आशा 2. सहारा, अवलंब 3. शरण 4. सहायक 5. आश्रय, आधार।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ऊपर चढ़ना, आरोहण 2. सवार होना 3. धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना।
2. वह धन जो किसी वस्तु के लिए या किसी को कोई काम करने के लिए पहले ही दे दिया जाए, अग्रिम धनराशि, बयाना, (एडवांस)।
3. 1. घुड़सवार सेना का नायक या अफ़सर 2. एकत्रित किए गए राजस्व को राजकीय कोषागार तक ले जाने वाले दल का प्रमुख।
5. 1. हंस, राजहंस 2. परमात्मा, ईश्वर 3. एक समवर्णिक छंद 4. श्रेष्ठ राजा।



### वर्ग पहेली -123 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 गा | | 2 अ |
| 3 प | रि | सी | मा | | नु |
| ली | | | कि | | क |
| द | | | र | | थ |
| | 4 घू | र् | ण | 5 मा | न |
| 6 ख | | | | शू | |
| ज | | 7 लु | ढ़ | का | ना |

## सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 5 | 4 | | |
| 5 | | | | 3 | 1 | | 2 | 8 |
| | | 2 | | | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | 3 | | 9 | |
| | 1 | | 4 | | 2 | | 5 | |
| | 3 | | 7 | 5 | | | | |
| 4 | 8 | | | | | 2 | | |
| 9 | 5 | | 2 | 6 | | | | 1 |
| | | 1 | 3 | | | | 7 | |

### सुडोकू -36 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06 .03 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज आप आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। लगातार प्रयासरत रहने और मेहनत करने की प्रवृत्ति से आपको लाभ होगा। आप अपने निजी कार्यों को बहुत समय देंगे। आप अपने घर में बोरियत महसूस करेंगे, थोड़ा तनाव हो सकता है।

**वृष** – आज का दिन परिवार में उत्सव का माहौल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। जीवनसाथी की बातें आपके ऊपर काफी असर डालेगी। व्यापार में नए संपर्क विकसित होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज आपको करियर में अच्छे मौके मिल सकते हैं। आप अपने कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धन की बचत करने का विचार बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में रोमांटिक भाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**कर्क** – आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** – आज धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार की समस्याओं को सुलझाने में सफलता मिलेगी। मनोरंजन पर आप धन खर्च कर सकते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ उठाएंगे।

**कन्या** – आज पैतृक व्यवसाय में आप काफी सक्रिय रहेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। एकाग्रचित्त होकर आपको काम करना चाहिए। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के प्रति आपकी निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन के लिए शुभ नहीं है।

**तुला** – आज के दिन पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता हैस,जिसके कारण आप भविष्य में काफी लाभ उठाएंगे। आप किसी सामाजिक और धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आयात-निर्यात संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संबंध आपको आगे बढ़ने में काफी मदद करेंगे। नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो सरकारी एजेंसियों और बैंकिंग संस्थाओं का सहयोग आपको प्राप्त हो सकता है।

**धनु** – आज आपकी निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। आपकी वाणी में मिठास बढ़ेगी। व्यक्तिगत जीवन बहुत आनंदमय रहेगा। इस महीने प्रियजन आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहुत बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** – आज का दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहने वाली है। घर की साज-सजावट में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। माता-पिता का विशेष आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कारोबार से जुड़ी यात्राओं के होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज सामाजिक कार्यों में आप बहुत सक्रिय रहने वाले हैं। निर्माण कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं में बड़ा धन लाभ हो सकता है। दूसरों के विवादों में आप मध्यस्थ हो सकते हैं। अटके हुए कानूनी मामलों पर निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है।

**मीन** – आज आपकी कार्यकुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे व प्रेरणा भी लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार आपके प्रति बेहद सहयोगात्मक और रोमांटिक हो सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी लापरवाह हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**मजाल** सुबह : 09 .55
**जो बोले सो निहाल** रात : 07 .38

&pictures
**एतराज** सुबह :10 .45
**गुडबाय** रात : 08 .00

SONY PIX
**जॉन विक** सुबह : 11 .41
**रैमपेज** रात : 09 .00

ZEE CINEMA
**बागी** सुबह : 09 .03
**महाबली** शाम : 05 .30

colors CINEPLEX
**आर...राजकुमार** सुबह : 10 .51
**हिडिंभा** रात : 07 .57

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- जरा किचन से आलू लेते आना।
पति- यहां तो कहीं आलू दिख नहीं रहे हैं।
पत्नी- तुम तो हो ही अंधे, कामचोर हो, एक काम ढंग से नहीं कर सकते, मुझे पता था कि तुम्हें नहीं मिलेंगे, इसलिए मैं पहले ही ले आई थी।
अब आदमी की कोई गलती हो तो बताओ!

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता – और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।

# रोहित जिताएंगे चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी


फाइल फोटो ● एजेंसी

- बीसीसीआई सचिव बोले- भारत की टी20 विश्वकप जीत कोच राहुल विराट, रोहित और जडेजा को समर्पित
- चैंपियंस ट्रॉफी से पहले श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलते दिखेंगे भारतीय दिग्गज

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी-20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। शाह ने वीडियो संदेश में कहा अगले चरण में डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 8 साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह हाईब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे?

रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीसी और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। शाह ने कहा टी-20 विश्व कप की इस जीत को कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को समर्पित करना चाहता हूं। यह पिछले एक साल में हमारा तीसरा फाइनल था। हम जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारे। नवंबर 2023 में हमने 10 जीत के साथ दिल जीता लेकिन खिताब नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि हम जून 2024 में दिल भी जीतेंगे और कप भी और अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे, हमारा कप्तान भारतीय ध्वज लहराएगा। भारत चैंपियंस ट्रॉफी से पहले छह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा जिसमें से तीन श्रीलंका के खिलाफ उसकी सरजमीं खेले जाएंगे जबकि फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर खेली जाएगी।

# जोकोविच प्री क्वार्टर फाइनल में, स्वियातेक हारीं

लंदन, एजेंसी

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरी तरफ स्वियातेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। स्वियातेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया। पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट रास नहीं आता है। पुतिंत्सेवा अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन और 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंका से भिड़ेंगी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया।


मैच के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते नोवाक और पोपिरिन। ● एजेंसी

पुरुष एकल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कैमरन नोरी को सीधे सेट में 6-4, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के बेन शेल्टन ने स्थगित किए गए मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को 6-7, 6-2, 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह रविवार को यानिक सिनर से भिड़ेंगे।

### जीत के साथ अल्काराज और जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में

**लंदन।** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रविवार को सेंटर कोर्ट पर उगो हम्बर्ट पर 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 की जीत से आल इंग्लैंड क्लब में क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब अल्काराज का सामना टॉमी पॉल और रोबर्टो बतिस्ता ऑगुट के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। अल्काराज ने कहा मुझे लगता है कि मैं आज अच्छा खेला और मैंने ऊंचे स्तर का खेल दिखाया।

महिलाओं के वर्ग में जैस्मीन पाओलिनी अपने पहले क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं क्योंकि चौथे दौर के तीसरे सेट में मेडिसन कीज पैर की चोट के कारण रिटायर हो गईं, तब स्कोर 5-5 था। जैस्मीन इस तरह पेशेवर युग में विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं और अब वह सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगी। जैस्मीन का सामना कोको गॉफ और एम्मा नावारो के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा।

## खेल डायरी

### कोच पर छेड़छाड़ का आरोप, केसीए से मांगा जबाव

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था। बताया गया है कि उसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत रिमांड पर लिया है। आयोग ने बताया कि केसीए ने कहा कि उन्हें इन घटनाओं की जानकारी नहीं थी। एक पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद कई अन्य लड़कियों ने भी क्रिकेट कोच के खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

### राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**कैलगरी।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को कनाडा ओपन में पुरुष एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को फ्रांस के एलेक्स लैनियर से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर मौजूद प्रियांशु 45 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लैनियर से सीधे गेम में 21-17, 21-10 से हार गए। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में अभय ने जीते दो स्वर्ण

**जोहोर (मलेशिया)।** प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए। एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में ओंग साई हुंग और सियाफिक को शिकस्त दी।

### अविनाश साबले ने राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा



**पेरिस।** ओलंपिक दल के सदस्य अविनाश साबले ने रविवार को यहां पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9.91 मिनट का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। साबले ने 8:11.20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह पेरिस में उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला।

### विनेश ने जीता ग्रां प्री ऑफ स्पेन का खिताब

**मैड्रिड।** पेरिस ओलंपिक 2024 से भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन में आयोजित ग्रैंड प्रिक्स कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग का खिताब जीत लिया हैं। विनेश ने शनिवार देर रात खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में इंडिविजुअल नेचुरल एथलीट मारिया तिउमेरेकोवा को 10-5 से हराया। शुरुआती मुकाबले में विनेश ने मौजूदा पैन अमेरिकन चैंपियन क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराकर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की थी। भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। सेमीफाइनल में कनाडा की कैटी डचक को 9-4 से शिकस्त दी थी।

# अभिषेक के शतक से जीता भारत

## जिम्बाब्वे को 100 रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की, मुकेश-आवेश को 3-3 विकेट


सिकंदर रजा का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते आवेश खान। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली 13 रन की हार से वापसी करते हुए अभिषेक के आठ छक्के और सात चौके जड़ित शतक से रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था।

इसके बाद भारत के मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की। जिम्बाब्वे के लिए सलामी बल्लेबाज वेस्ले माधेवेरे ने 43 रन, ल्यूक जोंगवे ने 33 रन और ब्रायन बेनेट ने 26 रन की पारी खेली। इनके अलावा जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जोनाथन कैंपबेल (10 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए रूतुराज गायकवाड़ (47 गेंद में नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई।

### अभिषेक ने बनाए कई रिकार्ड

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को जिम्बाब्वे के साथ दूसरे टी-20 मुकाबले लगातार तीन छक्के लगाते हुए अपना शतक पूरा करने दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही उन्होंने रिकार्डो की झड़ी लगा दी हैं। इससे पहले वर्ष 2023 में शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में अपना दोहरा शतक लगातार तीन छक्के लगाकर पूरा किया था। अभिषेक ने अपना शतक 46 गेंदों में पूरा किया, टी-20 में भारत के किसी खिलाड़ी के द्वारा संयुक्त रूप से यह तीसरा सबसे तेज शतक है। इससे मामले में 35 गेंदों में शतक लगाकर रोहित शर्मा पहले स्थान पर हैं। भारत का आज के टी-20 मैच का 234 रनों का स्कोर हरारे में यह किसी भी पुरुष टीम के द्वारा जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। अभिषेक ने आज के मैच स्पिनरों के खिलाफ कुल 65 रन बनाए। इसी के साथ स्पिनरों के खिलाफ एक ही मैच में किसी भी भारतीय द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन बनाने वालों में पहले स्थान पर हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मुकेश और आवेश ने जिम्बाब्वे के शीर्ष क्रम को आउट किया जिससे जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में अपने चार विकेट गंवा दिये थे। माधेवेरे एक छोर पर डटे थे लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे और महज औपचारिकता बची थी। माधेवेरे ने 39 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने जोंगवे के साथ आठवें विकेट के लिए 32 गेंद में 41 रन जोड़े। इसके अलावा कोई महत्वपूर्ण भागीदारी नहीं बनी। पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले स्पिनर रवि बिश्नोई ने दो और वाशिंगटन सुंदर ने एक विकेट झटका।


टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ने के बाद अभिषेक ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

**भारत** 234/2 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल का बेनेट बो मुजारबानी | 2 | 4 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का मेयर्स बो मास्काद्जा | 100 | 47 | 7/8 |
| रूतुराज गायकवाड़ नाबाद | 77 | 47 | 11/1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 48 | 22 | 2/5 |

**अतिरिक्त** : 7, **गेंदबाजी** : ब्रायन बेनेट 2-0-22-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 4-1-30-1, टेंडाई चतारा 4-0-38-0, सिंकदर रजा 3-0-34-0, ल्यूक जोंग्वे 4-0-53-0, डायन मेयर्स 1-0-28-0, वेलिंगटन मास्काद्जा 2-0-29-1

**जिम्बाब्वे** 134/10 (18.4 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इनोसेंट काइया बो मुकेश | 4 | 3 | 1/0 |
| वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई | 43 | 39 | 3/1 |
| ब्रायन बेनेट बो मुकेश | 26 | 9 | 1/3 |
| डायन मेयर्स का रिंकू बो आवेश | 0 | 1 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का जुरेल बो आवेश | 4 | 4 | 1/0 |
| जोनाथन कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर | 10 | 18 | 0/0 |
| क्लाइव मडांडे पगबाधा बो रवि बिश्नोई | 0 | 4 | 0/0 |
| वेलिंगटन मास्काद्जा रन आउट | 1 | 3 | 0/0 |
| ल्यूक जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश | 33 | 26 | 4/0 |
| ब्लेसिंग मुजारबानी का सुंदर बो आवेश | 2 | 4 | 0/0 |
| टेंडाई चतारा नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 11, **गेंदबाजी** : मुकेश 3.4-0-37-3, अभिषेक शर्मा 3-0-36-0, आवेश खान 3-0-15-3, रवि बिश्नोई 4-0-11-2, वाशिंगटन सुंदर 4-0-28-1, रियान पराग 1-0-5-0

# बारिश ने फेरा भारत की उम्मीद पर पानी

चेन्नई, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका महिला बनाम भारत मुकाबला एक पारी के बाद बारिश के चलते हुआ रद्द

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका महिला** : 177/6, 20 ओवर, लॉरा 22, बिट्स 52, बुच 40, काप 20, डर्कसन 12 नाबाद। **विकेट** : पूजा 2, दीप्ति 2, श्रेयंका पाटिल 1, राधा 1।

लगातार हो रही बारिश के कारण भारतीय महिला और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा दूसरा टी-20 मुकाबला रद्द कर दिया गया है। बारिश के कारण दूसरी पारी नहीं खेली जा सकी। इससे पहले तेजमिन ब्रिट्स (52) और अन्नेका बोश (40) रनों की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में पूजा वस्त्रकर ने लॉरा वुलफार्ट (12गेंदों में 22रन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। नौंवे ओवर में दीप्ति शर्मा ने मैरिजान कप्प (14 गेंदों में 20) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बिट्स और अन्नेका बोश की जोड़ी ने अभी 18 रन ही जोडे थे कि दीप्ती शर्मा ने तेजमिन ब्रिट्स (39 गेंदों में 52 रन) को छेत्री के हाथों स्टंप करवा दिया। क्लोई ट्राइऑन (12) और नडीन डी क्लर्क (14) रन बनाकर आउट हुई। अनरी डर्कसन 12 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 177 रन बनाये। भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकर और दीप्ती शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। राधा यादव और श्रेयंका पाटिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।


पहली पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

# उरूग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

## कोपा अमेरिका 2024

लास वेगास, एजेंसी


जीत के बाद जश्न मनाती उरूग्वे की टीम ● एजेंसी

मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए।

उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई। गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी। दूसरा सेमीफाइनल मंगलवार को अर्जेन्टीना और कनाडा के बीच खेला जाएगा।

### कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से हराया

**ग्लेनडेल (एरिजोना)।** कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। कोलंबिया बुधवार को सेमीफइनल में उरूग्वे से भिड़ेगा।

# पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

## यूरो कप 2024

डसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

इंग्लैंड ने पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

बुकायो साका की ने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा।


हेडर का प्रयास करते स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### तुर्की को हराकर नीदरलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा

**बर्लिन।** नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीदरलैंड की टीम बुधवार को डोर्टमंड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा।

# आईपीएल और टेस्ट के बीच टकराव से बचने के लिए कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो

लंदन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टेस्ट मैचों के लिए एक विशेष विंडो की जरूरत है ताकि आईपीएल जैसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग खेलने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ी व्यक्तिगत कार्यक्रम तय कर सकें और उसके अनुसार तैयारी करें।

आईपीएल के लिए अब हर साल अप्रैल और मई में एक विशेष विंडो होती है जिस दौरान बहुत ज्यादा टेस्ट मैच नहीं होते। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, कुछ देशों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अधिक आकर्षक है। उन्होंने कहा अगर मैं जाकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलूं तो मैं शायद ऑस्ट्रेलिया के लिए जितना खेलता हूं, उसके आधे या एक तिहाई मैच में बाहर रहूंगा। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट नवंबर से जनवरी तक खेला जाता है तो इस समय में हमारे बीच कोई अन्य क्रिकेट नहीं आएगा। अगर हम आईपीएल के लिए विशेष विंडो बना सकते हैं तो टेस्ट के लिए भी विंडो हो सकती है। इससे खिलाड़ियों के लिए फैसला करना काफी आसान हो जाएगा।



### किसी खिलाड़ी पर नहीं उठने चाहिए सवाल: जेसन



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने स्पष्ट किया कि वह फिटनेस से किसी भी तरह से समझौता नहीं करेंगे और यह साबित करना खिलाड़ियों की जिम्मेदारी होगी कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान पहुंचने के कुछ देर बाद ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि एक बार जब खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाता है तो फिर उसकी फिटनेस, कौशल और मानसिक रवैये को लेकर सवाल नहीं उठने चाहिए। गिलेस्पी ने कहा राष्ट्रीय टीम वह जगह नहीं है जहां आप किसी खिलाड़ी के महत्व पर सवाल उठाएं। अगर किसी खिलाड़ी के स्थान को लेकर कोई धारणा है तो उसे अपने प्रदर्शन और रवैये से इसे बदलना होगा। मेरा मंत्र है कि टेस्ट टीम में फिट, मजबूत और सशक्त होने चाहिए क्योंकि क्रिकेट में किसी भी प्रारूप में फिटनेस महत्वपूर्ण होती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### रानिल विक्रमसिंघे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे राष्ट्रपति चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे। न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यूनाइटेड नेशनल पार्टी के उपाध्यक्ष रूवान विजयवर्धने ने पुष्टि की है कि राष्ट्रपति चुनाव निश्चित रूप से होगा और 75 वर्षीय विक्रमसिंघे एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। समाचार पोर्टल ने उनके हवाले से कहा कि केवल एक नेता के पास श्रीलंका के आर्थिक संकट को हल करने का ज्ञान है और वह हैं- रानिल विक्रमसिंघे। उन्होंने अपने कार्यों से इसे साबित किया है। वहीं श्रीलंका में निर्वाचन आयोग इस महीने के अंत तक राष्ट्रपति चुनाव की तारीख का ऐलान कर देगा।

### फिल्म निर्माता जॉन लैंडोउ का 62 वर्ष की उम्र में निधन

**लॉस एंजिलिस।** प्रसिद्ध अमेरिकी फिल्म निर्माता और ऑस्कर पुरस्कार विजेता जॉन लैंडोउ का निधन हो गया। वह 63 साल के थे। लैंडोउ ने निर्देशक जेम्स कैमरन के साथ मिलकर फिल्म टाइटैनिक और अवतार सीरीज पर काम किया था। डिज्नी एंटरटेनमेंट के सहअध्यक्ष एलन बर्गमैन ने शनिवार को एक बयान जारी कर लैंडोउ के निधन की जानकारी दी। हालांकि, यह नहीं बताया कि मृत्यु किस कारण हुई।

### ब्रिटिश रेलवे का जल्द ही पुनर्राष्ट्रीयकरण करेगा

**लंदन।** ब्रिटेन की लेबर पार्टी का इरादा ब्रिटिश रेलवे का जितनी जल्दी हो सके पुनर्राष्ट्रीयकरण करने का है। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के नए परिवहन मंत्री लुईस हाई के हवाले से बताया कि लेबर पार्टी ने कथित तौर पर पांच साल के भीतर देश के रेलवे नेटवर्क को पूरी तरह से राष्ट्रीयकृत करने और एक राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी, ग्रेट ब्रिटिश रेलवे बनाने का वादा किया है जो निजी स्वामित्व वाले यात्री परिवहन अनुबंधों की समाप्ति के बाद विरासत में मिलेगी।

### पाकिस्तान-चीन सहयोग का नया युग शुरू : शहबाज

**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), संचार, खनन एवं ऊर्जा क्षेत्रों में पाकिस्तान-चीन सहयोग का एक नया युग शुरू हो गया है और इससे आर्थिक विकास होगा तथा समय की कसौटी पर खरे उतरे द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार शरीफ की यह टिप्पणी शनिवार को इस्लामाबाद में चीन की अपनी हालिया यात्रा के दौरान किए गए समझौतों और सहमति ज्ञापनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आई।

### सीरिया में बस दुर्घटना में 10 की मौत, कई घायल

**दमिश्क।** सीरिया में होम्स-दमिश्क राजमार्ग पर रविवार को एक बस दुर्घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। स्थानीय शाम एफएम रेडियो ने बताया कि मध्य सीरिया के होम्स-दमिश्क राजमार्ग पर यात्रियों को ले जा रही बस राजमार्ग के किनारे एक चौराहे पर पलट गयी थी।

# ईवी के जगह हाइब्रिड कारें बन रहीं पहली पसंद

**अमृत विचार नेटवर्क।** बढ़ती डिमांड के कारण कार निर्माता कंपनियां हाइब्रिड टेक्नोलॉजी की ओर तेजी से स्विच कर रही हैं। यह कारें इलेक्ट्रिक कारों का विकल्प साबित हो रही हैं। पिछले कुछ महीनों में हाइब्रिड कार खरीदारों के बीच नई पसंद बनकर उभरी हैं। इसमें पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर दोनों होती हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें फ्यूल की खपत कम होती है। वर्तमान में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार हाइब्रिड कारों की तुलना में कहीं अधिक है। फिर भी हाइब्रिड कारें तेजी से मार्केट को कैप्चर कर रही हैं। वर्ष 1999 में ने अमेरिका में पहली हाइब्रिड कार (एचईवी) का प्रोडक्शन किया था। आज के दौर में कार खरीदने वालों के पास एसयूवी, पिकअप जैसे हाइब्रिड वाहनों में बहुत अधिक विकल्प हैं।

### रफ्तार के हिसाब से पेट्रोल और इलेक्ट्रि मोड होते हैं चेंज

हाईब्रिड कार की बैटरी पैक को रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम या आईसीई द्वारा संचालित जनरेटर के जरिए चार्ज किया जाता है। इलेक्ट्रिक मोटर के जरिए उत्पन्न अतिरिक्त बिजली आईसीई को वाहन की एफिशिएंसी में सुधार करने में मदद करती है। इलेक्ट्रिक बैटरी कार में मौजूद लाइट को भी चार्ज करने में सहायता करती है। हाइब्रिड वाहन फ्यूल एफिशिएंट होते हैं। वे फ्यूल इंजन का इस्तेमाल तभी करते हैं, जब पहाड़ या किसी ऊंचाई वाली जगह पर चढ़ रहे हों या कार की स्पीड बढ़ रही हो। गाड़ी जब धीमी रफ्तार पर होती है तो बैटरी पर चलती है और जैसे ही स्पीड बढ़ती है कार ऑटोमेटिक पेट्रोल पर शिफ्ट हो जाती है।

### कौन सी कार खरीदें

हर व्यक्ति की अपनी जरूरत पर निर्भर करता है कि आप रोज कितना गाड़ी चलाते हैं। अगर आप रोज 50 किलोमीटर से ज्यादा ड्राइव कर रहे हैं तो लंबे समय में हाइब्रिड कार आपको सस्ती पड़ेगी। आज भारत में कई बहुराष्ट्रीय कार निर्माता कंपनियों के अलावा स्वदेशी कंपनियां हाईब्रिड कारों का निर्माण कर रहीं हैं।

### इंटर्नल सिस्टम से चार्ज होती है बैटरी

हाइब्रिड वाहन (एचईवी) एक से अधिक ईंधन के विकल्प के साथ आते हैं। पहला कार में पेट्रोल या डीजल इंजन और दूसरा इलेक्ट्रिक इंजन। यानी कार को दोनों इंजन पावर सप्लाई देते हैं। खास बात यह है कि इसमें इंटर्नल सिस्टम के जरिए ही बैटरी चार्ज हो जाती है। बैटरी को अलग से चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ती है। इसके अलावा जब गाड़ी को बैटरी ऑपरेट करती है तो उस समय फ्यूल की भी बचत होती है। लंबी दूरी तय करने वालों के लिए यह कार फ्यूल सेवर साहित हो रही हैं।

### अन्य कारों से इस तरह अलग

इलेक्ट्रिक पावर कार इंजन के चालू या बंद होने पर ईंधन बचाती है, जबकि इंजन के पास इस्तेमाल न होने पर बंद करने के लिए एक ऑटोमेटिक कमांड होती है। जब ड्राइवर थ्रॉटल पेडल दबाता है तो यह अपने आप चालू हो जाती हैं। हाइब्रिड को किसी बाहरी चार्जर में प्लग करने की जरूरत नहीं होती। हाइब्रिड कार लोगों को नॉर्मल कारों की तुलना में बेहतर ईंधन एफिशिएंसी देती हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कारें चलने के लिए एक ही सोर्स यानी इलेक्ट्रिक मोटर से पावर लेती हैं। हाइब्रिड वाहनों में नियमित कारों की तुलना में ज्यादा मशीनरी होती है।



### कुछ महत्वपूर्ण तथ्य जो आपके लिए जानना जरूरी हैं

- हाइब्रिड का पेट्रोल इंजन छोटा और हल्का होता है क्योंकि वे कार को पावर देने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार नहीं होता। कार को पावर और सपोर्ट देने के लिए एक इलेक्ट्रिक मोटर होती है।
- यह कारें इलेक्ट्रिक मोटर पर निर्भर रहती हैं। इससे कार के फ्यूल की बचत होती है। जहां नॉर्मल एसयूवी 10 से 12 किलोमीटर का माइलेज देती हैं, वहीं हाइब्रिड कार 22 से 28 किलोमीटर का माइलेज देती है।
- हाइब्रिड कारों की बैटरी को सीएनजी या सामान्य कारों की तुलना में कम रख-रखाव की जरूरत होती है इसकी बैटरी को लंबे समय तक बेहतर चलने के लिए डिजाइन किया जाता है।
- यह कारें हल्के मटेरियल से बनी होती हैं और इनका इंजन काफी छोटा और हल्का होता है। इस वजह से वाहन को चलाने के लिए कम एनर्जी की जरूरत होती है।
- हाइब्रिड कारों की रीसेल कीमत अक्सर पेट्रोल या डीजल कारों की तुलना में अधिक होती है ।
- पेट्रोल कार के मुकाबले हाइब्रिड कारों की रनिंग कॉस्ट कम होती है क्योंकि इनमें ईंधन की खपत कम होती है।

# चुनाव लड़ेंगे या मैदान छोड़ेंगे बाइडेन दो दिन में लेंगे फैसला

## यदि बाइडेन मना करते हैं तो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को करेंगे नामित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह इस बात पर शीघ्र फैसला लेंगे कि नवंबर माह में होने वाले राष्ट्रपति पद के लिए वह चुनाव लड़ेंगे या नहीं। वहीं हवाई राज्य के गवर्नर जोश ग्रीन ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि बाइडेन इस संदर्भ में दो दिन के भीतर फैसला कर लेंगे, यदि वह इस चुनाव से खुद को अलग कर लेते हैं तो वह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पद के उम्मीदवार के तौर पर नामित कर सकते हैं। हाल ही में राष्ट्रपति बाइडेन और अन्य राज्यों के गवर्नर ने एक बैठक की थी।

ग्रीन ने शनिवार को कहा कि उनका मानना है कि यदि राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनावी दौड़ से बाहर होने का फैसला करते हैं तो वह चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपने स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को नामित करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को यह लगता है कि वह वास्तव में चुनाव जीत नहीं पाएंगे तो वह दौड़ से बाहर हो जाएंगे। वह इस बात की समीक्षा कर रहे हैं। बाइडेन ने कई बार कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकाबले में बने रहेंगे। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन (81) की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।



- राष्ट्रपति व अन्य राज्यों के गवर्नर के साथ बैठक में भाग लेने वाले हवाई के गवर्नर ने दी जानकारी

### बाइडेन के साक्षात्कार के लिए रेडियो होस्ट को भेजी गई सवालों की सूची

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता को उनकी टीम से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साक्षात्कार के लिए अनुमोदित प्रश्नों की एक सूची भेज दी गई है। वर्ड की मेजबान एंड्रिया लॉफुल-सैंडर्स ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को सीएनएन को बताया प्रश्न मुझे मंजूरी के लिए भेजे गए थे, मैंने उन्हें मंजूरी दे दी... मुझे कई सवाल मिले उनमें से आठ थे और मैंने उन्हें उन्हें चार सवालों की मंजूरी दे दी।

- फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता ने आठ में से चार सवालों को दी मंजूरी

यह पुष्टि करने के लिए पूछे जाने पर कि क्या प्रश्नों की सूची व्हाइट हाउस से प्राप्त हुई थी सैंडर्स ने कहा, उसी दिन सिविकमीडिया रेडियो होस्ट अर्ल इंग्राम ने एबीसी न्यूज को बताया कि उन्हें साक्षात्कार के लिए प्रश्न भी दिए गए थे। इंग्राम ने कहा कि उन्हें अमेरिकी नेता की टीम से पांच सवालों की एक सूची मिली और उन्होंने उनमें से चार सवाल चुने।

# फ्रांस में अंतिम चरण के लिए मतदान जारी पहले में दक्षिण कट्टरपंथी पार्टी रही थी आगे

**पेरिस, एजेंसी**

- नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने की संभावना
- बहुमत न मिला तो यूरोपीय नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करनी पड़ेगी मैक्रों को

फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार को अंतिम चरण का मतदान जारी है जिसमें नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने या त्रिशंकु संसद की संभावना जताई जा रही है। फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था लेकिन यूरोपीय संघ में 9 जून को बड़ी हार मिलने के बाद राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर बड़ा जुआ खेला है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को संसदीय चुनाव में मतदान किया।

इस मध्यावधि चुनाव के परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल व परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है। चुनाव में करीब चार करोड़ 90 लाख मतदाता मतदान के लिए पंजीकृत हैं और यह चुनाव तय करेगा कि नेशनल असेंबली पर किसका नियंत्रण होगा तथा प्रधानमंत्री कौन बनेगा। अगर मैक्रों को बहुमत नहीं मिला तो उन्हें यूरोपीय संघ-समर्थक नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करने को मजबूर होना पड़ेगा। इससे पहले 30 जून को पहले चरण का चुनाव हुआ था। सर्वेक्षणों से पता चला है कि नेशनल रैली 577 सीट वाली नेशनल असेंबली में अधिक सीट जीत सकती है, लेकिन बहुमत के लिए 289 सीट संभवता नहीं जीत पाएगी।



फ्रांस में संसदीय चुनाव के दौरान वोट डालती महिला।

### नस्लवाद व यहूदी-विरोधी भावना से नेशनल रैली का संबंध


नेशनल रैली का नस्लवाद और यहूदी-विरोधी भावना से पुराना संबंध है तथा यह फ्रांस के मुस्लिम समुदाय की विरोधी मानी जाती है। अनेक फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं। वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी नेशनल रैली पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से टिकटॉक जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। नया वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है।

# मोदी आज पहुंचेंगे मॉस्को यात्रा को लेकर उत्सुक है रूस

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शनिवार को यह बात कही।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह 8 एवं 9 जुलाई को मॉस्को में रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को नई दिल्ली में इस उच्चस्तरीय यात्रा के बारे में जानकारी दी थी और कहा था कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे तथा आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। पेसकोव रूस के सरकारी टेलीविजन वीजीटीआरके के साथ साक्षात्कार में कहा कि मॉस्को में दोनों नेता अन्य कार्यक्रमों के अलावा बातचीत भी करेंगे।



### मोदी की यात्रा पर करीब से नजर रख रहा पश्चिम

**नई दिल्ली/मॉस्को।** प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि पश्चिम प्रधानमंत्री मोदी की होने वाली रूस यात्रा पर करीब से और ईर्ष्या से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संबंधों की अत्यधिक भरोसेमंद प्रकृति को देखते हुए एजेंडे में सभी मुद्दों को संबोधित करेंगे।

# हमले में 16 फिलिस्तीनियों की मौत

**दोहा, एजेंसी**

गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर और फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) स्कूल पर रविवार को इजराइली हमले में 16 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और 50 घायल हो गए।

स्पूतनिक ने मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक पत्र में कहा, कब्जे वाले बलों ने नुसीरात में यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल में एक नया नरसंहार किया, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। हमले के बाद 16 से अधिक मारे गए और 50 घायलों को शुहदा अल-अक्सा अस्पताल ले जाया गया। हमास कहा कि जब गोलाबारी हुई तो उसके सैनिक स्कूल में नहीं थे। ऐसी जगहों पर इजराइली बमबारी हो रही थी। हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया।

### इजराइल ने नुसीरात व फिलिस्तीन शिविर पर बरसाए बम



### इजराइल में नेतन्याहू के खिलाफ फिर विरोध-प्रदर्शन

तेल अवीव। गाजा में युद्ध शुरू होने के नौ महीने पूरे होने पर इजराइल के प्रदर्शनकारियों ने रविवार को देशभर में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम का आह्वान किया ताकि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने समझौते के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिस्र और हमास के अधिकारियों ने कहा कि सप्ताहांत में हमास ने युद्ध समाप्त करने के लिए इजराइल की प्रतिबद्धता की प्रमुख मांग छोड़ दी है। इससे नवंबर के बाद पहली बार लड़ाई रुक सकती है तथा आगे की वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है। पिछले साल सात अक्टूबर को सीमा पार से हुए हमले के बाद फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह द्वारा शुरू किए गए युद्ध में 1,200 लोग मारे जा चुके हैं और 250 अन्य को बंधक बनाया गया है। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल के जवाबी हवाई और जमीनी हमले में 38 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

# चुनौतियों से पार पाने में ईरान की मदद करना अगली बड़ी परीक्षा

**तेहरान, एजेंसी**

- निर्वाचित राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया

ईरान के निर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को कहा कि देश को अड़चनों, चुनौतियों और संकटों से पार पाने में मदद करना अगली बड़ी परीक्षा होगी। उन्होंने यह टिप्पणी तेहरान में इमाम खुमैनी के मकबरे पर समर्थकों के साथ बात करते हुए की। पेजेश्कियन को देश के 14वें राष्ट्रपति चुनाव में सिद्धांतवादी उम्मीदवार सईद जलीली के खिलाफ़ दूसरे दौर के मुकाबले में विजेता घोषित किया गया।

उन्होंने ईरान के लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया और उनकी चिंताओं को ध्यान से सुनने का वादा किया। उन्होंने अपने प्रशासन के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को स्वीकार किया और तनाव कम करने और कठिनाइयों से निपटने के लिए ईरानी संसद के साथ काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने अपने अभियान के वादों की प्रामाणिकता को रेखांकित किया एवं पुष्टि की कि उन्होंने जो प्रतिबद्धताएं की हैं उन्हें पूरा करने का इरादा है। पेजेश्कियन ने 16,384,403 वोटों के साथ चुनाव जीता जबकि जलीली को 13,538,179 वोट मिले। वह 2016 से 2020 तक संसद के पहले डिप्टी स्पीकर और 2001 से 2005 के बीच स्वास्थ्य मंत्री थे।



## बॉलीवुड हलचल

### जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के समारोह की तस्वीरें की साझा

**मुंबई।** मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह की कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे। उन्होंने रात में जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। बीबर (30) अपनी खास प्रस्तुति देने के बाद मियामी रवाना हो गए थे। उन्होंने शनिवार रात इंस्टाग्राम पर अपनी प्रस्तुति की कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। बीबर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर संगीत समारोह के दौरान दी शानदार प्रस्तुति और उनके साथ गाना गाते हुए लोगों की झलकियां साझा कीं। तस्वीरों में बीबर अनंत और राधिका के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।



### अक्षरा सिंह का नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अदाकारा और गायिका अक्षरा सिंह के नये गाने मोहिनी का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर आइकॉन भोजपुरी बवाल के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसमें अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत नजर आ रहे हैं। यह गाना कल 8 जुलाई को रिलीज होने वाला है। मोहिनी गाने में अक्षरा सिंह ने अपनी सिंगिंग और अदाकारी का जादू बिखेरा है। टीजर आउट होने के बाद अपने नए गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा, मुझे खुशी हो रही है कि मैं आप सबके सामने अपना नया गाना मोहिनी लेकर आ रही हूं। आप सभी को यह गाना पसंद आएगा। गाना मोहिनी का लिरिक्स विनय बिहारी ने लिखा है, जबकि गाने के संगीतकार मधुकर आनंद हैं। डी ओपी वेंकटेश महेश हैं और कोरियोग्राफर विशाल गुप्ता और सूरज हैं।



### दिलीप कुमार की डेथ एनिवर्सरी पर भावुक हुई सायरा बानो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो अपने दिवंगत पति दिलीप कुमार की पुण्यतिथि पर भावुक हो गईं। दिलीप कुमार का 7 जुलाई 2021 को निधन हो गया था। सायरा ने इमोशनल पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने कुछ प्यार भरी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। नोट में सायरा बानो ने लिखा है प्रिय यूसुफ जान चाहे कुछ भी हो, हम फिर भी हाथ में हाथ डालकर साथ चलेंगे। जब तक समय का अस्तित्व है, तब तक साथ रहेंगे। हर पल हमारे साथ का गवाह है। मैं अक्सर उस प्यार और जीवन के बारे में सोचती हूं, जो हमने साथ बिताया क्योंकि यह अभी भी हमें पूरा करता है।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए पर अगले दौर की वार्ता इसी महीने करेंगे

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के लिए भारत-ब्रिटेन वार्ता जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों में आम चुनाव के चलते 14वें दौर की वार्ता रुक गई। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष संपर्क में हैं और अगला दौर इसी महीने शुरू होगा। ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और कहा कि वह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी एफटीए को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

**सराहनीय** संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल

# भारत के सोजन जोसेफ बने ब्रिटेन में सांसद

**लंदन, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में मानसिक स्वास्थ्य नर्स सोजन जोसेफ ब्रिटेन के आम चुनाव में ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल हैं। जोसेफ 22 साल पहले केरल से ब्रिटेन आए थे।

जोसेफ (49) ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक जोर देने का वादा किया था और वह कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ माने जाने वाले दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड की केंट काउंटी के एशफोर्ड में सेंध लगाने में सफल रहे। लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जोसेफ ने एशफोर्ड निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल की। उन्होंने वरिष्ठ राजनीतिज्ञ डेमियन ग्रीन को हराया।

मूल रूप से केरल के कोट्टायम जिले के एक छोटे से गांव काइपुझा में जन्मे जोसेफ ने केंट की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में मानसिक स्वास्थ्य नर्स के रूप में काम किया है। जोसेफ ने अपने संबोधन में कहा आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं अभिभूत हूं और साथ ही मैं अपनी जिम्मेदारियों को भी जानता हूं।

उन्होंने कहा कि उन्हें एशफोर्ड और विल्सबोरो को अपना घर कहने में बहुत गर्व महसूस होता है। जोसेफ ने बेंगलुरु के बीआर आंबेडकर मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। ब्रिटेन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व में मास्टर डिग्री के लिए अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में विविधता और समावेश पर ध्यान केंद्रित किया। ब्रिटेन में 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और केअर स्टॉर्मर नए प्रधानमंत्री बने।



- केरल के रहने वाले जोसेफ 22 साल पहले ब्रिटेन पहुंचे थे